कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी 05:24 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 26 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 66, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पृथ्वी के वायुमंडल से फिर से टकराया क्षुद्रग्रह 16

विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज 15

## सपाइयों ने किया शर्मसार...



**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में सपा से प्रत्याशी पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी शुक्रवार को अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं की धक्का-मुक्की और बदसलूकी से बचने की जद्दोजहद में इतनी आहत हुईं कि दोनों हाथों से चेहरा छिपाने के बाद फफक पड़ीं और इंसानियत की दुहाई मांगती नजर आईं। यह शर्मसार करने वाली घटना इंडिया गठबंधन के जुलूस में तब हुई जब वह सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन कराने पहुंची थीं। नसीम सोलंकी अनुशासनहीन कार्यकर्ताओं की भीड़ के बीच फंस गईं। आपाधापी से असहज होकर वह रोने लगीं। परिजनों ने किसी तरह सुरक्षा घेरा बनाकर उन्हें संभाला।

● **फोटो एवं विवरण-** मनोज तिवारी


# भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय

- **एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस के 18वें सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी**
- **प्रधानमंत्री ने भारत में निवेश करने के लिए जर्मन कंपनियों को किया आमंत्रित**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए शुक्रवार को कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है। प्रधानमंत्री ने एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस के यहां आयोजित 18वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना, 'मेक इन इंडिया' तथा 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि जर्मनी ने भारत के कुशल कार्यबल में जो विश्वास व्यक्त किया है, वह अद्भुत है क्योंकि यूरोपीय राष्ट्र ने कुशल भारतीय कार्यबल के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने का निर्णय लिया है।

मोदी ने कहा कि भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है... भारत वैश्विक व्यापार तथा विनिर्माण का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, मांग और 'डेटा' के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है।



प्रधानमंत्री मोदी के साथ जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज।

### यूक्रेन, पश्चिम एशिया में संघर्ष बड़ी चिंता का विषय : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष चिंता का विषय है और भारत शांति बहाली के लिए हर संभव योगदान देने को तैयार है। उनकी टिप्पणी जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ हुई बातचीत के बाद आई, जिसमें उन्होंने भारत से यूक्रेन में लंबे समय से चल रहे संघर्ष का राजनीतिक समाधान खोजने में योगदान देने का आह्वान किया। मोदी ने जर्मन चांसलर के साथ सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के बाद कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष हम दोनों के लिए चिंता के विषय हैं। भारत का हमेशा मत रहा है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता।

## एक नजर

### हिमाचल में पीजी कर रहे डॉक्टरों को पूरा वेतन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई कर रहे चिकित्सकों को ड्यूटी पर मानते हुए पूरे वेतन का भुगतान करेगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि इससे पहले मंत्रिमंडल ने अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों के वेतन में 40 प्रतिशत की कटौती का फैसला किया था जिससे चिकित्सकों को आगे की पढ़ाई में मुश्किल होती थी।

### हमीरपुर में सड़क हादसे में सेना के जवान की मौत

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के सुजानपुर में एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से सेना के एक जवान की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले सेना के जवान की पहचान विकास कुमार (24) और घायल हुए अन्य व्यक्ति की पहचान निखिल कुमार (22) के रूप में हुई है।

### पिता के हत्यारोपी पुत्र को आजीवन कारावास

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर की अनुसूचित जाति जनजाति न्यायालय ने खौलता तेल डालकर पिता की हत्या करने के आरोपी पुत्र को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने जसवंत सिंह को उसके पिता रामसिंह की हत्या करने का दोषी मानते हुए उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है।

# पूर्वी लद्दाख में एलएसी से भारत और चीन की सेनाओं का पीछे हटना शुरू

## सेना वापसी की इस प्रक्रिया के 28-29 अक्टूबर तक पूरी हो जाने की संभावना

- **डेमचोक-डेपसांग में अस्थायी ढांचा गिराने के बाद होगी गश्त**
- **राजनयिक सहमति और सैन्य वार्ता के बाद खत्म हुआ गतिरोध**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है और यह प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुछ दिन पहले दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर समझौता हुआ था जो चार साल से अधिक समय से जारी गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टकराव वाले दोनों बिंदुओं पर गश्त शुरू होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सैनिकों को हटाकर अस्थायी ढांचों को नष्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि अंततः गश्त का स्तर अप्रैल 2020 से पहले के स्तर पर पहुंच सकता है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि समझौता रूपरेखा पर पहली बार राजनयिक स्तर पर सहमति बनी थी और फिर सैन्य स्तर की वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि कोर कमांडर स्तर की बातचीत में समझौते के महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम हुआ। दोनों पक्षों के बीच समझौतों का पालन करते हुए भारतीय सैनिकों ने इन क्षेत्रों से साजो-सामान वापस लाना शुरू कर दिया है।



पूर्वी लद्दाख से निकलतीं सेना की गाड़ियां।

### जून 2020 में गलवान घाटी में हुआ था संघर्ष

जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच भीषण संघर्ष के बाद संबंधों में तनाव आ गया था। यह पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में कहा था कि पिछले कुछ सप्ताह में हुई बातचीत के बाद समझौते को अंतिम रूप दिया गया और इससे 2020 में सामने आए मुद्दों का समाधान निकलेगा।

### संबंधों के सामान्य होने का प्रशस्त होगा मार्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी द्विपक्षीय बातचीत में पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर हुए समझौते का समर्थन किया था। पूर्वी लद्दाख के विवाद को लेकर भारत के सतत रुख का जिक्र करते हुए मिस्री ने द्विपक्षीय बैठक के बाद कजान में कहा था कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन चैन बहाल होने से द्विपक्षीय संबंधों के सामान्य होने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बैठक 2020 में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में उत्पन्न हुए मुद्दों के समाधान और सैन्य वापसी तथा गश्त समझौते के बाद हुई है।

# डीएम-कमिश्नर के एसीआर में दर्ज होंगे निवेश लाने के प्रयास

## एसीआर में प्रदेश की बेहतरी को आधार बनाने वाला पहला राज्य बना उप्र

- **जिले में निवेश आने और सीडी रेशियो बढ़ने की बनेगी रिपोर्ट, नई व्यवस्था जल्द लागू होगी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। ताजा फैसले के अनुसार जिलाधिकारी (डीएम) और मंडलायुक्त (कमिश्नर) की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में उनके कार्यक्षेत्र में हुए निवेश और लोन संबंधी प्रगति का उल्लेख अब अनिवार्य होगा। इसके आधार पर अधिकारियों को ग्रेडिंग दी जाएगी, जिससे उनकी परफॉर्मेंस का निष्पक्ष मूल्यांकन हो सके। इस व्यवस्था को लागू करने वाला उप्र. देश का पहला राज्य होगा।

लोकभवन में शुक्रवार को इस निर्णय की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि अब डीएम और कमिश्नर को अपने क्षेत्र में निवेश लाने के प्रयासों की रिपोर्ट बनानी होगी। इसमें निवेशकों की सुरक्षा, सुविधाएं और सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए किए गए प्रयासों का भी मूल्यांकन होगा, जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्यमियों के लिए समयबद्ध तरीके से लैंड अलॉटमेंट, लैंड सब्सिडी, लैंड यूज चेंज, लैंड क्लियरेंस समेत लैंड बैंक को तैयार कर उसकी मॉनीटरिंग और रेगुलर अपडेशन किए जाने का भी मूल्यांकन किया जाएगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि जिलों में निवेश लाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए अधिकारी अपनी भूमिका को जिम्मेदारी से निभाएं।

### निवेश लाने वाले डीएम को मिलेगा विशेष सम्मान

मुख्य सचिव ने बताया कि जिन जिलों के डीएम बेहतर प्रदर्शन करेंगे, अधिक निवेश आकर्षित करेंगे, उन्हें उच्च ग्रेडिंग और विशेष सम्मान दिया जाएगा। इससे अधिकारियों के बीच प्रतिस्पर्धा और जिम्मेदारी बढ़ेगी। जिलों में निवेश बढ़ाने के प्रयास में डीएम और कमिश्नर की जवाबदेही को ध्यान में रखते हुए उनके कार्यकाल के दौरान उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। यह नई व्यवस्था आने वाले दो-तीन हफ्तों में लागू कर दी जाएगी।

### कम सीडी रेशियो वाले जिलों पर विशेष ध्यान

मुख्य सचिव ने बताया कि क्रमशः संभल, अमरोहा, बदायूं, रामपुर, कासगंज, एटा और मुरादाबाद का सीडी रेशियो सर्वाधिक है। वहीं उन्नाव, बलरामपुर, श्रावस्ती जैसे जिलों का कम है। ऐसे जिलों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने और सीडी रेशियो सुधारने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी। डीएम और कमिश्नर को हर साल अप्रैल में जिले का सीडी रेशियो बताया जाएगा, ताकि वे निवेश को बढ़ाने के प्रयास कर सकें।

### कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के प्रयास

मुख्य सचिव के अनुसार, उप्र. का क्रेडिट डिपॉजिट (सीडी) रेशियो वर्ष 2017 में 47 प्रतिशत था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर्ज करते हुए 60.32 प्रतिशत का आंकड़ा छू लिया है। सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक 65 प्रतिशत के सीडी रेशियो के लक्ष्य तय करके आगे बढ़ रही है। इस रेशियो का बढ़ना राज्य में आर्थिक स्थिरता व निवेश के लिए अनुकूल वातावरण का संकेत है।

# अगरबत्ती फैक्ट्री के दो मजदूरों की मौत

## मच्छरमार अगरबत्ती बनाते बिगड़ी थी चार महिलाओं की हालत

- **दो ने दम तोड़ा, दो अन्य कानपुर के अस्पताल में भर्ती**
- **जिलाधिकारी-एसपी पहुंचे घर फैक्ट्री मालिक फरार**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार :** मच्छरमार अगरबत्ती फैक्ट्री में काम के दौरान गुरुवार शाम चार महिलाओं की हालत बिगड़ गई और दो की मौत हो गई। दो अन्य को गंभीर हालत में कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मालिक फैक्ट्री बंद कर फरार हो गया।

जिलाधिकारी, एसपी ने फैक्ट्री व मृतकों के घर पहुंच कर घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस ने फैक्ट्री की जांच शुरू करा दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव चौकी मुस्तफाबाद में मच्छरमार अगरबत्ती बनाने की फैक्ट्री है। इसमें 50 से 60 मजदूर काम करते हैं। गुरुवार शाम मोहल्ला गदनपुर बड्डू की कई महिलाएं फैक्ट्री में काम कर रही थीं। शाम के समय इनमें से गौरी (22), प्रिया (23), दिव्या (23) व प्रीति की हालत खराब हो गई। सभी किसी तरह घर तो पहुंच गईं पर हालत गंभीर होती गई। इसके बाद चारों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से गौरी की कानपुर ले जाते समय जबकि प्रिया की घर में मौत हो गई। प्रीति व दिव्या को गंभीर हालत में परिजन कानपुर लेकर चले गए। वहां निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी पर मालिक आशू अग्निहोत्री फैक्ट्री में ताला डालकर फरार हो गया। शुक्रवार सुबह जानकारी पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनन्द व सीओ सदर कमलेश कुमार पहले फैक्ट्री पहुंचे और इसके बाद मृतकों के परिजनों से मिलने गदनपुर बड्डू पहुंचे। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसपी ने बताया कि फैक्ट्री मालिक की तलाश की जा रही है।

# बारामूला आतंकी हमले में एक और जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग इलाके में गुरुवार रात को हुए आतंकी हमले से एक और जवान शहीद हो गया है। आतंकियों ने नागिन इलाके में एलओसी के पास सेना की गाड़ी पर घात लगाकर हमला किया था। इसमें गुरुवार को 2 जवान शहीद और 2 पोर्टर की मौत हुई थी। एक घायल हुए जवान को श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, लेकिन शुक्रवार सुबह उसने भी दम तोड़ दिया। गुरुवार को शहीद हुए जवानों की पहचान राइफलमैन कैसर अहमद शाह और राइफलमैन जीवन सिंह के रूप में हुई है। शुक्रवार को शहीद हुए तीसरे जवान के बारे में डिटेल सामने नहीं आई है। उधर, आतंकियों की तलाश में इलाके को सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शुक्रवार को व्यापक तलाश अभियान शुरू किया गया, जिसमें ड्रोन और हेलीकॉप्टरों का भी इस्तेमाल किया गया।

- **आतंकियों की तलाश में हेलीकॉप्टर और ड्रोन भी लगाए**

# 102 करोड़ रुपये के घोटाले में दो बैंक महाप्रबंधक किए गए निलंबित

- **घोटाले की रकम से बना होटल रायल गैलेक्सी सील, इस मामले में 9 लोग गिरफ्तार कर भेजे जा चुके जेल**

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक में 102 करोड़ रुपये के घोटाले में शुक्रवार को बैंक के तत्कालीन दो महाप्रबंधकों को निलंबित कर दिया गया। घोटाले की रकम से बनाए गए होटल रायल गैलेक्सी को भी सील कर दिया गया। आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता ने डीजीपी को पत्र लिखकर घोटाले में संलिप्त अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। इस मामले में 9 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

जिला सहकारी बैंक में 25 करोड़ रुपये के घोटाले की बात सामने आई थी। सूत्रों के मुताबिक अब तक की जांच में घोटाला 102 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। जिला सहकारी बैंक के उप महाप्रबंधक उमेश कुमार एवं वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राजीव त्रिपाठी की तहरीर पर 10 लोगों के खिलाफ 24 करोड़ 90 लाख रुपये के गबन/अपहरण के संबंध में थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमे में धारा 406/34/120बी बढ़ाई गई है। शुक्रवार को नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा ने प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के साथ आगरा रोड स्थित होटल रायल गैलेक्सी को सील कर दिया। इस बीच आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता उत्तर प्रदेश बीएन सिंह ने मामले में बैंक के दो महाप्रबंधकों कुलदीप सिंह यादव और दीपक गुप्ता को निलंबित कर दिया। यह घोटाला वर्ष 2016 से 2023 के बीच हुए लेन-देन की ऑडिट के दौरान पकड़ा गया।

# 25 से अधिक विमानों को फिर बम की धमकी

- **12 दिन में 275 उड़ानों को दी गई धमकी**

**नई दिल्ली/मुंबई।** भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 25 से अधिक घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इंडिगो के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि कोझिकोड से दम्मम जाने वाली उड़ान समेत सात उड़ानों को सुरक्षा से संबंधित सूचना मिली। सूत्रों ने कहा कि इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट की सात-सात जबकि एयर इंडिया की छह उड़ानों को धमकियां मिलीं। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा एजेंसी के दिशानिर्देशों का पालन किया गया। 12 दिन के दौरान 275 से अधिक उड़ानों को बम होने की धमकी मिली है।

# हिमाचल में बनीं 23 दवाओं के नमूने फेल

- **कैंसर, हार्ट और शुगर के इलाज में होती हैं इस्तेमाल**
- **ड्रग कंट्रोलर ने स्टॉक वापस मंगवाने के निर्देश दिए**

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में बनीं हार्ट अटैक, ब्लड शुगर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली कुल 23 दवाएं मानक पर खरी नहीं उतरीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और स्टेट ड्रग कंट्रोलर की ओर से दवाओं के नमूने लिए गए थे। ड्रग कंट्रोलर ने स्टॉक को वापस मंगवाने के निर्देश संबंधित दवा कंपनियों को दिए हैं। देशभर में कुल 67 दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं।

सीडीएससीओ के लिए गए 49 में 20 और ड्रग कंट्रोलर के 18 में से 3 दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं। 23 में से 12 सोलन, 10 सिरमौर और एक दवा कांगड़ा में बनी हैं। दवाएं मानक पर सही न मिलने पर ड्रग कंट्रोलर ने कंपनियों को दवाओं का स्टॉक वापस मंगवाने के साथ ही लाइसेंस भी रद कर दिए हैं।



# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई पर 10 लाख का इनाम

- **एनआईए को है अनमोल बिश्नोई की तलाश**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जेल में बंद कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के बारे में सूचना देकर उसे गिरफ्तार कराने पर 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार, गत अप्रैल महीने में अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित आवास के बाहर गोलीबारी की घटना में कथित संलिप्तता के सिलसिले में एनआईए को अनमोल बिश्नोई की तलाश है।

# संगीत की धुन पर होगी आतिशबाजी, थिरकेंगे पटाखे

**दीपोत्सव-2024**

## राम की पैड़ी पर होगा भव्य ग्रीन आतिशबाजी शो, पांच किलोमीटर दूर से दिखेगा नजारा

- **600 फीट ऊपर तक होगी आतिशबाजी, 1500 मीटर के स्ट्रेच पर क्रैकर्स शो का आयोजन**

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** 14 वर्षों के वनवास के बाद श्रीराम के अयोध्या आगमन की खुशियों में इस बार अयोध्या नगरी दीपोत्सव 2024 के भव्य आयोजन के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 30 अक्टूबर को होने वाले इस दीपोत्सव में विशेष रूप से पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो का आयोजन किया जाएगा। राम की पैड़ी पर आसमान में 600 फीट तक की ऊंचाई पर आतिशबाजी से सरयू नदी का आकाश जगमगाएगा। आतिशबाजी शो में पर्यटन विभाग द्वारा चुनी गई एक विशेष एजेंसी द्वारा पुराने सरयू पुल पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सिस कम्युनिकेशन के प्रमुख संजय सिंह ने बताया कि 30 अक्टूबर की शाम पुराने सरयू पुल पर आतिशबाजी, लेजर शो, फ्लेम शो और संगीत के संगम से भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी होगी। जो पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए 120 से 600 फीट की ऊंचाई तक आसमान में बिखेरेगी। इस मनोहारी दृश्य को चार से पांच किलोमीटर के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग देख सकेंगे। यह आतिशबाजी सरयू नदी की शांत लहरों पर चमकदार परछाइयों के साथ अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगी। दीपोत्सव 2024 का आयोजन राम की पैड़ी पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस बार 28 लाख दीप जलाए जाएंगे।



### 10 मिनट तक होती रहेगी आतिशबाजी

इस ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो में संगीत और आधुनिक तकनीकों का सुंदर मिश्रण होगा। संजय सिंह ने दावा किया कि इस शो को संगीत की धुन पर तैयार किया गया है। जो अयोध्या के दीपोत्सव को नए आयाम पर ले जाएगा। करीब 1500 मीटर लंबे क्षेत्र में फैले इस शो की अवधि लगभग 10 मिनट होगी। प्रदूषण मुक्त आतिशबाजी के साथ-साथ लेजर और फ्लेम शो की चमक अयोध्या के दीपोत्सव को और भव्य बना देगी। पारंपरिक और आधुनिक तत्वों के संयोजन से तैयार किया गया यह शो उन सभी के लिए एक नया अनुभव होगा, जो इसे देखने आएंगे। आयोजन को भव्य बनाने के लिए 30 से अधिक प्रशिक्षित पेशेवरों की टीम दिन-रात कड़ी मेहनत कर रही है।

## एक नजर

### पुलिस से शिकायत करने पर सिर फोड़ा

**कल्याणपुर।** रावतपुर के मथुरा नगर निवासी अभिषेक सिंह मुताबिक गुरुवार रात उनका अपने चाचा से घरेलू बातों को लेकर विवाद हो गया था। जिसकी तहरीर रावतपुर थाने में देकर वह मां के साथ घर लौट रहे थे। आरोप है कि चाचा जयवीर सिंह, प्रियांशु सिह व आरजू ने गाली गलौज करते हुए उन पर हमला बोल दिया। डंडा मारकर उनका सिर फोड़ दिया। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

**कानपुर।** इंदिरा नगर बुद्ध पार्क चौराहे के पास आरएस मार्केट में सुनीत कुमार वर्मा की ममता इलेक्ट्रिकल में 24 अक्टूबर की रात चोरी हो गई। चोर दुकान के चार ताले तोड़कर लगभग 60,000 का सामान चुरा ले गए। गोलक में रखा 1200 कैश भी चोर चुरा कर ले गए। दुकान में लगे सीसीटीवी के डीवीआर से चोरों ने रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी। डायल 112 पर सूचना दी गई तो चौकी इंचार्ज इंदिरा नगर अरुण कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की।

# मेरे पिता जी पुलिस में हैं, तुम्हें देख लेंगे...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उल्टी दिशा में आई कार ने स्कूटी में टक्कर मारी
- विरोध करने पर कार सवारों ने धमकाया, रिपोर्ट

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में रईसजादों ने अपनी मां को स्कूटी से हॉस्पिटल ले जा रहे बेटे की स्कूटी में टक्कर मार दी। आरोप है कि कार चालक उल्टी दिशा में था। हादसे में मां व बेटा घायल हो गए। पीड़ितों ने विरोध किया तो आरोपी बोले गाड़ी में पुलिस का लोगो लगा है, दिख नहीं रहा है, पिता जी पुलिस में हैं। हम तुम्हें देख लेगें। गालीगलौज करते हुए डंडे से पीटा। धमकी दी कि हमारे क्षेत्र में दिखे तो जान से मार देंगे। फोन भी छीन लिया।

नवाबगंज के उजियारी देवी मंदिर के पास के निवासी शुशांक चतुर्वेदी ने दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया कि 17 अक्टूबर को शाम करीब 4:45 पर घर से बीमार मां सुशीला को स्कूटी से रीजेंसी हॉस्पिटल ले जा रहे थे। गोपाला पेट्रोल पंप से पहले ठंडी पुलिया मोड़ के नजदीक पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आर रही स्विफ्ट डिजायर कार चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे वह और मां सड़क पर गिर गईं। पीड़ित शुशांक का कहना था कि कार चालक ने कहा देख नहीं रहे हो कि कार में पुलिस लोगो लगा है, पिता जी पुलिस में हैं। हम तुम्हें देख लेगें। अपना नाम करन सिंह बताते हुए कार से डंडा निकाल कर मारना शुरू कर दिया।

मां ने आरोपियों के हाथ जोड़कर विनती की। करन सिंह व उसके साथी फोन छीन ले गए। मां ने अपने फोन से पिता को घटना की जानकारी दी। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर करन सिंह व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नवजात को 50 फीट से फेंका, 50 चोटें पर बची जान

**जाको राखे साइयां**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हमीरपुर के कसौदा पुल से नवजात बच्चे को फेंक गए थे माता-पिता
- पुल से फेंकने पर झाड़ियों में फंस गया था, फिर भी नहीं हारी जंग
- हैलट में इलाज के बाद स्वस्थ होने पर बाल कल्याण समिति को सौंपा



बच्चे को बाल कल्याण समिति को सौंपते हैलट के बाल रोग अस्पताल के डॉक्टर व सिस्टर स्टाफ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जाको रखे साइयां, मार सके न कोई यह कहावत दो माह के बच्चे पर बिल्कुल सटीक बैठती है, जिसको हैलट के बाल रोग अस्पताल में कृष्णा नाम दिया गया है। बच्चे को 50 फीट ऊंचे पुल से नीचे फेंका गया था, लेकिन वह झाड़ियों में फंस गया और उसके शरीर पर 50 से अधिक चोटे आईं। किसी जानवर का शिकार भी बना, लेकिन उसने सांसें नहीं तोड़ीं। हैलट में उसका इलाज किया गया। शुक्रवार को हंसता-मुस्कुराता कृष्णा हैलट को छोड़कर हमीरपुर बाल कल्याण समिति के पास चला गया।

हमीरपुर के कस्बा खेड़ा पुल से 29 अगस्त को किसी ने नवजात बच्चे को कपड़े में लपेटकर पुल से नीचे फेंक दिया था। वह झाड़ियों में फंस गया था। उसके शरीर पर 50 से अधिक चोटें आईं थीं। किसी जानवर ने भी उसे काटा था। जिसकी वजह से बच्चे की दाईं जांघ खून से लथपथ हो गई थी। उसी दौरान उधरसे गुजरे हमीरपुर के राठ थाने में तैनात पुलिस कर्मियों ने बच्चे की रोने की आवाज सुनी तो उसे झाड़ियों से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी स्थिति में सुधार नहीं आने पर 31 अगस्त को डॉक्टरों ने बच्चे को हैलट के लिए रेफर किया। हैलट बाल रोग अस्पताल में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.अमितेश यादव ने बच्चे को भर्ती किया और एनआईसीयू में शिफ्ट किया। धीरे-धीरे हालत में सुधार आने पर बच्चे को डॉक्टरों ने एनआईसीयू से बाहर निकाला और वार्ड में भर्ती किया, जहां पर बाल रोग अस्पताल के सीएमस डॉ.विनय कटियार, सिस्टर इंचार्ज राज कुमारी व पूरे स्टाफ ने मिलकर बच्चे की देखभाल अपने बच्चे की तरह की। पूरी तरह ठीक होने पर शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन ने बच्चे को हमीरपुर बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया।

**डॉ.अरुण कुमार आर्या ने नाम रखा कृष्णा**

बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ .अरुण कुमार आर्या ने बताया कि जिस तरह श्रीकृष्ण के जन्म के बाद उनकी जान बचाने व पालन पोषण के लिए काफी कठिनाइयों का सामना कर वासुदेव उन्हें मथुरा छोड़ आए थे। उसी तरह पुलिस वाले भी बच्चे की जान बचाने के लिए हैलट लाए। श्रीकृष्ण की तरह बच्चे ने भी जीने की आस नहीं छोड़ी और उसी का नतीजा है कि आज वह स्वस्थ है। इसलिए बच्चे का नाम कृष्णा रखा गया है।





मदरसा जामे उलूम पटकापुर में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अधिवेशन में मौजूद वक्ता और उन्हें सुनने उमड़ी भीड़। अमृत विचार

# वक्फ संपत्तियों पर सरकार की नीयत खराब

○ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अधिवेशन में लगाया आरोप ○ सेक्युलर ताकतों के साथ मिलकर संघर्ष करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोप, सरकार वक्फ एक्ट को कमजोर करना चाहती

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का आरोप है कि वक्फ संशोधन बिल की आड़ में सरकार की नीयत ठीक नहीं है। मुसलमानों को अपनी कीमती वक्फ जायदादों को बचाना होगा। मदरसा जामे उलूम पटकापुर में शुक्रवार को आयोजित बोर्ड के अधिवेशन में कहा गया कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विपक्षी दलों का साथ मिल रहा है, कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी साथ आए हैं। लेकिन हमें अपनी लड़ाई सेक्युलर ताकतों के साथ मिलकर खुद लड़नी होगी।

अधिवेशन में बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी ने मुसलमानों को आगाह किया कि वक्फ संशोधन बिल के जरिए सरकार वक्फ एक्ट 1995 को कमजोर करके सेंट्रल वक्फ काउंसिल और वक्फ बोर्ड को सीधे अपने हाथ में लेकर वक्फ जायदादों पर कब्जे का रास्ता साफ कर रही है।

सेक्युलर देशवासियों का साथ लेकर मुसलमानों को इस बिल के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगा। महासचिव मौलाना मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दी ने कहा कि मुसलमानों ने हर दौर में मस्जिदों, ईदगाहों, कब्रिस्तान, दर्सगाहों और मदरसों के लिए बतौर सदका अपनी निजी संपत्ति को वक्फ किया है। तमाम लोगों ने समाज सुधार, अच्छाई को बढ़ावा देने के लिए भी अपनी जायदाद वक्फ की है। वक्फ की जायदाद से मुसलमान ही नहीं बल्कि गैर मुस्लिम भी लाभ उठाते हैं।

अधिवेशन में मिल्लत के उलेमा, मस्जिदों के इमाम और बुद्धिजीवियों के अलावा असपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग आए थे। मदरसा जामे उलूम के प्रमुख मोहिउद्दीन ताज खुससुर ने शुक्रिया अदा किया। मौलाना रशीद फिरंगी महली, सैयद हबीब अहमद बांदवी, सैयद जाफर मसूद हसनी नदवी, मौलाना अब्दुल्लाह ओसामा ने विचार रखे।

**जेपीसी रिपोर्ट नहीं मान रही सरकार**

पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष से शहर काजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुदूदूस हादी ने मुलाकात करने के बाद बताया कि बिल पर गठित जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) की रिपोर्ट को केंद्र सरकार मानने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में बोर्ड ने फैसला लिया है कि बिल के विरोध में लोगों को जागरूक करेंगे।

**दिल्ली में 3 नवंबर को होगा अधिवेशन**

पर्सनल लॉ बोर्ड के जिम्मेदारों ने बताया कि 3 नवंबर को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में विभिन्न मुद्दों पर बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें जमीअत उलमा हिंद के मौलाना अरशद मदनी के अलावा देश भर के बुद्धिजीवी शिरकत करेंगे।

# प्रेम विवाह के सात माह बाद ही फांसी लगा ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 22 अप्रैल को हुई थी शादी प्रताड़ना का लगाया था आरोप
- मायके पक्ष का आरोप, हत्या करने के बाद फंदे पर लटकाया

**अमृत विचार।** प्रेम विवाह के बाद सात जन्मों तक साथ निभाने का वादा करने वाला रिश्ता महज सात महीने में ही खत्म हो गया। पत्नी का शव शुक्रवार को फांसी के फंदे पर लटकता मिला। कमरे में बाहर से ताला बंद था। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के छह दिन के बाद से ससुराली दहेज में 10 लाख रुपये मांग रहे थे। बेटी को प्रताड़ित करते थे। पति और सास ने मिलकर बेटी की हत्या कर फांसी का रूप दे दिया। अगर कोई फांसी लगाता तो दरवाजा अंदर से बंद होता लेकिन यहां बाहर से ताला डाला गया था।



शिप्रा तिवारी।

आवास विकास निवासी नंद किशोर तिवारी ने बताया कि 22 वर्षीय पुत्री शिप्रा तिवारी का विवाह उन्होंने 22 अप्रैल को कश्यप नगर निवासी कम्प्यूटर कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षक आलोक से किया था। मां मधु और पिता नंद किशोर ने बताया कि कम्प्यूटर कोचिंग पढ़ाने के दौरान दोनों में प्रेम हो गया। इसके बाद उन्होंने शादी की थी। आरोप है कि शादी के छह दिन बाद से दामाद आलोक ने कम्प्यूटर इंस्टीटयूट खोलने के लिए 10 लाख रुपये की डिमांड शुरू कर दी। उन लोगों ने जोड़-गांठ कर जुलाई 2024 में 50 हजार रुपये दिए। बेटी बीए थर्ड ईयर कर रही थी लेकिन पति और सास ने फीस देने से मना कर दिया। इस पर उन लोगों ने रुपये दिए। ससुरालीजन कहीं भी बाहर जाते थे तो बेटी को ताले में बंद करके जाते थे। मां का कहना था कि गुरुवार सुबह 10 बजे बेटी को फोन मिलाया तो उसने नहीं उठाया। दामाद ने भी फोन नहीं उठाया। वह लोग ससुराल पहुंचे तो बेटी के कमरे में बाहर से ताला बंद था। इस पर पुलिस को सूचना दे दी। कल्याणपुर पुलिस पहुंची और दरवाजा खुलवाया तो अंदर बेटी का शव लटकता मिला। कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

# पीएनजी लाइन टूटने से गैस रिसी हड़कंप मचा

**कानपुर।** काकादेव थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयनगर इलाके में लापरवाही से की जा रही खुदाई के कारण जेसीबी से पीएनजी लाइन फट गई। जिससे तेज आवाज के साथ गैस रिसाव होने लगा। पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच किया। दहशत में आए लोग जान बचाकर घरों से बाहर की तरफ भागे। दमकल कर्मियों ने पुलिस की मदद से प्रेशर से निकल रही गैस पर पानी डालकर खतरा कम किया। दो घंटे तक 300 घरों की आपूर्ति बाधित रही।

विजय नगर में प्लॉट नंबर 4 पर भीम सिंह का हाता है। यहां के रहने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब 12 बजे पाइप लाइन के लिए खुदाई का काम जेसीबी से चल रहा था। इस दौरान पीएनजी लाइन टूट गई। तेज धमाके के साथ प्रेशर से गैस निकलने लगी। घटनास्थल से लेकर आसपास हड़कंप मच गया। सैकड़ों लोग घरों से निकलकर सड़क पर आ गए और जेसीबी चालक को खरी खोटी सुनाने लगे। कुछ देर में 3 दमकल गाड़ी और काकादेव, फजलगंज, नजीराबाद, अरमापुर थाना पुलिस पहुंची और इकठ्ठा लोगों को वहां से हटाया। इसके बाद गैस को पानी डालकर कम किया गया।

# मोबाइल-चूड़ी दुकान और घर से चोरी



कानपुर। जाजमऊ वाजिदपुर में महिला की अलमारी से लाखों रुपये के जेवर चोरी हो गए। वहीं नौबस्ता में मोबाइल शॉप में सेंधमारी करके लाखों रुपये कीमत के मोबाइल पार कर दिए गए। अनवरगंज में चूड़ी की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी चोरी कर ली। पीड़ितों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जाजमऊ में अलमारी से लाखों के जेवर चोरी

- वाजिदपुर जाजमऊ निवासिनी वंदना ने बताया कि 12 अक्टूबर को वह अपने पुत्र का जन्मदिन मनाने के लिए जेठानी के घर गई थीं। छोटी बहन सरिता सुवदीनपुरवा गई थी। वहां से 14 अक्टूबर को दोनों घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला अपनी चाबी से नहीं खुला। फिर ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। 20 अक्टूबर को करवाचौथ के दिन जब अलमारी खोली तो उससे लाखों के जेवर गायब थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मोबाइल शॉप में सेंधमारी कर माल पार किया

- सागरपुरी निवासी अमित गुप्ता की नौबस्ता हमीरपुर रोड पर बसंत विहार में बउवा टेलीकॉम के नाम से मोबाइल की दुकान है। अमित ने बताया कि गुरुवार रात करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर गए थे। शुक्रवार सुबह दुकान पहुंचे तो सामान अस्त व्यस्त था। पीछे की दीवार में सेंध लगी थी। कीमती मोबाइल व नगदी सहित 2 लाख का माल गायब था। नौबस्ता इंस्पेक्टर ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

### चूड़ी की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

- अनवरगंज थानाक्षेत्र के फूलवाली गली निवासी मो उमर उर्फ बब्लू ने बताया कि उनकी चूड़ी की दुकान है। रोज की तरह बुधवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसके बाद जब गुरुवार सुबह पहुंचे तो चोरी का पता चला। दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली गई। पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी चेक किए। अनवरगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सर्राफ पर हमले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में सर्राफा कारोबारी पर जानलेवा हमला के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे टायर कारोबारी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आवास विकास एक निवासी राममहेश की नया शिवली रोड तिराहा के पास ज्वेलर्स शॉप है। आरोप है कि गत चार अक्टूबर की रात रमेश दुकान बंद कर जा रहे थे। तभी बगल के टायर कारोबारी अमरपाल व उनके बेटे विपिन पाल से राममेहश का दुकान के सामने समान रखने को लेकर विवाद हो गया। जिसपर अमरपाल व उनके बेटे विपिन ने सिर पर लोहे की रॉड मारकर राम महेश को लहूलुहान कर दिया था।

# टैंकर व लोडर की टक्कर से दो बुजुर्गों की मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर और पनकी थानाक्षेत्रों में अलग-अलग हादसों में दो बुजुर्गों की जान चली गई। एक को घर जाते समय तेज रफ्तार लोडर ने पीछे से टक्कर मारी तो वहीं दूसरे हादसे में रोड पार करने में टैंकर ने अपनी चपेट में ले लिया।

गोविंद नगर थानाक्षेत्र के बर्रा दो निवासी 62 वर्षीय सरोज कुमार पांडेय दादा नगर फैक्ट्री में काम करते थे। दामाद विवेक तिवारी ने बताया कि रोज की तरह शाम सात बजे फैक्ट्री से निकलने के बाद साइकिल से घर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार लोडर पीछे से टक्कर मारते हुए भाग निकला। इससे उनकी जान चली गई। हादसे के बाद कुछ लोगों ने चालक को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भाग निकला। बाद में गोविंद नगर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लोडर को कब्जे में ले लिया।

इसी प्रकार कानपुर देहात के थाना मूसानगर के ग्राम डोबा निवासी 65 वर्षीय सुभाष सिंह खेती किसानी करते थे। बहनोई विजयप्रकाश ने बताया कि गुरुवार शाम वह अपने बहनोई के घर पनकी थानाक्षेत्र में गैस प्लांट के पास आए थे। यहां से वह घर जाने के लिए रोड क्रॉस कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार टैंकर ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# बैरिक में सिपाही को सांप ने काटा

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड में जीआरपी बैरिक में सिपाही को सांप ने काट लिया। उसे तत्काल केपीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार को जीआरपी सिपाही आशीष तिवारी दोपहर करीब 2 बजे ड्यूटी पर जाने के लिए बैरिक में तैयार हो रहे थे, तभी वहां कोने में बैठे सांप ने उनके पैर में काट लिया।

जानकारी होने पर साथी सिपाही अवधेश शुक्ला उन्हें केपीएम हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां के डॉक्टर का कहना है कि सिपाही समय से पहुंच गया जिससे अब वह खतरे से बाहर है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र श्याम सिंह व उसकी पत्नी मीना उर्फ पिंकी देवी के गलत आचरणों से दुखी होकर दोनों से सभी प्रकार के संबंधो का विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्तियां से भी बेदखल कर दिया है अब वह दोनों अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे उन दोनों से अब हमारा कोई सरोकार नहीं होगा। **श्री कृष्ण पाल सिंह पुत्र प्रयाग दत्त पुष्पा देवी पत्नी श्री कृष्ण पाल सिंह, निवासी– ग्राम– उमरायपुर्वा, थाना– तिर्वा, हाल निवास– डाक बंगला रोड़, सरायमीरा, कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम पहले बाबू लाल तिवारी था। जिसे बदलकर लाल बाबू तिवारी रख लिया है। बाबू लाल और लाल बाबू दोनों एक ही व्यक्ति हैं। भविष्य में मुझे लाल बाबू तिवारी के नाम से जाना जाए। **लाल बाबू तिवारी पुत्र हरि मोहन तिवारी निवासी 4/338 सुभाष नगर शुक्लागंज गंगाघाट उन्नाव**

**सूचना**

मैं, **मोहम्मद अहमद पुत्र आफताब आलम निवासी–म0नं0–653, फेथफुलगंज रेलबाजार थाना रेलबाजार, कानपुर नगर** अपनी पत्नी श्रीमती अरीबा शाहिद पुत्री शाहिद अख्तर निवासिनी–म0नं0–81 फेथफुलगंज थाना रेलबाजार, कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में दिनांक 30–08–2024 को द्वितीय तुहर में तलाक दे रहा हु। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको एक नोटिस दि0 29–09–2024 प्रेषित किया था जिसे आपने लेने से इन्कार कर दिया।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे अभिलेखों में मेरा नाम **रिजवान पुत्र मोहम्मद रफी नई बाजार पोस्ट बाबागंज जमुनहा बहराइच उत्तर प्रदेश 278881** अंकित है। जिसे मैने बदल कर अपना नाम मोहम्मद रिजवान करा दिया है। अब सभी अभिलेखों में मेरा नाम मोहम्मद रिजवान पढ़ा व समझा जाये।

**आवश्यकता**

संस्था में एक कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किए जाते है वेतन बैंड– 1 ग्रेड पे– 2000 अहर्ता माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट परीक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण साथ ही सी०सी०सी० प्रमाण पत्र तथा हिंदी में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट टाइपिंग गति। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछ्ड़ा वर्ग को शासकीय नियमों के अन्तर्गत छूट प्रदान की जाएगी। आवेदन पत्र पूर्ण विवरण व संलग्नक सहित दिनांक 09–10–2024 तक शिक्षालय के पते पर रजिस्टर डाक से ही प्राप्त किए जाएगे। साक्षात्कार व टाइपिंग टेस्ट हेतु दिनांक 10–11–2024 समय 12:30 बजे शिक्षालय में उपस्थित हो। – **प्रबंधक महिला शिल्प शिक्षालय ख्यालीगंज, लखनऊ-226018**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है की **गणेश शर्मा पुत्र हजारीलाल निवासी 274/64/63 रोजा बाग, लखनऊ** अपने उपरोक्त निवास सहित समस्त चल व अचल संपत्ति से अपने बड़े पुत्र विकास शर्मा सहित उसकी धर्मपत्नी नमिता शर्मा पुत्रवधू को एवं छोटे पुत्र विशाल शर्मा निवासीगण 274/64/63 रोजा बाग, लखनऊ का चाल चलन ठीक न होने एवं घर परिवार में लड़ाई झगड़ा मारपीट इत्यादि करने के कारण दिनांक 19.09.2024 को अपने बड़े पुत्र विकास शर्मा सहित उसकी धर्मपत्नी नमिता शर्मा पुत्रवधू को एवं छोटे पुत्र विशाल शर्मा से सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए है तथा किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार मुझसे व मेरे परिवार से नही रह गया है तथा उपरोक्त लोगों द्वारा किए गए प्रत्येक कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।


**विकास की राह** जलभराव के कारण रास्ता बंद होने की समस्या खत्म होगी, सेतु निगम परियोजना प्रबंधक ने शासन को भेजा प्रस्ताव

# जूही खलवा पुल पर बनेगा चार लेन का आरओबी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जूही खलवा अंडरपास में बारिश के दौरान जलभराव से रास्ता बंद होने की समस्या का समाधान निकाल लिया गया है। उप्र सेतु निर्माण निगम ने जूही खलवा अंडरपास के ऊपर चार लेन का पुल बनाने की योजना तैयार की है। उप्र सेतु निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक ने इस प्रोजेक्ट को पीडब्ल्यूडी की कार्ययोजना में शामिल करने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेज दिया है। साथ ही प्राथमिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी भेजी है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता की अध्यक्षता वाली समिति जब प्रोजेक्ट को परीक्षण के बाद मंजूर करेगी तो इस प्रस्ताव को कार्ययोजना में शामिल कर लिया जाएगा।

जूही खलवा अंडरपास बरसात के समय भर जाता है और आवागमन बंद करना पड़ता है। यहां जलभराव में डूबने से कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इस समस्या के समाधान के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समग्र विकास समिति ने 10 वर्ष पहले 3 लेन का एलिवेटेड रोड बनाने की योजना सेतु निगम से तैयार कराई थी। रेलवे ने भी इस प्रोजेक्ट के लिए तकनीकी मदद देने का आश्वासन दिया था। कई दौर की बैठकों के बाद भी यह प्रोजेक्ट लोनिवि की वार्षिक कार्ययोजना में शामिल नहीं हो पाया था। परिणाम स्वरूप इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। अमृत विचार ने पिछले दिनों यह मुद्दा उठाया तो विधायक महेश त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इस प्रोजेक्ट को मंजूर करने का आग्रह किया। उनके प्रस्ताव को तो मान लिया गया पर अब यह जूही परमपुरवा से चाचा नेहरू अस्पताल तक नहीं बनेगा। इसे अफीम कोठी चौराहा से जूही परमपुरवा मोड़ तक बनाया जाएगा। लंबाई 750 मीटर होगी और चौड़ाई चार लेन होगी। जो प्रोजेक्ट बनाया गया है उसके मुताबिक परमपुरवा की तरफ से पुल उठेगा और अफीम कोठी चौराहा पार कर डिप्टी पड़ाव की तरफ 30 मीटर आगे उतर जाएगा।

**दक्षिण के इन मोहल्लों को सर्वाधिक लाभ**

- जूही, ट्रांसपोर्ट नगर, जूही नहरिया, परमपुरवा, बसंती नगर, बंबुरहिया, बारादेवी, किदवईनगर, नौबस्ता, गल्ला मंडी, विनोबा नगर, बिनगवां, अर्रा, जूही पीली कालोनी, लाल कालोनी, सफेद कालोनी, रतूपूरवा, ढकनापुरवा, गोविंद नगर, राखी मंडी, बर्रा, कर्रही, यशोदा नगर।

**225** करोड़ रुपये प्रोजेक्ट की लागत

**750** मीटर लंबाई होगी इस पुल की

**14** मीटर होगी पुल की चौड़ाई



बरसात में भर जाता है खलवा पुल। फाइल फोटो

# हिस्ट्रीशीटर ने ठेकेदार को धमकाया

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र के दर्शनपुरवा इलाके में एक हिस्ट्रीशीटर ने रंगदारी न देने पर नगर निमम के ठेकेदार को गालीगलौज कर धमकाया। ठेकेदार ने पुलिस के साथ ही जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

साकेत नगर निवासी गोरेलाल नगर निगम की ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने बताया कि दर्शनपुरवा वार्ड-20 में इंटरलाकिंग टाइल्स लगवा रहे हैं। एक हिस्ट्रीशीटर ने मजदूरों के साथ मारपीट कर काम बंद करवा दिया। वह उससे मिलने गये तो आरोपी ने पिता के साथ मिलकर धमकाया। उसने कहा कि 20 हजार दे दो नहीं तो काम नहीं कर पाओगे।

### आज का मौसम

आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

34.2⁰ अधिकतम तापमान | 19.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 14 | सूर्यास्त 05 : 31

### शहर में आज

- **सेमिनार :** यूपीटीटीआई में राष्ट्रीय सेमिनार सुबह 10 बजे से।
- **समारोह :** राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान गोविंद नगर में दीक्षांत समारोह सुबह 10 बजे से।
- **संगोष्ठी :** अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर फूलबाग पार्क में संगोष्ठी 4 :30 बजे।
- **पुष्पांजलि :** कॉंग्रेस मुख्यालय लिक हाल में पूर्व विधायक हामिद खां की जयंती पर पुष्पांजलि शाम 4 बजे।
- **प्रदर्शनी :** आरसी पब्लिक एजुकेशन सेंटर मोतीनगर जाजमऊ में विज्ञान प्रदर्शनी सुबह 11 बजे।
- **कार्यशाला :** कानपुर आर्थोपेडिक एसोसिएशन की कार्यशाला होटल विजय विला में दोपहर 12 :30 बजे।
- केएमसी गेस्ट्रोकॉर्न 2024 विषय पर होटल रॉयल क्लिफ में कार्यशाला दोपहर 1 :30 बजे।

### एक नजर

#### सीबीएसई जोन वॉलीबॉल 5 नवंबर से

**कानपुर।** श्यामनगर स्थित ऑक्सफोर्ड मॉडल स्कूल में शुक्रवार को सीबीएसई जोन की वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि प्रतियोगिता 5 से 7 नवंबर तक आयोजित होगी। जिसमें 12 सीबीआई स्कूलों डीडी विद्या निकेतन एजुकेशन सेंटर, हीरालाल, सीएचएस, आर्मी स्कूल, आर्चिस, गुलमोहर, दून इंटरनेशनल, मनमोधन, शुगर सिंह, जेडी एजुकेशन के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. राखी सिंह ने दी।

#### तेजस एक्सप्रेस 1 नवंबर को निरस्त रहेगी

**कानपुर।** लखनऊ से कानपुर सेंट्रल स्टेशन होते हुए नई दिल्ली तक चलने वाली 82501/82502 तेजस एक्सप्रेस 1 नवंबर 2024 शुक्रवार को निरस्त रहेगी। इस ट्रेन को 29 अक्टूबर 2024 को निरस्त किया गया था लेकिन ये ट्रेन 29 अक्टूबर को संचालित होगी।



भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने पर्चा दाखिल किया। अमृत विचार



सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की और सीसामऊ उप चुनाव जिताने का भरोसा दिलाया। उन्हें जीत की रणनीति भी बताई।

# धर्म और अधर्म के बीच है चुनाव - दिनेश शर्मा

- बीते 22 वर्षों से सीसामऊ विधानसभा में सनातन समाज को अपमानित किया गया
- सनातन समाज अपमान करने वालों को सबक सिखाने के लिए बैठा है तैयार
- आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर सीसामऊ की जनता को उपचुनाव में धकेला गया

सीसामऊ उपचुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ से भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के नामांकन पर हुई सभा में राज्यसभा सदस्य, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा ने कहा कि यह उपचुनाव धर्म और अधर्म के बीच होने जा रहा है। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर सीसामऊ की जनता को उपचुनाव में धकेला गया है। बीते 22 वर्षों से सीसामऊ विधानसभा में भेदभाव के बीच सनातन समाज को अपमानित किया जाता रहा है। अब ऐसा करने वालों को सबक सिखाने के लिए लोग तैयार बैठे हैं।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद रमेश अवस्थी, एमएलसी मानवेंद्र सिंह चौहान, एमएलसी अरुण पाठक ने कहा कि यह उपचुनाव सीसामऊ क्षेत्र की जनता लड़ने जा रही है। सपा का सजायाफ्ता पूर्व विधायक इरफान सोलंकी लगातार तीन बार से यहां के लोगों को अपमानित कर रहा था। उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने मुख्यमंत्री का इस बात के लिए आभार जताया कि 2015 में इरफान द्वारा दर्शनपुरवा दंगे में निर्दोष फंसाए गए 32 लोगों के ऊपर दर्ज मुकदमा वापस लेकर उनको न्याय दिलाया है।

सभा में सांसद देवेंद्र सिंह भोले, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक अभिजीत सिंह सांगा, महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, पूनम संखवार, अपना दल विधायक सरोज कुरील, जिलापंचायत अध्यक्ष स्वनिल वरुण, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, रघुनंदन भदौरिया, नीतू सिंह, अनूप पचौरी, पूर्व विधायक अजय कपूर, अनूप अवस्थी, मनोज सिंह, संतोष शुक्ला, अनुराग शर्मा, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना, गौरव पांडे, करण यादव, आनंद मिश्रा दीपक सिंह, नवाब सिंह, जगदीश तिवारी, उपस्थित रहे।



सभा में राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा, मंत्री सुरेश खन्ना, विधायक सुरेंद्र मैथानी, सांसद रमेश अवस्थी, प्रकाश पाल, नीलिमा कटियार।

## भाजपा के प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने भरा पर्चा

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने दोपहर बाद नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा नेता और समर्थक सरसैया घाट स्थित गोकुल प्रसाद धर्मशाला पर एकत्र रहे। सुरेश अवस्थी यहां से पैदल नामांकन कराने गए। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि मैं साधारण कार्यकर्ता हूं, जनता चुनाव जिताएगी। मां विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ूंगा। इतना कहकर वह सरसैयाघाट में आयोजित जनसभा में शामिल होने चले गए।

### सुरेश सबसे अमीर प्रत्याशी

कानपुर। भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने नामांकन के साथ दाखिल शपथ पत्र में बताया है कि उनके पास एक लाख नकदी है। बैंक में करीब 80 लाख जमा हैं। 7 .50 लाख रुपये का जीवन बीमा है। दो कार और एक बुलेट मोटरसाइकिल है। 4 .60 लाख रुपये का सोना और 315 बोर की राइफल है। उनकी पत्नी के पास भी रिवाल्वर है। पत्नी के पास करीब 18 लाख रुपये का सोना और एक किलो चांदी है। 50 हजार नकदी है। पत्नी के बैंक खाते में 18 .39 लाख रुपये जमा हैं। लखनऊ में करीब 1 .50 करोड़ का मकान है। उनके होटल की कीमत 2 .50 करोड़ रुपये है। परमट में 30 लाख का फ्लैट है। पत्नी के नाम पर लखनऊ में फ्लैट की कीमत भी 30 लाख रुपये है। आय का स्रोत होटल का किराया है।

### रालोद प्रदेश उपाध्यक्ष नहीं पहुंचे

**कानपुर।** भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में एनडीए के घटक राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का उपेक्षित रवैया है। भाजपा के क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल ने उन्हें एनडीए का जिला संयोजक बनाया था। सीसामऊ उनके प्रभाव वाला क्षेत्र है। लेकिन बुलाया नहीं गया। यह कहने पर कि आप खुद चले जाते। लोकदल नेता ने कहा कि बिन बुलाया मेहमान थोड़ा हूं।

### खुर्शीदा सोलंकी के पास 370 ग्राम सोना और डेढ़ किलो चांदी

पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की मां खुर्शीदा सोलंकी ने भी नामांकन दाखिल किया है। दी गई जानकारी के अनुसार उनके पास 45 हजार रुपये नकदी है। खाते में 87 हजार जमा हैं। उनके पास 370 ग्राम सोने व डेढ़ किलो चांदी के जेवर हैं। एक रिवाल्वर और जाजमऊ में आवासीय मकान है।

# अमिताभ को गेट पर रोका, मचा हंगामा

नामांकन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने शुक्रवार को नामांकन का दूसरा सेट दाखिल किया। उनकी सास और पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की मां खुर्शीदा सोलंकी ने भी नामांकन पत्र भरा।

सपा-कांग्रेस से गठबंधन प्रत्याशी नसीम सोलंकी लाव लश्कर के साथ नामांकन पत्र का दूसरा सेट दाखिल करने पहुंचीं। उनके साथ सपा और कांग्रेस के पदाधिकारी, विधायकों समेत बड़ी संख्या में समर्थक भी आए थे।

नसीम के साथ अवनीश सलूजा, संजीव दरियावादी, आलोक मिश्रा, नौशाद आलम मंसूरी प्रस्तावक बनकर नामांकन कक्ष में पहुंचे। विधायक अमिताभ बाजपेई को पुलिस कर्मियों ने गेट पर रोक लिया।

इसे लेकर अमिताभ की पुलिस कर्मियों से नोकझोंक हो गई। विवाद बढ़ते देखकर समर्थक जमकर नारेबाजी करने लगे। गेट पर टकराव की स्थिति बनते देखकर अधिकारियों ने किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद विधायक समर्थकों के साथ बाहर चले गए।



इरफान सोलंकी की मां खुर्शीदा सोलंकी ने भी पर्चा भरा। अमृत विचार

- नोकझोंक होने पर समर्थकों ने की जमकर नारेबाजी, अधिकारियों ने शांत कराया विवाद
- सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने दूसरा सेट भरा, इरफान की मां ने भी कराया नामांकन
- सपा और कांग्रेस के नेताओं ने एकजुटता दिखा दिया गठबंधन की मजबूती का संदेश

## कांग्रेस सोलंकी की जीत के लिए लगाएगी ताकत

**कानपुर।** तिलक हाल में कांग्रेस की बैठक में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में पूरी ताकत से जुटने का फैसला हुआ। पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व विधायक सोहेल अख्तर अंसारी, आलोक मिश्रा, शहर अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी ने विचार रखे। पदम मोहन मिश्रा, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी,महेश मेघानी, संजीव मिश्रा, दीपक त्रिवेदी बल्ली, अजय त्रिपाठी, राम शंकर राय, हरीश गुप्ता, आतिफ रहमान,शकील मंसूरी, अफजाल अहमद चांद, फरहान लारी, मौजूद रहे। उधर, सपा नेता सीसामऊ उपचुनाव के प्रभारी सुनील यादव 'साजन यादव' एवं पूर्व एमएलसी दिलीप सिंह 'कल्लू यादव' लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी रहे कांग्रेसी आलोक मिश्रा के आवास पर उनसे मिलने पहुंचे।

## कुल 11 प्रत्याशियों ने ठोंकी ताल

- फार्म लिए गए 40, पर अधिकतर ने चुनाव लड़ने से किया किनारा

**कानपुर।** सीसामऊ उपचुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन निर्धारित समय 3 बजे तक राष्ट्रवादी जनतांत्रिक पार्टी के मो. आफताब शरीफ, बसपा के वीरेंद्र कुमार, निर्दलीय महेश चंद्र शर्मा, सभी जन पार्टी के अशोक पासवान, अपना दल कमेरावादी से गौरव बाजपेई, निर्दलीय सतनाम सिंह ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन पहला नामांकन सपा ने कराया था। इसके बाद सातवें दिन बसपा व आसपा प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए थे। आखिरी दिन नामांकन के लिए भारी भीड़ जुटने की उम्मीद थी, लेकिन कुल 10 नामांकन पत्र दाखिल हुए। एसीएम तृतीय रामशंकर ने बताया कि 40 नामांकन फार्म लिए गए थे। कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है। अधिकांश फार्म लेने वालों ने नामांकन नहीं कराया।

### उपचुनाव का कंट्रोल रूम स्थापित

**कानपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि सीसामऊ उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित आगंतुक कक्ष में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका नंबर 0512-2985080 है। कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी उप निदेशक कृषि को बनाया गया है। कंट्रोल रूम से उपचुनाव संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यहां कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्ट में 8-8 घंटे के लिए लगेगी।

### मतदान के लिए 3 बूथ बदले गए

सीसामऊ उपचुनाव के लिए 3 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। प्राथमिक कन्या पाठशाला प्रेमनगर द्वितीय के चंपा भवन कक्षा संख्या एक, दो व तीन की जगह रीमा कान्वेंट जूनियर हाईस्कूल प्रेमनगर में कक्षा संख्या एक, दो व तीन को मतदान केंद्र बनाया गया है।

# एचबीटीयू के 15 छात्रों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 5 छात्रों का छात्रावास से निष्कासन, 2 सस्पेंड
- विवि की अनुशासन समिति ने 8 छात्रों पर जुर्माना लगाया

**अमृत विचार।** एचबीटीयू में मारपीट और बगैर अनुमति के बर्थडे पार्टी करने पर 15 छात्रों पर कार्रवाई हुई है। इनमें 2 छात्रों को एक वर्ष के लिए शैक्षणिक गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है। 5 छात्रों को विवि के छात्रावास से निष्कासित करने के साथ ही उनपर जुर्माना भी लगाया गया है। विवि की अनुशासन समिति ने 8 अन्य छात्रों पर आर्थिक दंड लगाकर चेतावनी दी है। विवि की जांच में रैगिंग के तथ्य सामने नहीं आए हैं।

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय में कुछ दिन पहले जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया था। छात्रों ने एफआईआर भी दर्ज करायी थी। विश्वविद्यालय की अनुशासन समिति जांच कर रही थी। जांच कमेटी ने शुक्रवार को घटना में शामिल छात्रों को छात्रावास की छत पर मारपीट करने, बगैर किसी अनुमति के बर्थडे पार्टी मनाने और एक छात्र के सिर पर रॉड से हमला करने का दोषी माना है। जांच कमेटी ने रैगिंग होने से इनकार किया है। चीफ प्रॉक्टर अलक कुमार ने बताया कि रैगिंग के तथ्य सामने नहीं आए हैं। विवि की रजिस्ट्रार अंजू वर्मा ने बताया कि 2 छात्रों पर एक वर्ष का निलंबन और आर्थिक दंड लगाया गया है। इसके अलावा 5 छात्रों को हॉस्टल से निष्कासित कर दिया गया है।



### विवि में बढ़े सुरक्षा इंतजाम

- इस पूरी घटना के बाद विवि की ओर से परिसर व हॉस्टल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा हॉस्टल व कैंपस में सीसीटीवी भी लगाए जाने के आदेश दिए जा चुके हैं। विवि की ओर से परिसर व हॉस्टल में अनुशासन बनाए रखने के लिए बैठकों के दिन व समय भी निर्धारित कर दिए गए हैं। इसी कदम के आधार पर अब वॉर्डन की भी हर महीने बैठक हुआ करेगी।

### एक ओर रिपोर्ट आएगी

- इस घटना की जांच एंटी रैगिंग कमेटी की ओर से भी की जा रही है। इस कमेटी में विवि के कुलपति एक प्रशासनिक अधिकारी, एक पुलिस अधिकारी सहित अन्य शामिल हैं। माना जा रहा है कि इसकी रिपोर्ट सोमवार तक सामने आ सकती है। इस रिपोर्ट को विवि की ओर से यूजीसी को भेजा जाएगा।

नमन | अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जयंती आज, कानपुर इतिहास समिति सौंपेगी ज्ञापन

# 'प्रताप' भवन को मीडिया म्यूजियम बनाएं

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के अखबार 'प्रताप' और फिरंगी हुकूमत के खिलाफ उसके तेवर को विस्मृति से बचाने के लिए फीलखाना स्थित प्रताप भवन को धरोहर घोषित कर वहां मीडिया म्यूजियम बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। शनिवार को विद्यार्थी जयंती पर कानपुर इतिहास समिति राष्ट्रपति को संबोधित इस आशय का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगी। जनसरोकार और कुव्यवस्था के विरुद्ध पत्रकारिता को धार देने की शुरुआत प्रताप के फीलखाना दफ्तर से हुई थी। प्रताप अखबार राष्ट्रवाद और जनजागरण का संवाहक था। उसमें भगत सिंह समेत बड़े-बड़े क्रांतिकारी छद्म नाम से लेखन करते थे।



9 नवंबर 1913 को गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपने साथी शिवनारायण मिश्र, नारायण प्रसाद अरोड़ा और यशोदानंदन के साथ मिलकर प्रताप का प्रकाशन शुरू किया था। फिरंगी हुकूमत के विरुद्ध तल्ख तेवरों से जल्दी ही अखबार ने लोगों के दिलों में पहचान बना ली। अपने संपादकीय लेखों के कारण विद्यार्थी जी को 5 बार जेल जाना पड़ा। मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, श्रीकृष्ण मेहता ने एक केस में उनके पक्ष में गवाही दी थी।

### 'बापू ने कहा था, काश ऐसी मौत उन्हें भी नसीब हो'

- 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई। विरोध में देश भर में बंद का आह्वान किया गया। कानपुर में दंगा भड़क गया। 25 मार्च को विद्यार्थी जी दंगा शांत कराने के लिए भीड़ के बीच पहुंच गए। हिंसक भीड़ ने उनकी जान ले ली। विद्यार्थी जी की शहादत पर महात्मा गांधी ने कहा था कि 'उनकी मृत्यु एक ऐसे महान उद्देश्य के लिए हुई है कि उन्हें ईर्ष्या हो रही है, काश ऐसी मौत उन्हें भी नसीब हो।'

### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में हुई थी चर्चा

- कानपुर इतिहास समिति के मंत्री शांतनु त्रिपाठी ने बताया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में प्रताप भवन को धरोहर घोषित करने की मांग पर चर्चा हुई थी। लेकिन इसके बाद क्या हुआ, जानकारी नहीं है।

### फूलबाग, चौबेगोला और तिलकहाल में कार्यक्रम

- गांधी शांति प्रतिष्ठान ने फूलबाग तो कानपुर इतिहास समिति और फिजा (फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स) ने विद्यार्थी जी के शहादत स्थल चौबेगोला और शहर कांग्रेस कमेटी ने तिलकहाल में उनकी स्मृति पर कार्यक्रम आयोजित किए हैं।



# जमीन कांड में 3200 पन्ने की दो चार्जशीट दाखिल

## प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित और हरेंद्र मसीह मुख्य आरोपी



जमीन का जुर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिविल लाइंस में 28 जुलाई को मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड में कब्जा करने का प्रयास
- आरोपियों को डकैती समेत की संगीन धाराओं में आरोपित किया गया

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र में स्थित सिविल लाइंस में मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की एक हजार करोड़ की बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने कानपुर प्रेसक्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित समेत 13 साथियों के खिलाफ शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट में 3200 पन्ने की चार्जशीट दाखिल की है। सभी आरोपियों को डकैती समेत अन्य संगीन धाराओं में मुल्जिम बनाया गया है। पुलिस ने संगठित अपराध के लिए गिरोह बनाने की धारा में भी चार्जशीट दाखिल कर दी है। दो चार्जशीट दाखिल की गई हैं। कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला के अनुसार इस मामले में अवनीश दीक्षित और फरार एक लाख के इनामिया हरेंद्र मसीह का मुख्य आरोपी बनाया गया है। आरोपी मोहित बाजपेई पर चार्जशीट लगाना बाकी रह गई है। जल्द ही पूरक चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

### कुल 33 लोगों के खिलाफ एफआईआर

पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की जमीन पर कब्जा करने के लिए अवनीश दीक्षित अपने गुर्गों के साथ मौके पर पहुंचा था। यहां उसने गार्ड संजय को बंधक बनाकर ताला डाल दिया था। साथ ही डीवीआर उठा ले गए थे। पुलिस ने लेखपाल विपिन कुमार की तहरीर पर कुल 33 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। दूसरी एफआईआर सैमुएल गुरुदेव सिंह ने 37 आरोपियों के खिलाफ डकैती समेत अन्य संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें 37 में 25 अज्ञात शामिल हैं।

### संदीप शुक्ला के बयान को अहम सबूत बनाया

कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि जमीन की लिखापढ़ी, लीज के कागज, अवनीश की पावर ऑफ एटार्नी, बैंक में लेन देन के सबूत, जमीन कब्जाने के लिए बनाई गई श्री आनंदेश्वर एसोसिएट्स कंपनी के दस्तावेज को अहम सबूत बनाया गया है। इसी तरह डकैती को साबित करने के लिए वीडियो फुटेज, वहां पर मौजूद लोगों के बयान और आरोपी संदीप शुक्ला के बयान को आधार बनाया है। जिसमें उसने बताया है कि अवनीश दीक्षित के कहने पर ही उसने घटना वाले दिन सीसीटीवी फुटेज वाली डीवीआर गंगा में फेंक दी थी। वैज्ञानिक सबूतों को मजबूत कर आरोपियों की सीडीआर रिपोर्ट दाखिल की गई है।

### 2010 की एफआईआर को माध्यम बनाया

अवनीश दीक्षित और उसके साथियों के खिलाफ संगठित अपराध (111) की धारा को साबित करने के लिए पुलिस ने वर्ष 2010 की एक एफआईआर को माध्यम बनाया है। जिसमें बताया गया कि हरेंद्र मसीह ने वर्ष 2010 में भी जमीन को बेचने का प्रयास किया था। जिसमें एफआईआर दर्ज हुई थी। बाद में वह रिपोर्ट खत्म कर दी गई थी। इसके जरिए पुलिस ने यह दर्शाया कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अपराध करते हैं।

कोतवाली पुलिस के अनुसार हरेंद्र मसीह, अवनीश दीक्षित, राहुल वर्मा, मौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अर्पण एरियल, जीतेश झा, संदीप शुक्ला, विक्की चार्ल्स, अब्बास, जितेन्द्र और विवेक पांडेय के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है।

## मंडल में फर्रुखाबाद व इटावा रहा अव्वल

**कानपुर।** कानपुर मंडल में शामिल छह जिलों में स्थित 13 जिला अस्पतालों में से 12 अस्पतालों को कायाकल्प अवार्ड से नवाजा गया है। कायाकल्प अवार्ड पाने में मंडल में फर्रुखाबाद व इटावा प्रथम स्थान पर रहा, जबकि कांशीराम अस्पताल की वजह से कानपुर नगर दूसरा स्थान हासिल कर सका।

प्रदेश में मानक के अनुसार अस्पताल का संचालन करने और मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने वाली चिकित्सा इकाइयों को कायाकल्प और एन्क्वास अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल ने बताया कि मंडल के कानपुर नगर, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद व कानपुर देहात के 12 जिला अस्पतालों को अवार्ड मिला है, बस एक अस्पताल चूक गया।

अवार्ड के लिए चयनित होने वाले सभी अस्पतालों को सरकार की ओर से तीन लाख रुपये की धनराशि मिलेगी, जिसमें 75 प्रतिशत हिस्सा अस्पताल की व्यवस्थाओं और 25 प्रतिशत स्टॉफ को बतौर इनसेंटिव प्रदान किया जाएगा। कायाकल्प योजना के मंडलीय सलाहकार क्वालिटी एंश्योरेंस डॉ. सुरेंद्र ने बताया कि मंडल स्तर पर फर्रुखाबाद के जिला महिला अस्पताल व इटावा के जिला अस्पताल ने 90.22 प्रतिशत अंक पाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।



सैंपल भरती खाद्य विभाग की टीम। अमृत विचार

# बर्फी, मसाला समेत 19 सैंपल लिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रतिष्ठानों में खाद्य विभाग की छापेमारी
- सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** त्योहारों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें शहर में सक्रिय हैं। शुक्रवार को टीम ने अलग-अलग बाजारों में छापा मारा तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया। खाद्य पदार्थों के 19 नमूने भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।

सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) संजय प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम ने शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया। अलग-अलग प्रतिष्ठानों में मिलावट की आशंका पर खाद्य पदार्थों के 19 नमूने लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

प्रतिष्ठानों में अभय दुग्ध डेरी दामोदरनगर में पनीर, न्यू वासू प्रोवीजन स्टोर श्यामनगर में दूध की बर्फी, न्यू प्रकाश स्वीट काकादेव में पिसी धनिया, बृजवासी स्वीट रावतपुर में दूध की बर्फी, महेश्वरी स्टोर गुटइया क्रासिंग में काजू, प्रताप मसाला भंडार गुटइया क्रासिंग में बेसन, पिसी धनिया, मिर्च, कीर्ती ट्रेडर्स गीतानगर क्रासिंग में गरम मसाला, ताराचंद्र स्वीट हाउस लाल बंगला से खोया, स्वाद डेरी केडीए कालोनी जाजमऊ से पनीर, मां वैष्णो स्वीट ओमपुरवा से खोया, भगवानदास स्वीटहाउस माल रोड से दूध की बर्फी, पंडित फूड माल रोड से पनीर, बंशीवाला स्वीट हाउस न्यू शिवली रोड से पनीर व बर्फी, बालाजी दूध डेयरी हरदेव नगर से घी और मसवानपुर में बेसन बर्फी व लड्डू समेत 19 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि मिलावट की आशंका पर लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। नवरात्र के दौरान विभाग ने करीब डेढ़ करोड़ का माल सीज किया था।

## स्टेट बैंक से गबन में चार और गिरफ्तार

**कानपुर।** भारतीय स्टेट बैंक के खाता धारकों के पीपीएफ अकाउंट से तत्कालीन शाखा प्रबंधक की मिलीभगत से एक करोड़ रुपये से अधिक का गबन करने के मामले में सीसामऊ पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इससे पहले पुलिस पूर्व शाखा प्रबंधक व उसके आरोपी पति को जेल भेज चुकी है।

सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि स्टेट बैंक की जीटी रोड शाखा की पूर्व शाखा प्रबंधक ज्योति यादव ने 2021 से 2023 के बीच खाता धारक ललिता देवी, श्यामा गुप्ता, संत अग्रवाल, गनेश मिश्रा के पीपीएफ खातों से छेड़छाड़ कर करीब 1.01 करोड़ रुपये का गबन किया था। उसने यह सारी रकम अपने कोचिंग संचालक पति राहुल यादव के संस्थान के खाते में ट्रांसफर कर दी थी। वर्तमान शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 3 अक्टूबर 2024 को महिला शाखा प्रबंधक ज्योति यादव और उसके पति राहुल यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में पता चला कि ग्राहक सेवा केंद्र संचालक लक्ष्मीपुरवा रायपुरवा निवासी धीरेंद्र उमराव, उसके भाई जितेंद्र कुमार, विनोद और शिक्कटरा चकेरी निवासी अजय कुमार भी इस जालसाजी में शामिल थे। इसके बाद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# सेवानिवृत्त दरोगा से अभद्रता कर गालीगलौज, धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेलबाजार थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में मकान के विवाद में सेवानिवृत्त दरोगा ने घर में घुसकर अभद्रता के साथ गालीगलौज करने के साथ धमकी देने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फेथफुलगंज निवासी वीरेंद्र सिंह यादव ने रेलबाजार पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मकान में मेवाराम किरायेदार थे। उनकी पत्नी का देहांत करीब 6 वर्ष पूर्व हो चुका है।

मृत्यु से पूर्व मेवाराम और पत्नी मकान छोड़कर सामान लेकर अपने सगे संबंधियों के पास चले गए थे। कमरे में ताला डाल गए थे। उनका कोई वारिस नहीं था। उन्होंने मकान वर्ष 2013 में अपनी पत्नी सेवानिवृत्त दरोगा कमलेश कुमारी यादव के नाम खरीदा है। कमरा खाली कराने के लिए मेवाराम के खिलाफ एक मुकदमा न्यायालय में दाखिल किया जो विचाराधीन है।

उनका आरोप है कि मेवाराम का पोता अपने तीन व चार साथियों के साथ अभद्रता कर धमकाने लगा। 21 अक्टूबर की शाम वह अपने 15-20 साथियों के साथ जबरदस्ती मकान के अन्दर गालीगलौज देते हुए घुसने लगे। विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गए और धक्कामुक्की करने लगे। गले से 10 ग्राम की सोने की चेन छीन ली। इस संबंध में रेलबाजार थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# केआईटीपी को मिली 'ए' ग्रेड मान्यता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रेस वार्ता में जानकारी देते संस्थान के पदाधिकारी। अमृत विचार

- पहली बार में संस्था को मिली यह उपलब्धि

**अमृत विचार।** कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड फार्मेसी को नेशनल असेसमेंट एंड अक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) की ओर से 'ए' ग्रेड की मान्यता प्राप्त हुई है। ए ग्रेड की मान्यता मिलने के बाद केआईटीपी कानपुर का पहला फार्मेसी संस्थान बन गया है, जिसने यह उपलब्धि पहली बार में हासिल की है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और सामुदायिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

यह बात शुक्रवार को प्रबंधन सदस्य विपुल जैन, अनिल अग्रवाल, कुमार अक्षय ने पत्रकार वार्ता कही। उन्होंने बताया कि कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने भी नैक से पहली बार में 'ए' ग्रेड की मान्यता प्राप्त की थी। अब यह यूजीसी नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत एक स्वायत्त संस्थान के रूप में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। वार्ता के दौरान निदेशक डॉ. ब्रजेश वाष्र्णेय और प्रशांत कटियार भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि नैक मान्यता प्रक्रिया एक व्यापक मूल्यांकन है, जो शैक्षिक संस्थानों के विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन सात मानदंडों पर करती है। इनमें पाठ्यक्रमीय पहलू, शिक्षण-सीखने और मूल्यांकन, अनुसंधान, नवाचार और विस्तार, बुनियादी ढांचा और सीखने के संसाधन, छात्र समर्थन और प्रगति, शासन, नेतृत्व और प्रबंधन व संस्थागत मूल्य और सर्वोत्तम प्रथाएं शामिल हैं। वार्ता में बताया गया कि स्थापित होने के बाद से केआईटीपी एक मजबूत शैक्षणिक ढांचे को प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल दोनों पर जोर देता है। संस्थान फार्मेसी में स्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जो छात्रों को करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

## पटरी पर पड़ा मिला बुजुर्ग का शव

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में पुल के नीचे रेलवे लाइन पर गुरुवार देर रात एक बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। किरायेदारों ने बुजुर्ग के एक रिश्तेदार पर मकान बेचकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जीआरपी मामले की छानबीन कर रही है।

सतीश कुमार कठेरिया (61) दर्शनपुरवा के चंदेल वाली गली में रहते थे। किरायेदार राजकिशोर ने बताया कि बुजुर्ग का लगभग तीन सौ गज का हाता है। जिसमें आठ किरायेदार रहते हैं। शुक्रवार सुबह जीआरपी से एक सिपाही आया और सतीश की मौत की जानकारी दी। आनन-फानन में वह लोग पनकी रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां किरायेदारों ने सतीश की पहचान की। जीआरपी ने किरायेदारों से पूछताछ की। किरायेदार राजकुमार का आरोप है कि मकान मालिक के एक रिश्तेदार ने उनका मकान बेच दिया है। इससे वह परेशान रहते थे।

## सार-संक्षेप





पंचरत्ना ज्वैलर्स में दी जा रही है छूट। अमृत विचार

### पंचरत्ना एंड संस में हर खरीद पर पाएं उपहार

**कानपुर।** धनतेरस व दीपावली पर अगर सोना, चांदी व हीरे के अभूषण की खरीदारी करना चाहते हैं तो कल्याणपुर में पंचरत्ना एंड संस में बेहतरीन ऑफर मिलेगा। यहां पर नए के साथ ही लेटेस्ट डिजाइन के आभूषण मौजूद हैं। पंचरत्ना एंड संस के मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष वर्मा ने बताया कि कल्याणपुर में सबसे बड़ी ज्वैलरी शॉप पंचरत्ना एंड संस है। यहां की सभी ज्वैलरी एचयूआईडी हॉल मार्क पास है। यहां पर हीरे के आभूषणों की खरीदरी करने पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। सोने की बनवाई का भी काम यहां पर सबसे कम रेट पर किया जा रहा है। हर आभूषण की खरीदारी करने पर विशेष इनाम भी दिया जा रहा है। पंचरत्ना की दो और ब्रांच रावतपुर गांव और स्वरूप नगर में भी हैं, जहां पर नए कलेक्शन उपलब्ध हैं।

### डेंगू-मलेरिया रोकने को जागरुकता अभियान

**कानपुर।** डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रशिक्षित युवा स्वयं सेवकों की मदद से जागरूकता अभियान चला रहा है। शुक्रवार को महादेव नगर, महावीर नगर, बगाही व बगाही भट्ठा में प्रशिक्षित युवा स्वयं सेवकों ने माइकिंग की। स्कूली बच्चों के साथ नारे व घंटी बजाते हुए रैली निकाली। लोगों को घर व आसपास मच्छरजनित परिस्थितियां न बनने देने की शपथ दिलाई। जिन जगहों पर डेंगू के लार्वा मिले, उनको नष्ट किया गया। टीम ने संदेश दिया कि बुखार आने पर खुद इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और निशुल्क इलाज पाएं। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज मुफ्त होता है। लोगों को समझाया गया कि घर के अंदर और आस-पास पानी न एकत्र होने दें। अगर कहीं पानी एकत्र है तो उसमें कुछ बूंदे मिट्टी का तेल या पेट्रोल की डाल दें। घरों की छत पर रखे कबाड़ और गमले चेक करते रहें। अक्सर इनमें पानी भर जाने से मच्छर पैदा हो जाते हैं। ऐसे पानी को तुरंत हटा दें। घरों में कूलर का पानी नियमित बदलते रहें। इस मौके पर परियोजना के जिला समन्वयक सम्मान सिंह, सिविक एक्शन प्रोजेक्ट के युवा समन्वयक आशीष राय, रीना शुक्ला, संगीता तिवारी, आरती सक्सेना, युवा स्वयं सेवक शिवानी, रीता, कोमल व वंदना समेत अन्य लोग रहे।

### शहरी विकास का खाका खींचेगा आईआईटी

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर को भारत सरकार की ओर से शहर के सतत विकास में 'एआई' का प्रयोग प्रोग्राम के लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाया गया है। सेंटर ऑफ एक्सलेंस के रूप में संस्थान 4 साल तक शहर की समस्याओं को दूर करने और उसमें एआई के प्रयोग पर काम करेगा। इस प्रोग्राम के तहत शिक्षण संस्थान व उद्यमी भी सहयोग करेंगे। आईआईटी के प्रो सच्चिदानंद त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार की ओर से एक प्रोग्राम के तहत देश में तीन एक्सिलेंस सेंटर बनाए जाने थे। इनमें कानपुर आईआईटी को शहर की समस्या दूर करने जैसे विषय को लेकर एक्सिलेंस सेंटर के रूप में चुना गया है। सेंटर बनने के बाद अब संस्थान शहर की प्रमुख समस्याओं को दूर करने के लिए काम करेगा। इन समस्याओं में यातायात, प्रदूषण सहित शहरी क्षेत्र में होने वाली रोजमर्रा की दिक्कतों को भी शामिल किया जाएगा। 4 साल के इस प्रोजेक्ट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीक से किस तरह से शहर की समस्याओं को दूर किया जाए उस पर शोधकार्य व सर्वे किया जाएगा। एक्सिलेंस सेंटर के रूप में विकसित होने के बाद अब शिक्षण संस्थान व औद्योगिक घरानों का भी सहयोग उन्हे मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शहर से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए युवाओं की ओर से बनाए गए स्टार्टअप और प्रपोजल को जांचने और उन्हें सहयोग दिए जाने का काम भी सेंटर की ओर से किया जाएगा।

### नशा संबंधी उत्पादों पर लगाएं प्रतिबंध

**कानपुर।** नशा विरोधी मंच ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नशा संबंधी उत्पादों जैसे पान- मसाला, शराब, सिगरेट, बीड़ी आदि के उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध की मांग की है। मंच कार्यालय में हुई बैठक में कहा गया कि जीवन बचाने के लिए नशा संबंधी उत्पादों पर प्रतिबंध बहुत ही जरूरी है। सर्वाधिक मौतें आज शराब, पान मसाला व नशा संबंधी अन्य उत्पादों के सेवन से ही रही हैं। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह चौहान, आदित्य तिवारी, अजय मिश्रा, संदीप पांडेय, शिवा विश्वकर्मा आदि रहे।

### चालकों से कहें, शराब पीकर वाहन न चलाएं

**कानपुर।** ट्रांसपोर्टर्स और यूनियन पदाधिकारियों के साथ संभागीय परिवहन अधिकारियों ने बैठक की। उनसे कहाकि अपने चालकों को समझाएं कि वे शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं और यात्रियों से अभद्रता नहीं करें। ज्यादातर इसी प्रकार की शिकायतें आती हैं। हालांकि हर चालक ऐसे नहीं होते लेकिन ऐसी हरकत वाले चालकों की संख्या काफी है। दीपावली त्योहार पर भीड़ को देखते हुए सुगम यातायात के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन टीम के साथ शहर के बस/ऑटो/ई रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ संभागीय परिवहन कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह एवं संचालन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कहकशां खातून ने किया।

# नगर भ्रमण और समरसता भोज किया

**कानपुर।** शिवशक्ति अखाड़े की ओर से शुक्रवार को परमट मंदिर से बिठूर तक सशस्त्र संन्यासी यात्रा निकाली गई। बिठूर में नगर भ्रमण के बाद हिंदू सम्मेलन और समरसता भोज का आयोजन किया गया।



परमट से सशस्त्र संन्यासी यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

मधु शरण स्वामी ने बताया कि शिवशक्ति अखाड़े की ओर से पनकी मंदिर में आयोजित संन्यासी वृत्ति संस्कार समारोह में 21 जातियों के 30 सहोदर व साहसी युवाओं ने समर्थ, सशक्त व सशस्त्र हिंदू संकल्प के साथ सशस्त्र संन्यास की दीक्षा ली थी। उसकी अगली कड़ी में शुक्रवार को उन्हीं 30 संन्यासियों ने सशस्त्र संन्यासी यात्रा निकाली। जो परमट मंदिर से शुरू होकर पैदल बिठूर पहुंची। बिठूर में पहले नगर भ्रमण हुआ। इसके बाद हिंदू सम्मेलन और फिर समरसता भोज का आयोजन हुआ। यह भोज 30 जातियों के लोग अपने घरों से बनाकर लाए थे, जो सभी को खिलाया गया। सशस्त्र संन्यासी यात्रा का नेतृत्व शिवशक्ति अखाड़े के मधुराम शरण शिवा ने किया। इस मौके पर हर्षित संन्यासी, पीयूष, डॉ. प्रभा, युवराज रहे। बिठूर के अनुज व आकाश ने व्यवस्था संभाली।

## सप्लाई के नाम पर 36 लाख का माल हड़पा

**कल्याणपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में स्थित मोबाइल एजेंसी मंल काम करने वाले युवक ने ऑर्डर का माल तय डीलर को न देकर 524 मोबाइल बेचकर एजेंसी को 36 लाख का चूना लगा दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पनकी ई ब्लॉक निवासी धीरज चतुर्वेदी एसके ट्रेडर्स वेंचर के नाम से मोबाइल की एजेंसी चलाते हैं। गांधीनगर भरत पार्क निवासी धीरज दोलानी सप्लाई का काम देखता था। धीरज डीलरों के आर्डर लेकर डिलीवरी के लिए फर्म से माल ले जाता रहा, लेकिन फर्म द्वारा तय डीलरों को माल न देकर दूसरी जगह बेचता रहा।

# सड़क पर बम फोड़ने में 8 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में बुलट सवार युवकों का सड़क पर दईमार बम फोड़कर उत्पात मचाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कई बुलट पर सवार युवक सड़क पर दईमार बम फोड़ते हुए रफ्तार भर रहे थे। चकेरी पुलिस ने चौकी इंचार्ज श्याम नगर धीरज कुमार की तहरीर पर हनुमंत विहार निवासी अंशुल यादव समेत दस से बारह लोगों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर भय उत्पन्न करना, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक दुबे ने बताया कि बुलट नंबरों के आधार पर सनिगवां गायत्री नगर निवासी युवराज सिंह, सनिगवां निवासी नवील, लकी शर्मा, श्याम नगर सी ब्लॉक के विशु ठाकुर, ई ब्लाक निवासी मृत्युंजय तिवारी, अभिनव कुमार, आदिल सिंह व गिरिजा नगर के आयुष यादव समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। युवराज व नवील की बुलेट भी सीज की है।

## दहेज हत्या में पति को 10 साल कैद

**कानपुर।** जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह की कोर्ट ने दहेज हत्या में पति को 10 साल का कारावास और छह हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता दिलीप अवस्थी ने बताया कि आयशा बानों ने मुकदमा दर्ज कराया था कि अपनी बेटी फहमिदा खातून का निकाह जाजमऊ निवासी इशाफत अली के साथ 25 फरवरी 2019 को किया था। निकाह के बाद फहमिदा का पति इशाफत अली उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा था। इशाफत अली ने फहमिदा को मारपीट कर फांसी पर लटका दिया। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त इशाफत अली को दस साल की सजा सुनाई है।

हेल्थ अलर्ट — पेट संबंधित रोगों की रोकथाम के लिए केएमसी गैस्ट्रोकोज 2024

# गलत खान-पान से बढ़ रहे हर उम्र के पेट के रोगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





केएमसी गैस्ट्रोकोज 2024 की जानकारी देते डॉ.गौरव चावला साथ में डॉ.एचएस चावला, आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी व सचिव डॉ.विकास मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अनियमित जीवनशैली, गलत खानपान, व्यायाम न करने और पौष्टिक चीजों का सेवन न करने की वजह से लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इनमें गेस्ट्रो पेटोलॉजिस्ट लिवर, पैंक्रियाज, गॉल ब्लैडर व आंतों की बीमारियां मुख्य रूप से शामिल हैं। इन समस्याओं के निदान व रोकथाम के संबंध में शनिवार को होटल रॉयल क्लिफ में नौवां केएमसी गैस्ट्रोकोज 2024 होगा, जिसमें देश के कई राज्यों के डॉक्टर शामिल होंगे। यह जानकारी केएमसी में डॉ.गौरव चावला ने दी।

केएमसी के डायरेक्टर डॉ.एचएस चावला ने बताया कि जब सप्ताह में तीन बार से कम मल त्याग होता है तो इसे कब्ज कहते है। यह कम रेशेदार आहार खाने, कम मात्रा में पानी पीने, मैदा से बने उत्पादों का ज्यादा सेवन करने और रात में देर से भोजन करने समेत आदि वजह से होता है। खान-पान में एहतियात न बरतने, वायरल इंफेक्शन होने, किसी दवा का साइड इफेक्ट होने या गंदगी के कारण भी पेट संबंधित रोग होते हैं। अगर छाती और कमर के बीच कहीं भी दर्द महसूस हो रहा है तो इसे पेट दर्द के रूप में माना जाता है।

पेट का दर्द तीन प्रकार का होता है, जलन और दर्द, पेट फूलना या सूजन, चुभन और तेज संवेदनाएं। पथरी, गैस, हार्निया, अल्सर, कब्ज के कारण भी पेट दर्द होता है। डॉ.सौरभ चावला ने बताया कि भोजन और पेय पदार्थ निगलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है तो ऐसे में संबंधित मरीज को बेरियर एक्स-रे, एंडोस्कोपी, मेनामेट्री, फ्लूरोस्कोपी, अवराज व पीएच टेस्ट कराना चाहिए।

### ऐसे करें बचाव

आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि पेट संबंधित रोगों से बचाव के लिए साबुत अनाज, सब्जियां, फल, नट और बीज का सेवन करना चाहिए। वजन नियंत्रण बहुत जरूरी है। आहार में चिकनाई की मात्रा कम करें। सफेद चावल, आलू, सफेद ब्रेड न खाएं। सचिव डॉ.विकास मिश्रा ने बताया कि कम से कम आधा घंटा हफ्ते में पांच दिन व्यायाम करने, दौड़ लगाने व सीमित भोजन के सेवन करने पर फैटी लिवर से छुटकारा पाया जा सकता है।

# अधिकारी सताएंगे तो उद्योग-व्यापार कैसे चलाएंगे

कानपुर। आयुक्त जीएसटी नितिन बंसल के साथ हुई बैठक में शुक्रवार को उद्यमियों और व्यापारियों ने विभागीय कार्यप्रणाली और अधिकारियों की जमकर शिकायत की। छापेमारी के दौरान अभद्र व्यवहार पर रोष जताया। मनमानी रोकने के लिए हर सचल दल के ऊपर एक ज्वाइंट कमिश्नर नियुक्त किए जाने की मांग की। आयुक्त ने समस्याओं के समाधान और सुझाव जीएसटी काउंसिल तक पहुंचाने के लिए आश्वस्त किया।

**आयुक्त जीएसटी से उद्यमियों और व्यापारियों ने मनमानी व अभद्रता रोकने की लगाई गुहार**

### ट्रिब्यूनल बेंच बनाएं, गाड़ी रोकने पर सूचना दें

- बैठक में फीटा ने शहर में ट्रिब्युनल बेंच स्थापित करने की मांग की। महासचिव उमंग अग्रवाल, संयोजक शिव कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव देव दुग्गल ने कहा कि सचल दल के गाड़ी पकड़ने पर उसके गुण दोष की सुनवाई धारा 129 में उसके द्वारा ही की जाती है जिसमें न्याय मिलना संभव नहीं हो पाता। सचल दल को रोकी गई गाड़ी की सूचना तत्काल व्यापारी को मोबाइल पर देनी चाहिए। यदि व्यापारी संतुष्ट नहीं है तो उसे ज्वाइंट कमिश्नर स्तर के अधिकारी से अपनी बात कहने का अधिकार मिलना चाहिए।

### दंड लगाने में हाईकोर्ट की भी अनदेखी

- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री आलोक अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंचे दिनेश बरासिया, जय हेमराजानी, संजय जैन, आलोक रुपानी ने कहा कि जिन मामलों में करापवंचन का इरादा नहीं होता है, उच्च न्यायालय के निर्देश हैं कि सचल दल वाहन नहीं रोकेगा। इसके बावजूद उद्यमियों पर दंड आरोपित कर दिया जाता है। अपील में जाने पर दंड तो माफ हो जाता है परंतु अपील के लिए दंड की दोगुना राशि उद्यमी को जमा करनी पड़ती है।



आयुक्त का स्वागत करते आईआईए के पदाधिकारी।

### स्टेट जीएसटी की मनमानी रोकें

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि स्टेट जीएसटी विभाग ने बिना नोटिस दिए वैट के समय का बकाया दिखाकर बैंक खाते सीज़ करने व खातों से धनराशि निकालने के काफी मामलों का निस्तारण किया है, लेकिन वर्ष 2008-09 से आगे के वर्षों के मामलों में फोन आ रहे हैं।

### जीएसटी रेड के दौरान होती अभद्रता

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी एवं कानपुर महानगर अध्यक्ष कपिल सब्बरवाल ने कहा कि जीएसटी की रेड के दौरान व्यापारियों से अभद्रता की जाती है। बैठक में मंडल से विक्रम पांडे, संयोजक दलजीत सिंह बिल्लू, महामंत्री अजय श्रॉफ, उपाध्यक्ष सौरव गुप्ता मौजूद रहे।

## युवा भी हो रहीं स्तन कैंसर का शिकार

**कानपुर** । युवा आबादी भी स्तन कैंसर का तेजी से शिकार हो रही है। साल 2022 में महिलाओं में स्तन कैंसर के करीब 23 लाख नए मामले सामने आए जबकि विश्वभर में 6,70,000 मौतें हुईं। यह जानकारी इंड्रोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जन डायरेक्टर डॉ.अमित अग्रवाल ने मेडिकल कालेज में दी।

मेडिकल कालेज के एलटी वन में शुक्रवार को लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें डॉ.अमित अग्रवाल ने बताया कि युवा हो या वयस्क किसी भी उम्र की महिला स्तन कैंसर का शिकार हो सकती है। जीवनशैली में बदलाव, आहार में गड़बड़ी के साथ कई प्रकार के पर्यावरणीय कारकों की भी इसमें भूमिका देखी जा रही है। ब्रेस्ट कैंसर को लेकर सभी महिलाओं को कम उम्र से ही सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। यूरोलॉजी रोबोटिक एंड किडनी ट्रांसप्लांट डायरेक्टर डॉ. मनमीत सिंह ने रोबोटिक सर्जरी की जानकारी दी।



किसान मेले में कई स्टाल लगाए गए। अमृत विचार

## किसान मेले में 45 लाख रुपये के बीज बिक गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में लगे किसान मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को ड्रोन प्रदर्शन हुआ। इसमें किसानों को रसायन का छिड़काव व फसल की निगरानी करने का तरीका बताया गया। मेले के दौरान दो दिन में लगभग 45 लाख रुपये के बीज की बिक्री हुई।

दो दिवसीय किसान मेले में नाबार्ड उत्तर प्रदेश के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने मेले के स्टालों का निरीक्षण किया और वहां लगे उत्पादों को देखा। उन्होंने कहा कि किसान अब वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर बेहतर कार्य कर रहे हैं। किसान आपस में मिलकर अब फार्मर कंपनियां भी बना रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी से निश्चित तौर पर किसानों में जागरूकता आती है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि मेला प्रांगण में लगे विभिन्न स्टालों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ सीएल मौर्य, डॉ विजय कुमार, डॉ पीके राठी, डॉ पीके उपाध्याय, डॉ वीके कनौजिया रहे।



मतगणना के लिए की गई बेरीकेडिंग। अमृत विचार

## बार एसो. चुनाव की मतगणना आज सुबह 9 बजे से होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाना हॉल में होगी मतगणना, हुई बेरिकेडिंग
- सबसे पहले अध्यक्ष व महामंत्री का परिणाम आएगा

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी गठन के लिए शनिवार सुबह 9 बजे से महाना हॉल में मतगणना शुरू होगी। एल्डर्स कमेटी ने बताया कि मतपेटियों की सील खोलते और मतपत्रों को क्रमबद्ध करते समय केवल अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशी ही मौजूद रहेंगे। इस प्रक्रिया के बाद जिन मतों की गिनती शुरू होगी, उस पद के प्रत्याशियों को सूचित किया जाएगा। शताब्दी गेट से बार भवन और लॉन के चारों ओर बैरिकेडिंग के अंदर कोई नहीं रहेगा। देर शाम तक सबसे पहले अध्यक्ष व महामंत्री का परिणाम आने की संभावना है।

बार एसोसिएशन चुनाव के लिए गुरुवार को हुए मतदान में 79.9 फीसद वोट पड़े थे। 6516 में से 5206 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतदान समाप्त होने पर मतपेटियों को बार एसोसिएशन स्थित स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया था। शनिवार को कड़ी सुरक्षा में सुबह नौ बजे से महाना हॉल में मतगणना शुरू होगी। सुबह मतपेटियों की सील खोलने के समय अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशी रहेंगे। इसके जैसे-जैसे जिस पद की मतगणना होगी, उन प्रत्याशियों को सूचित किया जाता रहेगा। सिर्फ वही प्रत्याशी मतगणना स्थल पर रहेंगे, जिनके पदों के लिए मतगणना होगी। शेष मतगणना स्थल से बाहर रहेंगे। यदि कोई प्रत्याशी अपना प्रतिनिधि देना चाहे तो प्रत्याशी नहीं रहेगा। केवल एक ही व्यक्ति मतगणना स्थल पर होगा। मतगणना से पहले शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने शताब्दी गेट से बार भवन व लॉन के चारों तरफ बैरिकेडिंग कराई। जिसके अंदर मतगणना के दिन कोई नहीं रहेगा। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन उमाशंकर गुप्ता ने कहाकि सभी प्रत्याशियों व अधिवक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा है।

### इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा

अध्यक्ष व महामंत्री पद पर आठ-आठ प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सात, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सात, मंत्री पद पर चार, कोषाध्यक्ष पद पर पांच, संयुक्त मंत्री प्रशासन के लिए छह, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पर सात, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पर छह प्रत्याशी मैदान में हैं। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 18 और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 23 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## 11 किसानों ने दी 13.30 करोड़ की जमीन

**न्यू कानपुर सिटी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** न्यू कानपुर सिटी योजना को धरातल पर लाने के लिए केडीए लगातार प्रयास कर रहा है। शुक्रवार को 11 किसानों ने अपनी भूमि केडीए के नाम कर दी, उन्हें सर्किल रेट से चार गुना मूल्य केडीए ने दिया।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल व सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में केडीए के भूमि बैंक अनुभाग एवं नोडल अधिकारी न्यू कानपुर सिटी परियोजना डॉ. रवि प्रताप सिंह ने 11 किसानों से करीब 1.52933 हेक्टेयर भूमि खरीदी। भूमि के मालिक नारायन, डाल्फिन डेवलपर्स के डायरेक्टर आनंद कुमार गुप्ता, आनंद रेजीडेंसी, कांती देवी रमेश चंद्र, मदन मोहन, आलोक कटियार, बदहू क्रेता मेसर्स आनंद रेजीडेंसी व अंकित सिंह समेत 11 किसानों को सर्किल दर से चार गुना मूल्य यानी 13,30,59,160 रुपये धनराशि का डिमांड ड्राफ्ट वितरित किया। इस दौरान भूमि बैंक अनुभाग से तहसीलदार डॉ.अर्चना शर्मा, तहसीलदार रामनाथ, नायब तहसीलदार मौजी लाल, अमीन संतोष कुकार व रामपाल मौजूद रहे।

**30 किसानों से 3.1 हेक्टेयर भूमि लेने की प्रक्रियाः** नोडल अधिकारी ने बताया कि अगले चरण के लिए 30 काश्तकारों से वार्ता की जा रही है, जिनका कुल रकबा लगभग 3.1 हेक्टेयर व प्रतिकर की धनराशि लगभग 16 करोड़ की सहमति के आधार पर प्राधिकरण के पक्ष में क्रय किये जाने की प्रक्रिया चल रही है।



किसानों को डिमांड ड्राफ्ट वितरण करते न्यू कानपुर सिटी परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ .रवि प्रताप। अमृत विचार

### जो नहीं बेचेंगे जमीन उन पर होगी कानूनी कार्रवाई

- न्यू कानपुर सिटी के नोडल अधिकारी ने बताया कि जो काश्तकार सहमति से अपनी जमीन केडीए के पक्ष में विक्रय नहीं करेगें, उनकी भूमि का अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता का अधिकार कानून-2013 व नियमावली 2016 के अन्तर्गत कार्रवाई होगी। इसके माध्यम से जमीन का अधिग्रहण केडीए द्वारा किया जाएगा।

### न्यू कानपुर सिटी परियोजना

पूर्व से अर्जित भूमि - 55 .07 हेक्टयर
सहमति से क्रय भूमि - 32 .10 हेक्टेयर
ग्राम समाज की भूमि - 8 .50 हेक्टेयर

## पहली बार ई बसों की कमान किसी पीसीएस अफसर को सौंपी गई

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** ई बसों की व्यवस्था संभालने के लिए पहली बार मुख्य संचालन अधिकारी की कमान पीसीएस अधिकारी रजनीश राजपूत को सौंपी गई है। मुख्य संचालन अधिकारी का ये पद बीते दिनों डीवी सिंह को बर्खास्त करने के बाद खाली हुआ था। डीवी सिंह कुछ वर्ष पूर्व रोडवेज कानपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक रह चुके थे।

शुक्रवार को मुख्य संचालन अधिकारी रजनीश राजपूत एवं ई बसों के प्रभारी अभिनव निगम ने कानपुर से बिंदकी के लिए ई बसों को रवाना किया। बिंदकी मार्ग पर अब बसों की संख्या 17 हो गई है जबकि जहानाबाद के लिए 3 बसें पहले से चल रही हैं। मुख्य संचालन अधिकारी ने बताया कि गजनेर के लिए भी जल्द बसें चलेंगी। उन्होंने बताया कि हेराफेरी रोकने के लिए उन्हीं कंडक्टरों को ड्यूटी दी जा रही है जिनका लोड फैक्टर 60 प्रतिशत है।



ई-बसों की जांच करते मुख्य संचालन अधिकारी रजनीश राजपूत। अमृत विचार

### ताबड़तोड़ छापेमारी से दहशत

मुख्य संचालन अधिकारी अपनी टीम के साथ ई बसों की वास्तविकता जानने के लिए छापेमारी कर रहे हैं जिससे कंडक्टरों में दहशत है। कई बार ई बसों के कंडक्टर 20-20 बेटिकट ढोते मिल चुके हैं। हालांकि ये पहला मौका है जब किसी पीसीएस अधिकारी को ई बसों की जिम्मेदारी देकर उसे दुरुस्त करने की कोशिश की गई है।

## दीपावली पर शुभ संयोग से आएगी सुख-समृद्धि

**कानपुर** । पांच शुभ संयोग के कारण इस बार दीपावली सुखों को देने वाली होगी। कार्तिक मास प्रदोष व्यापिनी अमावस्या 31 अक्टूबर को होने से रात की निशीत बेला काली व बही बछना पूजन के लिए और व्यापारियों के लिए अतिश्रेष्ठ है। चित्रा नक्षत्र व चर योग के कारण सुख, शांति व समृद्धि आएगी।

धूनी ध्यान केंद्र के आचार्य अमरेश मिश्रा ने बताया कि दीपावली पर पांच महायोगों में त्योहार मनाया जाएगा। कार्तिक मास प्रदोष व्यापिनी अमावस्या 31 अक्टूबर को होने के कारण रात की निशीत बेला काली पूजन व बही बछना पूजन के लिए और व्यापारियों के लिए श्रेष्ठ है। चित्रा नक्षत्र व चर योग ऐसे योगों के कारण यह दिवाली सुख, शांति, समृद्धि व व्यापार में वृद्धि, परिवार में प्रेम सहित सुखों को देने वाली है।

## सार-संक्षेप



दीपावली बाजार में खरीदारी करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

### मोतीझील में लगे दीपावली बाजार में उमड़े खरीदार

**कानपुर।** शाइन ईवेंट्ज एंड एग्जिबिट्स ने न्यू कानपुर यूथ क्लब के साथ मिलकर मोतीझील में दीपावली बाजार लगाया है। यहां घर में उपयोग होने वाला प्रत्येक जरूरत का सामान मिल रहा है। यही वजह है कि सुबह से लेकर देर रात तक बड़े पैमाने पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। मोतीझील लॉन नं -2 में आयोजित यह बाजार 27 अक्टूबर तक चलेगा। दीपावली बाजार में शुक्रवार को महापौर प्रमिला पांडेय भी पहुंची और खरीदारी की। उन्होंने यहां लगाए गए स्टालों पर मिल रहे उत्पादों की तारीफ की। उन्होंने स्टॉल पर जाकर दुकानदारों से बात भी की। मेला संयोजक आमिर सिद्दीकी ने उन्हें बताया कि इस बार प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण हैन्डीक्राफ्ट के स्टाल हैं। जिसमें दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं किफायती दाम पर मिल रही हैं। सिल्क के कपड़ों के साथ ही अन्य प्रकार के कपड़े, दीपावली त्योहार से संबंधित वस्तुएं एवं आयुर्वेद व स्वदेशी चिकित्सा एवं स्वदेशी कला पर आधारित आभूषण के साथ ही लजीज व्यंजन के स्टॉल भी लगाए गए हैं।



विजयी खिलाड़ी पदक दिखाते हुए। अमृत विचार

### सेंट एलाएसिस हाउस को ओवर ऑल ट्रॉफी

**कानपुर।** किदवई नगर 'के' ब्लॉक स्थित सेंट थॉमस विद्यालय कानपुर का वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को हुआ। रतन लाल शर्मा स्टेडियम में हुए आयोजन में विद्यालय के चार हाउस के बीच प्रतियोगिताएं हुई। इनमें सेंट एलोएसिस, सेंट जेवियर, सेंट जोसेफ, सेंट पैट्रिक हादस शामिल रहे। प्रतिभागियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर रेस में हिस्सा लिया। सेंट एलाएसिस हाउस ने ओवर ऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रधानाचार्य फादर थॉमस कुमार, मुख्य अतिथि फादर फ्रांसिस जेवियर जोसेफ रहे।



स्कूल में छात्रों ने कई खेल खेले। अमृत विचार

### खिलाड़ियों ने जीते ईनाम

**कानपुर।** रतनलाल नगर स्थित न्यू स्टेपिंग स्टोन इंटरनेशनल स्कूल के एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किदवई नगर स्थित रतन लाल शर्मा स्टेडियम में किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजय कपूर ने की। '100 मी. दौड़' में आध्या शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों की 'टंग ऑफ वार' के प्रथम राउण्ड में टीम ए एवं द्वितीय राउण्ड में टीम बी तथा फाइनल राउण्ड में भी टीम बी आगे रही। प्रधानाचार्य आरके गुप्ता, उप प्रधानाचार्य अंजू वाधवा व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं रहे।



स्कूल में छात्राओं ने रंगोली बनाई। अमृत विचार

### रंगोली बनाकर जीता मन

**कानपुर।** लाफिंग बुद्धा एकेडमी में छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बच्चों ने दिवाली के उपलक्ष्य में सुंदर रंगोली सजाकर सबका मन मोह लिया। इसमें विद्यालय के छात्र लक्ष्य, इल्तिशा, अविका, फैज़ा, वैभव, जान्वी, शिवांश, अंशिका, निमिशा, आराध्या आदि ने इस रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रधानाचार्या संध्या सचान, रीता, साधना, विनिता, शिखा, मनीषा, रूचि आदि ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

**सुविधा** — दीपावली, छठ पूजा पर उमड़ना वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने दी राहत

## साबरमती, अजमेर, लखनऊ और वाराणसी के लिए विशेष ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** दीपावली, छठ पूजा पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन साबरमती-अजमेर-लखनऊ एक्सप्रेस और राजकोट-गोरखपुर-राजकोट के लिए विशेष ट्रेन चलाएगा।

उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकरी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि 07649 प्रत्येक सोमवार को 28 अक्टूबर, 30 अक्टूबर, 4 और 6 नवंबर को चलेगी। 07649 मौला अली से सायं 4.45 बजे चलेगी। तीसरे दिन बुधवार को रात 2.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार 07650 मुजफ्फरपुर से बुधवार को भोर 4.50 बजे चलेगी और तीसरे दिन मौला अली अपराह्न 3.30 बजे पहुंचेगी और फिर वहां से सिंकराबाद सायं 4 बजे, लिंगमपल्ली सायं 7 बजे पहुंचेगी।

**साबरमती-अजमेर-लखनऊ एक्सप्रेस :** गाड़ी संख्या 09445 साबरमती से रात 10 बजे चलेगी। अजमेर सुबह 6.15 बजे पहुंचेगी। जयपुर सुबह 9.05 बजे, बांदीकुई सुबह 10.38 बजे, आगरा फोर्ट दोपहर 1.40 बजे, टूंडला दोपहर 2.20 बजे, कानपुर सेंट्रल स्टेशन सायं 7.10 बजे, लखनऊ रात 8.50 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 09446 लखनऊ से रात 11.50 बजे चलेगी। कानपुर रात 1.20 बजे आएगी, टूंडला सुबह 4.55 बजे पहुंचेगी, जयपुर पूवार्ह्न 11 बजे, अजमेर दोपहर 1.25 बजे, पालमपुर सायं 7.50 बजे, साबरमती रात 9.30 बजे पहुंचेगी।

**राजकोट-गोविंदपुरी-गोरखपुर एक्सप्रेसः** गाड़ी संख्या 09597 राजकोट से प्रत्येक बुधवार को दोपहर 3.15 बजे रवाना होगी। दूसरे दिन गुरुवार को अजमेर रात 00.53 बजे पहुंचेगी। टूंडला सुबह 9.20 बजे, शिकोहाबाद सुबह 10.02 बजे, इटावा दोपहर 12.05 बजे, गोविंदपुरी दोपहर 2.05 बजे, उन्नाव दोपहर 2.40 बजे, लखनऊ सायं 4 बजे, बाराबंकी सायं 4.40 बजे, गोंडा सायं 6 बजे, गोरखपुर रात 9.30 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी सख्या 09598 गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को रात 1 बजे रवाना होगी। बस्ती रात 2.05 बजे, गोंडा रात 3.25 बजे, बाराबंकी सुबह 5 बजे, लखनऊ सुबह 5.40 बजे, उन्नाव सुबह 7 बजे, गोविंदपुरी कानपुर 7.40 बजे पहुंचेगी। इटावा 9.50 बजे, शिकोहाबाद दोपहर 12 बजे, टूंडला दोपहर 1.30 बजे, आगरा फोर्ट दोपहर 2.10 बजे, भरतपुर दोपहर 3.15 बजे, अजमेर रात 9.55 बजे, पिंडवारा रात 1.40 बजे, राजकोट सुबह 10 बजे पहुंचेगी।

**अहमदाबाद-गोविंदपुरी-वाराणसीः** गाड़ी संख्या 09403 अहमदाबाद से प्रत्येक मंगलवार को रात 10.40 बजे रवाना होगी। गोधरा रात 1.44 बजे, रतलाम सुबह 4.20 बजे, संवाई माधोपुर दूसरे दिन सुबह 10.13 बजे, आगरा फोर्ट दोपहर 2.30 बजे, टूंडला सायं 4.25 बजे, गोविंदपुरी कानपुर रात 8 बजे पहुंचेगी। फतेहपुर रात 9.05 बजे, प्रयागराज रात 1 बजे, वाराणसी सुबह 4.05 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 09404 वाराणसी से प्रत्येक गुरुवार को सुबह 7.15 बजे रवाना होगी। ज्ञानपुर रोड सुबह 8.47 बजे, ये ट्रेन वाया रामबाग चलेगी और प्रयागराज 10.20 बजे, फतेहपुर 12.05 बजे, गोविंदपुरी कानपुर दोपहर 1.15 बजे, टूंडला सायं 7.15 बजे, आगरा फोर्ट रात 8.25 बजे, रतलाम दूसरे दिन सुबह 10 बजे, गोधरा दोपहर 1.50 बजे, अहमदाबाद सायं 6 बजे पहुंचेगी।

### अहमदाबाद-दानापुर-अहमदाबाद ट्रेन

- गाड़ी संख्या 09461 अहमदाबाद से प्रत्येक शनिवार सुबह 8 .25 बजे चलेगी। उज्जैन सायं 5 .25 बजे, शिवपुरी रात 1 .03 बजे, ग्वालियर रात 3 .55 बजे, सोनी रात 4 .30 बजे, इटावा सुबह 6 .10 बजे, गोविंदपुरी कानपुर सुबह 7 .32 बजे पहुंचेगी। फतेहपुर सुबह 8 .42 बजे, प्रयागराज 10 .45 बजे, मिर्जापुर दोपहर 12 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन दोपहर 2 बजे, बक्सर दोपहर 3 .14 बजे, आरा सायं 3 .57 बजे और दानापुर सायं 4 .50 बजे पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 09462 दानापुर से प्रत्येक रविवार को रात 9 .55 बजे रवाना होगी। आरा रात 10 .40 बजे, बक्सर रात 11 .48 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रात 2 .10 बजे, मिर्जापुर सुबह 4 .03 बजे, प्रयागराज सुबह 5 .30 बजे, फतेहपुर सुबह 6 .54 बजे, गोविंदपुरी कानपुरी सुबह 8 .25 बजे, इटावा 9 .55 बजे, ग्वालियर दोपहर 12 .52 बजे पहुंचेगी। शिवपुरी दोपहर 2 .30 बजे, उज्जैन रात 9 .30 बजे, रतलाम रात 00 .05 बजे, गोदरा रात 3 .35 बजे, अहमदाबाद सुबह 7 .10 बजे पहुंचेगी।

# आरोग्य पशु मेला में उमड़ी पशुपालकों की भीड़

## गौ पूजन कर प्रधान प्रियंका सिंह ने मेले का किया उद्घाटन ,कार्यक्रम में पशुपालकों को दी गईं जानकारियां

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के बनी गांव में शुक्रवार को पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों के बाबत महत्वपूर्ण जानकारियां दिए जाने के साथ मौके पर पहुंचे पशुओं की जांच व उपचार कर निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

शासन की मंशानुसार गांव गांव आयिजित हो रहे पं दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य मेला की कड़ी में शुक्रवार को क्षेत्र के बनी गांव में आयोजित मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रियंका सिंह ने फीता काटकर व गौ पूजन के साथ किया। तत्पश्चात पशु चिकित्सक डॉ.अरुण कुमार कटियार व डॉ. राजेश सिंह ने पशुपालकों को मवेशियों में होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं । इस दौरान यहां पहुंचे पशुओं का टीकाकरण, पशु प्रजनन, बांझपन, कृमि लघु शल्य चिकित्सा आदि उपचार के अलावा पशुओं का बीमा भी किया गया।

राजकीय पशु चिकित्सा केंद्र इटरा प्रभारी ने बताया कि मेले में आए 570 मवेशियों का रजिस्ट्रेशन के उपरांत उपचार कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। चिकित्सकों ने बताया कि बदलते मौसम के साथ पशुओं में बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। इनसे बचाव के लिए जानकारी होना आवश्यक है। समस्या होने पर नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र में जाकर चिकित्सकों से परामर्श लें। इस दौरान पशुपालन विभाग की योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया गया। इस दौरान मेले में लगे विभिन्न स्टालों पर पशुपालकों की भरी भीड़ नजर आई। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने निकट स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय दयालपुर के प्रधानाध्यापक अब्दुल मजीद सिद्दीकी व शिक्षिका डॉ. वंदना द्विवेदी के साथ विद्यालय में पौधारोपण कर बच्चों से इनकी देखभाल किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में पशुधन प्रसार अधिकारी ,फार्मासिस्ट राघवेंद्र कुमार ,राहुल सिंह आदि के साथ बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।


गौ पूजन करतीं ग्राम प्रधान प्रियंका सिंह। अमृत विचार


गाय गुड़ खिलाते अधिकारी। अमृत विचार

### भीतरगांव में भी पशुओं की जांची गई सेहत

**घाटमपुर।** घाटमपुर के विकासखंड भीतरगांव की ग्राम पंचायत कुड़नी में पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन पशुपालन विभाग द्वारा किया गया इस मौके पर पशुओं की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश वर्मा ने ब्लॉक प्रमुख अशोक सचान तथा जिला पंचायत सदस्य संतोष कश्यप ने गो पूजन कर पशु आरोग्य शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को वर्गीकृत सीमेन द्वारा गायों का कृत्रिम गर्भाधान करा अधिक से अधिक बछिया उत्पादन का लाभ उठाने चाहिये। पशु पालन विभाग द्वारा चलाई जा रही पशुधन बीमा योजना,मुख्यमंत्री सहभागिता योजना आदि की भी जानकारी दी गईं। कार्यक्रम के दौरान ,प्रधान प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल,कुलदीप पटेल, पैरावेट्स लाल प्रताप, सुप्रिया विकास,आदि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ वर्मा ने मौजूद लोगो से प्रतिदिन खाना बनाते समय पहली रोटी गौमाता के लिए बनाने की अपील करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सगाई के 21 दिन बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सरसौल।** सरसौल में एक युवक ने शुक्रवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। करीब 21 दिन पहले उसकी सगाई और गोदभराई का कार्यक्रम हुआ था। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

सरसौल कस्बे में संजय अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके बड़े बेटे सूरज (22) की शादी रानीपुर फतेहपुर की रहने वाली युवती से तय हुई थी। गत 4 अक्टूबर को बरीक्षा और गोदभराई का कार्यक्रम हुआ था। पिता के अनुसार वह शाम 4 बजे घर पहुंचे तो देखा कि कमरे में सूरज का शव रस्सी के सहारे पंखे के कुंडे से लटक रहा था।

आनन फानन पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर घरवालों से पूछताछ की। हालांकि कोई भी कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं है। घरवाले भी कुछ बता नहीं सके।

# किशोरी से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

संवाददाता,बिधनू



**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी ने शुक्रवार को पड़ोसी गांव के व्यक्ति पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया है। किशोरी के मुताबिक बीती 18 अक्टूबर को वह रमईपुर स्थित बाजार में खरीददारी करने गई हुई थी।

वहां पर जहानपुर निवासी 45 वर्षीय अमरीश कुमार ने उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की थी। आरोप है कि विरोध करने पर व्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए किशोरी संग मारपीट भी की थी। घटना के बाद किशोरी स्वजन संग पुलिस के उच्चाधिकारियों के पास शिकायत करने पहुंची। जिनके आदेश पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना जांच की जा रही है।

### 2 किशोरियां लापता , तलाश में जुटी पुलिस

**सेनपश्चिम पारा।** कोरियां चौकी क्षेत्र के एक गांव में बीते बुधवार दोपहर घर से निकली दो सगी बहनें संदिग्ध हालत में लापता हो गई। मां ने गुरुवार अनहोनी की आशंका जताते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई है। मां ने बताया कि बीते बुधवार की दोपहर वह बाजार गई हुई थी। करीब साढ़े तीन बजे 16 वर्षीय बड़ी बेटी व 14 वर्षीय मंझली बेटी तीसरे नंबर की बेटी को थोड़ी देर में वापस आने की बात कहते हुए घर से निकल गई थीं। शाम को जब वह वापस नहीं लौटीं तो आसपास व रिश्तेदारी में दोनों की तलाश की, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। जिसमें दोनों बहनें पैदल जाती दिख रही हैं। दोनों की तलाश की जा रही है।

# नाटक के जरिये भ्रष्टाचार पर किया प्रहार

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक महत्वपूर्ण पहल के तहत डीएवीएनयूपीपीएल स्कूल के छात्रों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के दौरान भ्रष्टाचार से बचने के लिए एक नाटक प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम 250 से अधिक लोगों की उपस्थिती के साथ आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय निवासी, मीडिया प्रतिनिधि, अधिवक्ता और तहसील स्टाफ शामिल थे।

इस कार्यक्रम में 30 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। जिसने दर्शकों के बीच ईमानदारी की आवश्यकता का संदेश फैलाया। इस अवसर पर घाटमपुर के तहसीलदार, डीजीएम एचआर नेवेली, एसीएम एचआर नेवेली, डीएवीएनयूपीपीएल के प्रधानाचार्य और एनयूपीपीएल के सतर्कता विभाग के प्रतिनिधि श्री सिद्धार्थ पांडे और शुयश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।


नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

- घाटमपुर तहसील में सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

तहसीलदार घाटमपुर ने बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और इस कार्यक्रम को भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के संदेश को फैलाने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समुदाय में ईमानदारी और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को उजागर करता है, बल्कि हमें एक भ्रष्टाचार-मुक्त समाज बनाने की सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है। समुदाय से मिली अपार प्रतिक्रिया इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर निरंतर संवाद और सहभागिता की आवश्यकता को दर्शाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे लोगों में जागरूकता आती है।

# मौरंग धुलाई सेंटर का हो रहा है संचालन

**घाटमपुर।** घाटमपुर में अनूपपुर मोड़ से बरीपाल परास रोड पर कानून को ताख पर रखकर अवैध तरीके से मौरंग धुलाई सेंटरों का संचालन हो रहा है।

मौरंग धुलाई सेंटरों को लेकर जिला अधिकारी के द्वारा नाराजगी जताई गई थी, जिसके बाद एसडीएम के द्वारा एक्सईएन विद्युत विभाग व भूगर्भ जल के साथ कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। वहीं नलकूपों के बिजली कनेक्शन भी काटे गए थे। वहीं उन्हें सीज किए जाने की भी कार्रवाई की गई थी। परंतु अधिकारियों के आदेश को ताख में रखते हुए फिर से मौरंग धुलाई का काम लगातार चल रहा है। ये मौरंग धुलाई सेंटर ट्रकों में लोड मौरंग की धुलाई कर उसे साफ करने के नाम पर ठीक-ठाक रकम भी वसूल कर रहे हैं। ज्यादातर स्थानों पर कृषि कार्य के लिए लगे निजी नलकूपों से यह कार्य किया जा रहा है, जिससे राजस्व की भी हानि हो रही है।


समिति में स्टॉक चेक करतीं एसडीएम रश्मि लांबा। अमृत विचार


ककवन केंद्र पर खाद लेने के लिये अपनी बारी का इंतजार करते किसान। अमृत विचार

# सहकारी केंद्रों पर बंटी खाद, उमड़े किसान

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** खाद की किल्लत की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी अब केन्द्रों पर जा कर खाद वितरण की स्थिति को चेक कर रहे हैं।

बिल्हौर के पीसीएफ केंद्र पर उप जिलाअधिकारी रश्मि लांबा ने अचानक पहुंच कर स्थिति को परखा। जहां पर 720 खाद के पैकेट के स्टॉक में 18 बोरी खाद की कम मिली जिसको लेकर केंद्र प्रभारी से जवाब मांगा गया है । देर शाम को प्रभारी के विरुद्ध नोटिस जारी करने की बात कही गई । उप जिलाधिकारी के साथ नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने खड़े होकर किसानों से रेट के साथ उपलब्धता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और लेखपाल की मौजूदगी में खाद वितरण कार्य संपन्न कराया ।

इसी तरह अरौल के सहकारी केंद्र पर भी खाद लेने के लिए भारी संख्या में किसान पहुंचे। वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने आये हुए किसानों को खाद देकर संतुष्ट किया। ककवन कस्बे के सहकारी समिति पर एनपीके खाद के लिए सैकड़ों किसान की लाइन लगी रही हालांकि पर्याप्त खाद होने के चलते सभी किसानों को खाद उपलब्ध मिल गई। इन दिनों आलू और गेहूं की बुआई के लिए किसान जोरों से लगा हुआ है । विभाग के एडीसीओ संजय कुमार तिवारी ने बताया कि विभाग के द्वारा सभी समितियों पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन अन्य जनपदों के किसानों के कारण खाद कम पड़ जाती है। शासन द्वारा आलू के लिए प्रति हेक्टेयर खाद की उपलब्धता तय की गई है । सभी प्रभारियों को इस बात के सूचना भी दे दी गई है मानक के अनुसार ही खाद किसान को उपलब्ध कराएं ।

विभाग की ओर से जारी किए गए निर्देशों में बताया गया की गेहूं के लिए प्रति हेक्टेयर डीएपी की मात्रा 1 क्विंटल 30 किलो होनी चाहिए, जबकि एनपीके की 1 क्विंटल 88 किलो इसी तरह आलू की फसल के लिए डीएपी की मात्रा 1 क्विंटल 73 किलो होनी चाहिए और एनपीके की मात्रा 2 क्विंटल 82 किलो होनी चाहिए ।

# अध्यापक ने छात्र को पीटा, वीडियो वायरल

संवाददाता बिठूर

**अमृत विचार।** बिठूर थाना क्षेत्र के नारामऊ स्थित एक निजी स्कूल के अध्यापक ने कक्षा 8 में पढ़ने वाले एक छात्र की छड़ी से जमकर पिटाई कर दी, जिससे छात्र की पीठ पर काले निशान पड़ गये। शाम को स्कूल प्रबंधन और परिजनों में समझौता हो गया।

परगही नई बस्ती निवासी अशोक यादव के बेटे नवल को अर्द्धवार्षिक परीक्षा में कम अंक मिलने की वजह से स्कूल के शिक्षक ने छड़ी से जमकर पीट दिया था। पिटाई से छात्र की पीठ पर काले निशान पड़ गए। घर पहुंचने पर छात्र ने परिजनों को मामले की जानकारी दी। इससे गस्स्ये परिजनों ने छात्र की चोटिल पीठ की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया हालांकि अमृत विचार इन फोटों की पुष्टि नहीं करता है। वायरल फ़ोटो को संज्ञान में लेकर मंधना चौकी इंचार्ज स्कूल पहुंचे और छात्र के अभिभावकों को भी विद्यालय बुलाया गया। आरोपित शिक्षक ने बताया छात्र के कई विषयों में कम अंक आये इसीलिए गुस्से में आकर छात्र को पीट दिया। वहीं छात्र के पिता अशोक का कहना है कि स्कूल की फीस बाकी है इसीलिए उनके बेटे को पीटा गया। इसके बाद शिक्षक ने छात्र के स्वजनों से माफी मांगी। देर शाम स्वजन और स्कूल प्रबंधन के बीच मंधना चौकी में गलती मानते हुए समझौता कर लिया गया। थाना प्रभारी बिठूर इंस्पेक्टर प्रेमनरायन विश्वकर्मा ने बताया शांतिपूर्ण ढंग से समझौता हो गया है इसके बाद भी अगर कोई तहरीर मिलती है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बीबीपुर गांव में पशु बाड़े से किसान का थ्रेसर हुआ चोरी

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीबीपुर में बीती रात एक किसान के खेत से उसका थ्रेसर चोरी हो गया। किसान का थ्रेसर गांव के बाहर स्थित पशुबाड़े में खड़ा करके घर आ गया था।

अगली सुबह जब वह अपने पशु बाड़े में पहुंचा तो उसका थ्रेसर गायब था। सुबह पीड़ित ने चारों तरफ खोजबीन की परंतु उसका थ्रेसर नहीं मिला। तब पीड़ित ने थाना सजेती में जाकर अपनी आपबीती सुनाई। बीबीपुर गांव निवासी वीरेंद्र पुत्र भूरा ने बताया कि थ्रेसर उसके गांव के बाहर पशु बाड़ा स्थित घेरे से चोरी हो गया है। जिसकी शिकायत सजेती पुलिस से की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आश्वासन देते हुए थ्रेसर को तुरंत ढूंढने व चोरों को पकड़ने को आश्वासन पीड़ित को दिया है।

# बच्चों को बताया तंबाकू से होता है कैंसर

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया । शुक्रवार को ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. अमित कुमार विकास खंड क्षेत्र के अरायजेशेपुर, दलेलपुर, बछना,उत्तमपुर आदि गांव के कई सरकारी विद्यालयों में पहुंचे। विद्यालयों में पहुंच कर बच्चों को तंबाकू से होने वाली घातक बीमारियों के बारे में बताया।

साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि तंबाकू हमारे पर्यावरण के लिए भी खतरनाक है। तंबाकू के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बच्चों को डॉ. अमित द्वारा तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव और पर्यावरण पर पड़ने वाले खतरे को लेकर बच्चों को स्लोगन और पोस्टर बनाने को कहा। उन्होंने बताया कि अच्छे पोस्टर बनाने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फेफड़ों की बीमारियां जैसेः क्रोनिक ब्रोंकाइटिस व एम्फिसेमा होने की मुख्य वजह धूम्रपान को ही माना गया है। क्रोनिक यानी लंबे समय तक धूम्रपान करने से फेफड़े एवं सांस की नली में कैंसर होने की संभावना काफी ज्यादा होती है। पूरे विश्व में कैंसर से होने वाली मृत्यु में फेफड़े के कैंसर के सबसे अधिक है। बीड़ी, सिगरेट, खैनी, पान मसाला, पुड़िया, जर्दा, पीला पत्ती आदि के सेवन से मुंह का कैंसर (ओरल कैंसर) की संभावना बनी रहती है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र राजपूत के साथ विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद रहे ।



विजेता बच्चों को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

# बिजली विभाग ने 30 घरों के काटे विद्युत कनेक्शन

संवाददाता,घाटमपुर

- 15 घरों के उखड़े गए विद्युत मीटर, कैंप लगाकर 1 लाख रुपये का बिल हुआ जमा

**अमृत विचार।** घाटमपुर के जहांगीराबाद में विद्युत विभाग के द्वारा शुक्रवार दोपहर कैंप लगाया गया। इस दौरान यहां पर लगभग एक लाख रुपये का बकाया विद्युत बिल जमा हुआ। टीम के ने 30 घरों के विद्युत कनेक्शन काटे । साथ ही बिजली का बिल न जमा करने वाले लगभग पंद्रह घरों से टीम ने विद्युत मीटर भी उखाड़ा है।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में शुक्रवार दोपहर विद्युत विभाग के द्वारा समाधान कैंप लगाया गया। यहां पर मौजूद घाटमपुर एसडीओ मुकेश कटियार ने उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने पर उन्हें मिलने वाली बचत की जानकारी दी। इसके साथ ही टीम के द्वारा जहांगीराबाद गांव में विद्युत बिल बकाया कनेक्शन धारकों के घर पर छापे मारी की गई। इस दौरान टीम के द्वारा 30 घरों के विद्युत कनेक्शन काटे गए। वहीं बिजली का बिल न जमा करने वाले 15 घरों के विद्युत मीटर टीम के द्वारा उखड़ दिए गए। साथ ही बिल जमा न करने पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही गई। इस दौरान यहां पर पहुंचे कनेक्शन धारकों ने लगभग एक लाख रुपए का बिजली का बकाया बिल जमा किया है। घाटमपुर एसडीओ मुकेश कटियार ने बताया की कैंप में तीस लोगो के विद्युत कनेक्शन काटे गए है। कई महीनो से बिल न जमा करने वाले पंद्रह घरों से मीटर उतार लिए गए है।

ग्राहक जागरूकता | ग्रामीण इलाकों के साथ शहरों में भी दुकानदार मिठाई के साथ तौल रहे डिब्बे

# डिब्बे के साथ तौलाकर न लें मिठाई, दुकानदार को टोकें

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** त्योहारों के मौके पर अक्सर मिठाई के साथ मिठाई की दुकानदार डिब्बे का वजन करके उपभोक्ता का बड़ी मात्रा में चूना लगा रहे हैं। बांट माप विभाग के पास इसकी लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। विभाग का कहना है कि स्टाफ के अभाव में वह कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन उपभोक्ताओं को स्वयं भी सतर्क रहना चाहिए। घटतौल या मिठाई के साथ डिब्बा तौलने पर वह दुकानदार को टोकें यह उनका अधिकार है।

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के कस्बे में मिठाई की दुकानों और मीट की दुकानों पर कम वजन की शिकायतें बांट माप विभाग के अधिकारियों से की गई हैं। मिठाई दुकानदारों का हाल यह है वह मिठाई के साथ 100 से 200 ग्राम का डिब्बा भी ग्राहकों को तौलकर देते हैं। इससे उपभोक्ता को 1 किलो मिठाई लेने में 8 से 9 सौ ग्राम मिठाई ही उपभोक्ता को मिलती है। इसमें बिल्हौर कस्बे की एक बड़ी दुकान भी शामिल है।

हालांकि लिखित रूप से दुकान के विरुद्ध कोई शिकायत अभी तक विभाग के पास नहीं पहुंची है लेकिन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत ग्राहक भी दुकानदार से वजन के मामले में सवाल जवाब कर सकता है।

- बांट माप विभाग के पास तौल की गड़बड़ियों की पहुंच रही हैं शिकायतें



### जांच कर कार्रवाई करेंगे

कानपुर नगर के वरिष्ठ निरीक्षक विधिक विज्ञान राजन कुमार सिंह ने बताया कि उनको बिल्हौर तहसील की कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कम कर्मचारियों के चलते ग्रामीण इलाकों में छापेमारी नहीं हो नहीं पा रही है लेकिन ककवन के साथ उत्तरीपूरा, शिवराजपुर की शिकायत भी मिली हैं, जिसके लिए औचक निरीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करके जल्दी क्षेत्र में निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राहक अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए दुकानदारों से वजन और डिब्बे के वजन के लिए सवाल जवाब कर सकता है। यदि दुकानदार मिठाई के वजन के साथ डिब्बे को तौल कर दे रहा है तो कानून रूप से उपभोक्ता के अधिकारों का हनन है। ऐसे में दुकानदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### उपभोक्ता बरतें सावधानी

कानपुर नगर के वरिष्ठ निरीक्षक विधिक विज्ञान राजन कुमार सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं को मिठाई लेते समय पूरी सतर्कता बरतनी चाहिये। उपभोक्ताओं को चाहिये कि वे दुकान दार मिठाई डिब्बे के साथ तौलने पर तत्काल रोके और अगर वह नहीं मानता है तो विभाग को सूचित करें ताकि विभाग ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई कर सके।

# टप्पेबाजी कर बस से भाग रहीं 3 महिलाओं को पकड़ा

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के साढ़ कस्बे की एक किराने की दुकान से 3 युवतियां 25 हजार रुपये की टप्पेबाजी कर फुर्र हो गई। दुकानदार को जानकारी होने पर उनका पीछा कर रास्ते में उन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस तीनों युवतियों से पूछताछ करने में जुटी है।

साढ़ थाना के पानीपुरवा गांव निवासी मंझील यादव की साढ़ चौराहे में किराने की दुकान है। उनकी पत्नी सुषमा यादव शुक्रवार को साढ़ बड़ोंदा ग्रामीण बैंक से 25 हजार रुपये अपनी बिटिया की शादी के लिए निकालने गई थीं। वो जैसे ही बैंक से पैसे निकाल कर बाहर निकली तो 3 अज्ञात युवतियां उनके पीछे उनकी दुकान आ गईं और महिला ने अपने पैसे दुकान में रख दिया। टप्पेबाज महिलाओं ने दुकानदार से सामान लेने की बात कही वो दुकानदार जैसे ही अंदर गया। महिलाओं ने पॉलीथिन में रखे रुपये काट कर निकाल लिया और बस में बैठ कर कानपुर की ओर फुर्र हो गईं। दुकानदार को शंका होने पर देखा तो पॉलीथिन कटी मिली और उससे रुपये गायब थे। उसने जानकारी की तो पता चला की तीनों टप्पेबाज युवतियां बस में बैठकर कानपुर निकल गईं। दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचना देते हुए बाइक से बस का पीछा कर कुन्दौली के पास बस को पकड़ लिया। बस में मौजूद उन महिलाओं में से 1 महिला की तलाशी में रुपये बरामद हो गये। तब तक मौके पर पहुंची पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले आई है। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया की टप्पेबाजी में एक महिला व उसके संग दो लड़कियों को पकड़ लिया गया है। उनका नाम व पता पूछा जा रहा है दुकानदार ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

## एक नजर

### मतदेय स्थलों की सूची निरीक्षण को उपलब्ध

**कानपुर देहात।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 205-रसूलाबाद (अजा), 206-अकबरपुर-रनियां, 207-सिकंदरा एवं 208-भोगनीपुर के मतदेय स्थलों के संभाजन को अनुमोदित कर दिया गया है। लोगों की जानकारी के लिए मतदेय स्थलों की सूची का प्रकाशन/डीओ पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। मतदेय स्थलों की सूची निरीक्षण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सभी तहसीलों पर निशुल्क उपलब्ध रहेगी।

### जनपद न्यायालय में 31 को दीपावली का अवकाश

**कानपुर देहात।** उच्च न्यायालय के निर्देश पर जनपद न्यायालय में 31 अक्तूबर को दीपावली का अवकाश रहेगा। इसके बदले 23 अक्तूबर शनिवार को जनपद न्यायालय खुले रहेंगें। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि चतुर्थ शनिवार को पत्रावलियां नियत कर सुनवाई, निस्तारित की जाएंगी। यह आदेश न्यायालय भोगनीपुर, घाटमपुर एवं ग्राम न्यायालय बिल्हौर पर भी प्रभावी रहेगा।

### मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी अनुज कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उसके पिता व भाई से गांव के ही विकास पाल, आकाश पाल व अरविंद पाल ने गालीगलौच करते हुए मारपीट कर दी। जिससे दोनों के सिर पर गंभीर चोट आई है। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### तीन महीने बाद वृंदावन में बरामद हुआ किशोर

**रूरा।** क्षेत्र के काशीपुर के रहने वाले रमेश ने 19 जुलाई को 13 वर्षीय पुत्र दीपक के अपरहण के आरोप में गांव के छोटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तीन माह बीतने के बाद दरोगा अतेंद्र सिंह ने गुरुवार को लापता किशोर को वृंदावन में प्रेम मंदिर के पास बरामद कर लिया। थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पूछताछ में किशोर ने बताया है कि वह अपने पिता की डांट फटकार से नाराज होकर चला गया था।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर महिला गंभीर

**मंगलपुर।** रेलवे लाइन पार करते समय डाउन लाइन पर आ रही मालगाड़ी के चपेट मे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। भाऊपुर से खुर्जा को जाने वाली डीएफसीसी डाउन लाइन रेलवे क्रासिंग के समीप खंभा नंबर 551/28 के समीप किशौरा निवासी योगेंद्र की पत्नी अंजली रेल ट्रैक पार करने के दौरान मालगाड़ी के चपेट में गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी झीझक में भर्ती कराया गया। जहां डॉ.जेपी सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**राजपुर।** सट्टी थाना क्षेत्र के मुलू की मड़ैया के कृष्णा दोहरे का पुत्र अनूप दोहरे (23) का शव शुक्रवार को घर के कमरे में लटकता मिला। पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। वहीं फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पिता श्रीकृष्ण ने बताया कि अनूप की एक वर्ष पहले शादी हुई थी। वह अक्सर शराब पीकर घर में झगड़ता था। गुरुवार शाम शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट की। इसके बाद कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। अनूप की मौत से पत्नी ललिता, छोटा भाई अतुल, छोटी बहन शिल्पी, सिप्पी आदि बिलखते रहे। पुलिस जांच कर रही है।

# किशोर को जिंदा जलाने में 3 लोगों को उम्र कैद

## बरौर कस्बे में चार साल पहले खेत में किशोर की हत्या गई थी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- स्पेशल जज पॉक्सोएक्ट ने किया आदेश, 25-25 हजार जुर्माना
- हत्या में आरोपित तीन किशोरों को भी दी गई दस साल की सजा

**अमृत विचार:** बरौर कस्बे में चार साल पहले खेत गए एक किशोर को मारपीट के बाद जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने तीन आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उन पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना किया। आरोपित तीन किशोरों को भी 10 साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

बरौर कस्बे के रहने वाले अशोक कुमार का 14 साल का पुत्र आमोद उर्फ अन्नू 5 जून 2020 की शाम करीब आठ बजे घर से खेत गया था। वहां उसे अकेला देखकर प्रवीण और उसके साथियों ने उसे नलकूप पर ले जाकर मारपीट करने के बाद ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग से जला दिया था। मामले में उसके पिता अशोक ने बरौर थाने में नरेंद्र उसके भाई प्रवीण उपाध्याय, शुभम व अखिलेश के साथ ही नरेंद्र के दो नाबालिग पुत्रों के खिलाफ एकराय होकर मारपीट करने व जलाने का आरोप लगाया था।

हैलट अस्पताल में भर्ती आमोद उर्फ अन्नू के मजिस्ट्रेट ने बयान दर्ज किए थे। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। विवेचना में नरेंद्र व अवधेश के नाम गलत पाए जाने से उनके नाम हटाने के साथ ही पुलिस ने अनिल के नाबालिंग पुत्र का नाम बढ़ाकर बलवा व हत्या आदि की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया था। तीन आरोतिपों के साथ तीन किशेर से जुडे इस मामले की एक साथ सुनवाई स्पेशल जज पाक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी की कोर्ट संख्या-13 में हो रही थी।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि वादी व गवाहों के बयानों, पुलिस की विवेचना, किशोर के मृत्यु पूर्व मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयानों के अनुशीलन तथा अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपित शुभम, प्रवीण व अखिलेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उन पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना अदा नहीं करने पर उनको छह माह के अतिरिक्त कारावास का भी आदेश किया गया। जबकि तीनों आरोपित किशोरों को 10-10 साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई गई। उन्होने बताया कि आरोपित दो किशोरों की जमानत नहीं हो पाई थी।

## हत्या में पिता व पुत्र की जमानत खारिज

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के मनावां गांव में करीब साढे. चार माह पहले हुई एक युवक की हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी पिता-पुत्र की ओर से अदालत में दाखिल की गई थी। जिसे अदालत ने सुनवाई कर खारिज कर दी।

मनावां गांव निवासी पैंतीस वर्षीय मनोज तिवारी से उसके चाचा कृष्ण मोहन खुन्नस मानते थे। बीते 8 जून 2024 की रात में पुरानी खुन्नस में कृष्ण मोहन आदि ने मनोज के घर में घुसकर लाठी कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दिया था। मामले में उसके भाई संजय ने चाचा कृष्ण मोहन, उनकी पत्नी कांती देवी, पुत्र दीपक, बब्लू, सुमित कुमार उर्फ छैय्या, सुंदर व परिवार के पंकज के खिलाफ एक राय होकर घर में घुसकर हमला करने व हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जेल में निरुद्ध कृष्ण मोहन व पुत्र सुमित उर्फ छैया तिवारी की ओर से बचाव पक्ष ने जमानत अर्जी दाखिल की थी। सहायक शासकीय अधिवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि अपर जिला जज छह ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

# खुलासा: रोटावेटर से कटे किसान पर ट्रैक्टर चढ़ाकर मार डाला था

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जुगराजपुर बिठूर से लापता किसान की हत्या का खुलासा
- कार की डिग्गी में लादकर फतेहपुर में फेंका था शव

**अमृत विचार।** जुगराजपुर बिठूर गांव से 16 अक्तूबर को लापता किसान रोटावेटर से कटकर घायल हो गया था। आरोपियों ने अपराध छिपाने के लिए किसान पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या कर दी थी और शव को फतेहपुर जनपद के बकेवर क्षेत्र में राम गंगा नहर में फेंक दिया था। इसका खुलासा पुलिस के हत्थे चढ़े 20 हजार के इनामी अभियुक्त ने किया है।


इनामी हत्यारोपी।

शिवली कोतवाली की बाघपुर चौकी के जुगराजपुर बिठूर गांव की रहने वाली मालती दिवाकर ने पुलिस को बताया था कि पति ओमप्रकाश दिवाकर उर्फ गुड्डू (40) 16 अक्टूबर को पांडव नदी के पास खेत में लाही की बुआई कराने की बात कहकर निकले थे। खोजबीन के बाद भी पता न चलने पर 17 अक्टूबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद 19 अक्टूबर को पत्नी मालती ने ट्रैक्टर मालिक कन्हैया मिश्रा और चालक नन्हा यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी और बताया था कि किसी बात को लेकर ट्रैक्टर मालिक से कहासुनी हुई थी। तब से उसके पति का कोई पता नहीं चल पाया है।

किसान के कपड़े के कुछ टुकड़े के खेत के पास पड़े मिले थे। आरोप था कि उन लोगों ने उसके पति को गायब कर दिया है। सोमवार को लापता किसान का शव फतेहपुर जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र में राम गंगा नहर में मिला था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

शुक्रवार को शिवली कोतवाल हरमीत सिंह ने गांव के ही रहने वाले इनामी अभियुक्त रत्नेश कुमार उर्फ छोटू त्रिवेदी को मैथा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि ट्रैक्टर चालक नन्हा उर्फ राजकुमार के रोटावेटर से ओमप्रकाश कट गया था। वह मरणासन्न हालत में था। अपराध छिपाने के लिए तीनों ने ओमप्रकाश के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या कर दी थी और उसके शव को कन्हैया की कार की डिग्गी में भरकर फतेहपुर जनपद के बकेवर क्षेत्र में नहर में फेंक दिया था। कोतवाल ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

# सीओ को घसीटते देखा, मारते नहीं

**बिकरू कांड**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अभियोजन गवाह बोला, घटना के दौरान हमलावरों से वह 100 मीटर की दूरी पर मौजूद था

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को मामले में अभियोजन गवाह सिपाही शिवमूरत निषाद ने बचाव पक्ष की जिरह में बताया कि वह दो जुलाई 2020 को रीजेंसी अस्पताल में भर्ती था। वहीं गवाह ने कहा कि पुलिस को इंसास रायफल निर्गत होती है। इंसास रायफल कितने बोर की होती है, उसे याद नहीं है। अब अदालत ने बचाव पक्ष की शेष जिरह के लिए 30 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने 45-50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। मामले में घटना में घायल हुए अभियोजन गवाह कांस्टेबल शिवमूरत निषाद के अदालत में बयान दर्ज होने के बाद बचाव पक्ष की जिरह चल रही है।

शुक्रवार को मामले में आरोपियों श्यामू बाजपेई, रामू बाजपेई व छोटू उर्फ अखिलेश शुक्ला की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता सीपी शुक्ला ने अभियोजन गवाह से जिरह करते हुए पुलिस ट्रेनिंग में फायरिंग का अभ्यास करने व पुलिस को निर्गत किए जाने असलहा से संबंधित सवाल किए। इसके जवाब में गवाह ने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान अभ्यास फायरिंग की है। यह भी बताया कि पुलिस को इंसास रायफल निर्गत होती, लेकिन बचाव पक्ष के इंसास रायफल कितने बोर की होती है? पूछने पर उसने कहा कि यह मुझे याद नहीं है।

दो जुलाई को उसकी उपस्थिति से संबंधित सवाल के जवाब में गवाह ने कहा कि दो जुलाई को वह रीजेंसी अस्पताल में भर्ती था। गवाह ने बताया कि घटना के दौरान बदमाशों से सौ मीटर की दूरी पर था। बदमाश जब सीओ को घसीटकर ले जा रहे थे, तब मैंने देखा था, लेकिन मारते हुए नहीं देखा था। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अब अदालत ने बचाव पक्ष की शेष जिरह के लिए सुनवाई को 30 अक्टूबर की तिथि नियत की है। इस दौरान सभी आरोपी उपस्थित रहे।

# कोर्ट के आदेश पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है।

क्षेत्र के तिगाईं गांव के पुष्पेंद्र शुक्ला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि गांव के बाहर उनका बालाजी ईंट भट्ठा उद्योग है। ईंट ले जाने के लिए माल वाहक वाहनों की जरूरत पड़ती है। उन्होंने आदित्य प्रताप सिंह निवासी सागरपुरी गल्ला मंडी कानपुर से किराए पर ट्रैक्टर लगा लिया। जिस कारण उनका भट्ठे पर आना जाना शुरू हो गया। बातचीत के दौरान आदित्य प्रताप ने नौबस्ता स्थित अपना प्लाट खरीदने का ऑफर दिया, जोकि साढ़े नौ लाख रुपये में तय हुआ और बयाना के तीन लाख रुपये भी दे दिए।

आदित्य ने प्लाट पर कब्जा दिला दिया और रजिस्ट्री बाद में करने को कहा। इसी दौरान पीड़ित ने जुलाई में प्लाट की बाउंड्री निर्माण शुरू करा दिया। जिसपर आदित्य सिंह ने कई ग्राहकों के यहां ईंटे डलवा दी। जिसकी कुल कीमत सात लाख रुपये थी। जब उसने प्लाट की रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो वह आनाकानी करने लगा। उसने फोन कर आदित्य को अपने भट्ठे पर बुलाया। जहां बातचीत के दौरान वह उत्तेजित हो गया और अपने साथ लाए तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करतीं संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव।

### राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव ने प्रधानों को किया सम्मानित

**कानपुर देहात।** एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव के निर्देशन में गुरुवार को डेरापुर ब्लाक के सभी प्रधानों की बैठक डेरापुर के मंगलपुर रोड तिराहे के पास हाइटेक पब्लिक स्कूल में हुई। कार्यक्रम में प्रधानों को सम्मानित भी किया गया। संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव ने बैठक में सभी गांवों के प्रधानों से समस्याओं के बावत जानकारी ली। उन्होंने अपने स्तर पर निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर संरक्षक मानसिंह यादव, जिलाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष डॉ. सीता यादव, जिला उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा, जिला सचिव कीर्ति गौतम, रक्षा चौहान, शिखा गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, रामू यादव, ग्राम प्रधान विवेक पाल, विष्णु तिवारी, शेर सिंह, सुरेश सिंह नायक आदि उपस्थित रहे।

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की आंख और ब्लड शुगर की जांच



वृद्धजनों की आंख का परीक्षण करते चिकित्सक।

**कानपुर देहात।** सेवा संस्था की ओर से शुक्रवार को रनियां के वृद्धाश्रम में रहने वाले एक सैकड़ा वृद्धजनों का निशुल्क नेत्र परीक्षण आरके देवी सुपर स्पेशलिटी आई आई हॉस्पिटल द्वारा कराया गया। सेवा संस्था की प्रमुख कंचन मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ. अवध दुबे, उनकी टीम के डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, दीपिका, हर्षित सिंह ने मरीजों का परीक्षण किया। सभी मरीजों को आई ड्रॉप वितरित की गई। साथ में सलाह दी गई कि समय-समय पर नेत्र परीक्षण जरूर कराएं। चिंहित मोतियाबिंद के 17 मरीजों का बीपी और शुगर जांच कर उनको दवा दी गई। दीपावली के बाद मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन पुखरायां स्थित अस्पताल में किया जाएगा। इस मौके पर मुकेश पुरवार, सुनील पांडेय, बदलू, राजेंद्र सिंह, सातभानु सिंह, पूनम मिश्रा, अंजना, ऋषभ, शालिनी, रामजी, निर्दोष आदि मौजूद रहे।

# चेकिंग में 5.70 लाख की साबुत हल्दी सीज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- खाद्य सुरक्षा टीम ने अकबरपुर क्षेत्र से लिए चार नमूने

**अमृत विचार।** दीपावली पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान चार नमूने लिए गए। वहीं मिलावट की आशंका पर 5.70 लाख रुपये कीमत की तीन हजार किग्रा. साबुत हल्दी को सीज कर दिया गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि के निर्देश पर शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार गौड़ व महेंद्र नाथ सिंह ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बारा गांव स्थित श्री आनंदेश्वर प्रजर्वेशन्स प्राइवेट लिमिटेड से साबुत हल्दी का नमूना लिया गया। मिलावट की आशंका पर यहां 60 बोरियों में मौजूद 5.70 लाख रुपये कीमत की करीब तीन हजार किलाग्राम साबुत हल्दी को सीज कर दिया गया। इसके साथ मिर्चा का नमूना भी लिया गया।

अकबरपुर में प्रेमशंकर द्विवेदी के यहां से सौंफ व बेसन का नमूना भरा गया। सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों जगहों से लिए गए कुल चार नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि अत्यधिक रंगीन मिठाईयों का सेवन न करें।

# आरएसजीयू के प्राचार्य बने डॉ. हरीश

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय में डॉ हरीश कुमार सिंह को महाविद्यालय के मंत्री प्रबंधक श्रीप्रकाश द्विवेदी जी ने प्राचार्य पद का कार्य भार ग्रहण कराया।

डॉ हरीश कुमार सिंह ने 28 अगस्त 2010 को महाविद्यालय के इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य भार ग्रहण किया था। तब से अद्यतन एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर इतिहास विभाग में कार्यरत है। इतिहास विषय के विद्वान होने के नाते इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में उनके स्वयं प्रभा चैनल पर व्याख्यान प्रसारित होते हैं। जिससे अन्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भी लाभांवित होते हैं। शुक्रवार को उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य पद का कार्य भार ग्रहण किया।


नए प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार का स्वागत करते महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी।

इस मौके पर प्रोफेसर मुकेश चंद द्विवेदी, प्रोफेसर सविता गुप्ता, पूर्व कार्यालय अधीक्षक नरेंद्र कुमार प्रजापति, डॉ. हेमेंद्र सिंह, डॉ. केके सिंह, डॉ. रमणीक श्रीवास्तव, डॉ. प्रबल प्रताप सिंह, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. पर्वत सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. निधि अग्रवाल, डॉ. अंशुमान उपाध्याय, डॉ. इदरीश खान, संजय सिंह, सुनील कुमार, ज्ञान सिंह, श्रीकांत आदि ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी।

**अनदेखी** विभाग के जिम्मेदार सिर्फ नोटिस भेजकर करते खानापूरी, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़

# संदलपुर क्षेत्र में बिना मान्यता चल रहे स्कूल



संदलपुर क्षेत्र में मानकविहीन भवनों में चल रहीं बच्चों की कक्षाएं। अमृत विचार

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** अधिकारियों की तमाम चेतावनी के बाद भी संदलपुर ब्लाक क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त स्कूल धड़ल्ले से चल रहे हैं। कुछ विद्यालय जूनियर की मान्यता पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट तक कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। वहीं जिम्मेदार केवल नोटिस भेजकर खानापूर्ति कर देते हैं।

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापरक शिक्षा के नाम पर गैर मान्यता प्राप्त कांवेंट स्कूलों का कारोबार खूब फलफूल रहा है। शासन की तरफ से गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कार्रवाई किए जाने का फरमान जारी किया गया है। इसके बावजूद संदलपुर ब्लाक में कई विद्यालय बिना मान्यता चल रहे हैं। यह मानकों पर भी कहीं से खरा नहीं उतरते हैं। इसके बावजूद संचालक मनमानी फीस वसूल कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

कई मान्यता विहीन स्कूलों के छात्र-छात्राओं का नाम किसी अन्य सरकारी स्कूलों में चलता है, लेकिन फीस उक्त विद्यालय संचालक वसूल करते हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा कार्रवाई के आदेश पर जिम्मेदार महज नोटिस जारी कर पल्ला झाड़ लेते हैं और हालात जस के तस बने रहते हैं। इस बावत संदलपुर बीईओ अशोक कुमार ने कहा कि बिना मान्यता स्कूलों को चिंहित कर कार्रवाई की जाएगी।

## 31 को ही मनाई जाएगी दीपावली

**शिवली।** राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य पंडित मनोज द्विवेदी मृदुल जी महाराज ने बताया कि महाबीर पञ्चांग के मतानुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी प्रदोष अमावस्या तिथि मिलने के कारण 31 अक्टूबर दिन गुरुवार को ही दीपावली मनाई जाएगी।


मृदुल महाराज।

उन्होंने बताया कि इसका निर्णय समस्त विद्वानों की सहमति से लिया गया है कि संपूर्ण देश में 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाई जाएगी। श्री गणेश-लक्ष्मी पूजन एवं दीपपूजन दीपदान का शुभ मुहूर्त दिन में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए 1:33 मिनट से 3:04 मिनट के बीच में रहेगा। प्रदोष काल का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त स्थिर वृष लग्न 6:11 मिनट से 8:08 बजे के मध्य पूजन किया जाएगा। कुबेर पूजन कर सकते हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर जनपद कानपुर देहात**

पत्रांक– 149/ न0पं0 मूसा0 / ई – निविदा सूचना – सी. एम. एन. एस. बाई / 2024–25 दिनांक : 24–10–2024

**ई–निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मूसानगर में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो हेतु ई–निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल पर दिनांक 25–10–2024 को आमंत्रित की जाती है । निविदाओं से सम्बन्धित समस्त विवरण नियम व शर्ते वेबसाइट (www.etender.up.nic.in) पर उपलब्ध है, जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागियों को किया जाना अनिवार्य है ।विवरण निम्न प्रकार है:–

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मूसानगर
जनपद कानपुर देहात

## एक नजर

### मोबाइल टावर से टकराई बाइक, चालक की मौत

उन्नाव। बीज लेने जा रहे युवक की बाइक सामने से आई दूसरी बाइक से टकराकर अनियंत्रिक होकर सड़क किनारे मोबाइल टावर से टकरा गई। इसमें बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर सुन परिजनों में मातम छा गया। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा कलां निवासी सनी (30) खेती करता था। शुक्रवार दोपहर वह बीज लेने जा रहा था। तभी माखी थानाक्षेत्र के भदेवना चौराहे के पास उसकी बाइक सामने से आई दूसरी बाइक से टकराकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मोबाइल टावर से टकराकर पलट गई। इसमें उसके सिर में आई चोटों से उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सनी की दो साल पहले शादी हुई थी। उसके एक वर्ष की बेटी आरयना है। उसकी मौत की खबर मिलते ही पत्नी कांति अचेत हो गई। वहीं वृद्ध मां राजदुलारी सहित परिजन रो-रोकर बेहाल है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

सोहरामऊ उन्नाव। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के एक गांव की कक्षा 12 की छात्रा से विद्यालय जाते समय टेंपो में दो युवकों ने छेड़छाड़ की। किशोरी के पिता की तहरीर पर थाना पुलिस द्वारा युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। कक्षा 12 की छात्रा लखनऊ के एक इंटर कॉलेज में टेंपो से सुबह पढ़ने जा रही थी। तभी टेंपो में सवार दो युवकों ने उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। छात्रा ने घबराकर परिजनों को फोन किया। तभी दोनों युवक टेंपो से कूदकर भाग गए। छात्रा अपने परिजनों के साथ सोहरामऊ थाने पहुंची। जहां पिता की तहरीर के आधार पर दोनों युवकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ शरद कुमार ने बताया कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र निवासी प्रिंस पुत्र संतोष वर्मा व सूरज पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बाग में संदिग्ध हालात में लटका मिला ड्राइवर का शव

सोहरामऊ उन्नाव। थानाक्षेत्र के बाल्हेमऊ निवासी अधेड़ ड्राइवर का शव बाग में लगे पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रेम शंकर (50) निजी वाहन चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार सुबह प्रेम शंकर अचानक अपने घर से चला गया था। परिजनों ने खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। सुबह खेत जा रहे ग्रामीणों ने उसका शव फंदे से लटकता देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही घर में मातम छा गया। पत्नी ममता व बेटी रंगोली का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एसओ शरद कुमार ने बताया कि किन हालातों में प्रेम शंकर फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसकी गहनता से जांच की जा रही है। फिलहाल परिजनों से तहरीर मिली है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक गंभीर, रेफर

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी मनोज पुत्र नैनसुख शुक्रवार को अपने खेत में काम कर रहा था। तभी उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सुरक्षा जवान भर्ती में 5 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

फतेहपुर चौरासी। डिप्टी कमांडेंट जीडीएक्स सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड नोएडा रामकिशन सिंह ने बताया कि सोमावर को बीघापुर ब्लॉक मुख्यालय में जिला रोजगार कार्यालय के निर्देश पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए जीडीएक्स इंडिया लिमिटेड नोएडा के सहयोग से सुरक्षा जवान की भर्ती के तहत 8 अभ्यर्थी फतेहपुर चौरासी ब्लॉक पहुंचे थे। जिसमें 5 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

### पागल कुत्ते के काटने से घायल वृद्ध की मौत

हसनगंज। दो माह पूर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी बुजुर्ग को पागल कुत्ते ने काट लिया था। जिसका परिजन इलाज करा रहे थे। गुरुवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कुबरी खेड़ा इस्माईलाबाद निवासी सुरेंद्र पुत्र देशराज ने कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि उसके 74 वर्षीय पिता देशराज पुत्र रामेश्वर को दो माह पूर्व पागल कुत्ते ने काट लिया था। जिनका इलाज वे करा रहे थे। लेकिन गुरुवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के लिए प्रार्थनापत्र आया था। जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पीड़ित ने 6 लाख रुपये लूट होने की सूचना मौरांवा थाना पुलिस को दी थी

# गेमिंग एप में रुपये हारा तो रची लूट की कहानी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत बैंक में छह लाख रुपये जमा करने जा रहे युवक को बाइक सवार लुटेरों ने पीट दिया और रुपयों से भरा बैग लूटकर भाग गए। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो अफसरों के होश उड़ गए।

लूट की सूचना पर एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ ऋषिकांत शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। प्रारम्भिक जांच में पुलिस घटना को पुरानी रंजिश के चलते विरोधियों को फंसाने के लिये साजिश मान रही थी। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों की ओर से पूर्व में एक-दूसरे पर मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जब जांच की तो पूरा मामला फर्जी निकला।

जांच में सामने आया कि गेमिंग एप में लाखों रुपये हारने के बाद छिपाने के लिए 6 लाख रुपये लूट की कहानी रची। शिकायत कर्ता पर पुलिस को गुमराह करने में कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।


मौके पर जांच करती पुलिस व मौजूद लोग। अमृत विचार

- साहब! रुपयों से भरा बैग छीन कर भाग गए तीन बदमाश
- एसपी एसपी व एएसपी ने भी की जांच, मामला निकला फर्जी

### पुलिस को किया गुमराह

मौरावां थानाक्षेत्र के हीराखेड़ा निवासी पवन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 6 लाख रुपये लेकर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में जमा करने जा रहा था। तभी कुदरा गांव के पास कालूखेड़ा -उन्नाव रोड पर बाइक से आए हरीकेश यादव, शिवम व शुभम ने उसे रोक लिया और रुपयों से भरा बैग छीन कर भाग निकले। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। लूट की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी, एएसपी व सीओ मौरावां पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से पूछताछ के साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। जिसमें लूट के बाबत कुछ नहीं पता चला। वहीं, पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में पुराना विवाद चल रहा है। पीड़ित पवन यादव और आरोपी हरीकेश यादव की ओर से थाना में पूर्व में भी एक-दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। पूरे मामले की बारीकी से जांच की गई तो पूरा मामला फर्जी पाया गया। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि शिकायतकर्ता फंटेसी गेमिंग एप में 17-18 लाख रुपये हार गया था। जिसमें उसके द्वारा ससुराल से लिये गए छह लाख रुपये भी थे। उसने पूरे मामले का छिपाने के लिये पूरी साजिश रची है। अब शिकायतकर्ता पर पुलिस को गुमराह करने में कार्रवाई की जाएगी।

## कांथा में आशा के चयन में धांधली का लगाया आरोप

उन्नाव। कांथा गांव में आशा चयन में धांधली के आरोप लगे हैं। एक अभ्यार्थी ने इसकी शिकायत डीएम व सीडीओ से करते हुए चयन प्रक्रिया रद कर दोबारा कराने की मांग की है। शिकायत के बाद सीडीओ ने बीडीओ को जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट देने को कहा है।

ज्योति मिश्रा विकासखंड असोहा के कांथा गांव की निवासी है। जिलाधिकारी व सीडीओ को दिए शिकायतीपत्र में कहा कि गांव में आशा का पद रिक्त था। उसने आवेदन किया था। 21 अक्टूबर को खुली बैठक में चयन प्रक्रिया होनी थी। लेकिन वो 22 अक्टूबर को कराई गई। आरोप है कि गांव के मजरा गुरुबक्श खेड़ा निवासी महिला का चयन किया गया है। जो कांथा से 5 किमी दूर है। चयन के लिए शासन की गाइड लाइन का भी पालन न करने का आरोप लगाया है। चयन के लिए तहसील व ब्लाक में सूचना चस्पा करने के साथ डुग्गी भी पिटवाई जाती है। इसका पालन नहीं किया गया।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

### आज डांडिया गीतों पर नृत्य कर झूमेंगे लोग

उन्नाव। जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में एक अलग स्थान बनाने वाले डांडिया नाईट सीजन-4 का आयोजन शनिवार शाम 6 बजे से मगरवारा स्थित एजी फार्मस में होगा। आयोजक उप्र उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा व डॉ. मनीष सिंह सेंगर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा के भव्य श्रृंगार व महाआरती से होगी। वहीं महामंत्री विशाल गुप्ता ने बताया कि जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता ने बताया कि मशहूर गायिका दीपान्शी यादव डॉंडिया गीतों पर लोगों को झुमायेंगी। लक्ष्य निगम ने बताया कि डीजे अभिषेक व डीजे निशी मुख्य आकर्षण का मुख्य केंद्र बिन्दु होंगे। कार्यक्रम स्थल पर फ्री पासधारकों का प्रवेश उनके परिचय पत्र की पुष्टि के बाद ही होगा। बताया कि धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था को मजबूत करने वाले इस आयोजन में किसी भी प्रकार के अप्रिय कृत्य के चलते प्रशासनिक और गैर प्रशासनिक सुरक्षा तंत्र द्वारा दंडित किए जा सकते हैं।

### पुत्र की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा अहोई अष्टमी व्रत

उन्नाव। जिले में अहोई अष्टमी के मौके पर सुबह से ही महिलाओं ने पुत्रों की दीर्घायु व खुशहाली की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। घर-घर में पूड़ी-पकवान बनाए गए। इसके बाद महिलाओं ने कैलेंडर, करवा, सींक और अन्य पूजन सामग्री से अहोई माता की पूजा कर पुत्र की दीर्घायु की कामना की। पुत्र की कुशलता और दीर्घायु की कामना को लेकर अहोई अष्टमी का त्योहार जिले में गुरुवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। पूरे दिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। कुछ महिलाओं ने सज-संवरकर सुबह तो कुछ ने शाम को अहोई माता की सामूहिक या एकल रूप से पूजा-अर्चना की। सुबह पूजा करने वाली महिलाओं ने सूर्यदेव को अर्घ्य दिया तो शाम को तारों को अर्घ्य देकर उपवास खोला। कार्तिक माह के कृष्णपक्ष की अष्टमी को अहोई अष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। मौके पर सुबह से ही महिलाओं ने पुत्रों की दीर्घायु व खुशहाली की कामना को लेकर निर्जला उपवास रखा। इसके बाद पुत्रों ने अपनी माताओं को जल पिलाकर व अन्न खिलाकर उपवास खुलवाया। माताएं इस व्रत को लेकर काफी खुश नजर आईं।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर बीती रात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। इसके बाद सदर कोतवाली पुलिस ने उसकी पहचान कराकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के लोक नगर क्रासिंग के पास रहने वाला बबलू (35) पुत्र स्व. नंदकिशोर धोबी लोगों के घरों से कपड़े लाकर उन्हें धोने व प्रेस करने का काम करता था। बीती रात वह घर से बिना बताए निकला था। देररात वह लोक नगर क्रॉसिंग के पास लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर ट्रेन की चपेट में आ गया। गेटमैन की सूचना पर आरपीएफ पहुंची और शव हटाकर ट्रैक क्लियर कराया। उसकी मौत से पत्नी शशि, बेटियों वैष्णवी व सिमरन का रो-रोकर बुरा हाल है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सधीरा गांव निवासी ससुर रामेश्वर ने बताया कि बबलू का एक छोटा भाई दीपू है। जो केरल में रहकर काम करता है। वहीं लोगों में चर्चा है कि युवक ने आत्महत्या की है। सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिठाई की दुकानों पर मारा छापा

शुक्लागंज उन्नाव। दीपावली पर्व को देखते हुए शुक्रवार शाम खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने टीम के साथ नगर की कई दुकानों में जाकर गुणवत्ता जांची। इसके साथ ही दो मिठाई की दुकानों से सैंपल लिए। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपासना शाह व संजय सिंह की टीम ने शुक्लागंज में मिठाई व नमकीन की दुकानों पर छापेमारी की। अधिकारी पोनी रोड, ऋषि नगर और कंचन नगर में विभिन्न दुकानों में पहुंचे। इस दौरान पोनी रोड स्थित दो मिठाई की दुकानों से पनीर और मगदल के सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों की गुणवत्ता का परीक्षण किया ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थ मिल सके। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मानकों को सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करें। अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में भरपूर हैं उर्वरक, किसान पीओएस मशीन से लें

उन्नाव। जिले में रबी फसलों की बुआई का समय शुरू हो गया है। जिले में सबसे ज्यादा गेहूं और आलू की फसल होती है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार इनमें फास्फेटिक उर्वरक का उपयोग अधिकतर किया जा रहा है। उर्वरकों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस समय में उर्वरकों के लिए अक्टूबर माह का लक्ष्य यूरिया 4571 मीट्रिक टन, डीएपी 8984 मीट्रिक टन और एनपीके 2346 मीट्रिक टन है। इसके विपरीत अब तक की उपलब्धता की बात करें तो यूरिया 29720 मीट्रिक टन, डीएपी 9120 मीट्रिक टन और एनपीके 6665 मीट्रिक टन की कुल उपलब्धता 15785 मीट्रिक टन रही है। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने कहा कि फास्फेटिक उर्वरकों की जिले में कोई कमी नहीं है। बताया कि इस समय यूरिया 4197 मीट्रिक टन, डीएपी 4758 मीट्रिक टन और एनपीके 2652 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण सभी निजी बिक्री केंद्रों व सहकारी समितियों के माध्यम से किया गया है। रबी की फसलों की बुआई की प्रक्रिया नवम्बर के पहले सप्ताह से प्रारम्भ हो चुकी है और यह दिसम्बर के पहले सप्ताह तक चलेगी। इस दौरान किसानों से अपील की गई है कि वे अपने खेतों के अनुसार अपने आधार कार्ड पर पीओएस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक का क्रय करें। यह भी बताया गया कि इसके साथ ही मृदा परीक्षण के आधार पर वैज्ञानिक संस्तुति के अनुसार संतुलित उर्वरकों का उपयोग करें। सही मात्रा में उर्वरक का इस्तेमाल करने से फसल भी काफी अच्छी होगी।

### निजी बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, रेफर

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव बैगांव निवासी पीर हसन (32) मजदूरी करता है। शुक्रवार शाम वह किसी काम से बाइक से पुरवा आया था। जहां से लौटते समय दही-मोहनलाल गंज मार्ग पर ऊंचगांव किला के पास सामने से एक निजी बस की टक्कर लगने से पीर हसन जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां सिर में गंभीर चोट लगने से चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत बेहद गंभीर बताई गई है।

## विकास प्राधिकरण ने रेस्टोरेंट व कोचिंग सेंटर किया सीज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दोनों भवनों के बेसमेंट में बिना नक्शा पास कराए व्यवसाय किया जा रहा था

**अमृत विचार।** उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहर के प्रवर्तन जोन-1 में अनाधिकृत रूप से बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सिग्मा क्लासेस व मिस्टर कैफे फैमिली रेस्टोरेंट करोवन रोड शेखपुर को सील किया है। विकास प्राधिकरण के सहायक व अवर अभियंताओं की टीम ने फोर्स के साथ पहुंचकर दोनों भवनों को सील करने की कार्रवाई की।

अधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर प्राधिकरण सचिव शुभम सिंह ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को मौके पर भेजकर भवन को सील करवाया और उन्हें पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया। बताया कि भवनों का निर्माण प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृति कराए किया गया है। यूएसडीए सचिव ने बताया कि दोनों भवनों के बेसमेंट में बिना नक्शा पास कराए व्यवसाय किया जा रहा था। जो मानक के विपरीत था। जिस पर कार्रवाई की गई है। आगे भी अभियान जारी रहेगा।

जो भवन मालिक मानक के विपरीत निर्माण कराएंगे वे कार्रवाई के दायरे में आएंगे। इसलिए सभी कार्रवाई से पहले नक्शा व दूसरे सभी मानक पूरा करवा लें।

## एआरटीओ ने सीज की निजी बस यात्रियों ने कर दिया हाईवे जाम

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** झांसी से गोरखपुर जा रही निजी बस को एआरटीओ ने टीम के साथ पीछा कर शुक्रवार को सोहरामऊ स्थित लखनऊ-कानपुर हाईवे पर पकड़ में लिया। निजी बस में सवारियां अधिक होने के शक के चलते बस को रोका गया था। जिसमें अधिक सवारियां मिलने पर एआरटीओ ने बस को सीज कर दिया। इसके चलते बस में बैठे करीब 100 यात्रियों को नीचे उतार दिया गया। दोपहर में तेज धूप में शाम तक भूख व प्यास से बस यात्री परेशान रहे। वहीं बस को वहां से लाकर दही थानाक्षेत्र के रोडवेज वर्कशाप में खड़ी करवा दिया गया। जिससे नाराज यात्रियों ने लखनऊ-कानपुर हाईवे जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देख मौके पर दही पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर यात्रियों को समझा-बुझाकर शांत कराया और उन्हें परिवहन विभाग की दूसरी बस से गंतव्य को रवाना किया। वहीं सीज बस में बैठे यात्री व उनके बच्चे पूरा दिन भूख-प्यास से परेशान नजर आये।



जाम लगाकर हाईवे पर नाराजगी जताते यात्री। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह ने बताया कि बस ओवरलोड थी। जिसे सीज किया गया है। वहीं निजी बस में बैठी सवारियों को रोडवेज बस से भेज दिया गया है। बताया कि रोडवेज बस का किराया निजी बस मालिक देगा।

## डीसीएम में घुसी बस, दिव्यांग घायल

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गोरखपुर से दिल्ली जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर आगे चल रही डीसीएम में पीछे से जा घुसी। इसमें एक दिव्यांग घायल हो गया। घायल को सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख रेफर क़र दिया।

एक्सप्रेस-वे से होकर गोरखपुर से दिल्ली जा रही परिवहन विभाग की बस गुरुवार देररात दो बजे औरास थानांतर्गत किमी संख्या-272 मैनीभावा खेड़ा के सामने पहुंची ही थी कि अचानक वह आगे चल रही डीसीएम में पीछे से जा घुसी। बस में 17 यात्री सवार थे। जिसमें से गोरखपुर जिले के रतनपुर थानाक्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी 68 वर्षीय राधेश्याम गंभीर घायल हो गया। यूपीडा कर्मियों ने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया। पुलिस ने डीसीएम को औरास थाना में खड़ी कराकर आगे की जांच शुरू की है।


हॉस्पिटल में लेटा घायल दिव्यांग।


एक्सप्रेस-वे पर खड़ी डीसीएम।

### अलग-अलग हादसों में लेखपाल समेत तीन लोग घायल

बांगरमऊ उन्नाव। क्षेत्र के तीन अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में एक लेखपाल सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए। उनमें से एक को हायर सेंटर लखनऊ और एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव कबीरपुर खंभौली निवासी रामसनेही (35) पुत्र रामविलास शुक्रवार को बाइक से बेहटा मुजावर गया था। घर लौटते समय शाम को बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर गांव गोशा कुतुब के पास सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार सिर के बल सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं, हरदोई जिला के मोहल्ला आजाद नगर निवासी तरुण (22) किसी काम से बाइक से बांगरमऊ आया था। घर जाते समय बीती गुरुवार शाम हरदोई मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें तरुण गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, एक अन्य हादसे में संडीला मार्ग पर स्थानीय तहसील में तैनात लेखपाल सौरभ पुत्र सत्य प्रकाश गंभीर घायल हो गया। उसका इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

## चौकी से भाग गया लूट का आरोपी, प्रभारी निलंबित

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** थानांतर्गत ऊगू चौकी क्षेत्र में बैंक मित्र से लूट की घटना का एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। इसके बाद आरोपी को ऊगू चौकी पुलिस ने हिरासत में लिया था। लेकिन चौकी पर तैनात सिपाही क्रिकेट मैच खेलने में व्यस्त थे और वह हथकड़ी के साथ चौकी से भाग निकला। पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही हैं। मामले में लापरवाही करने वाले चौकी इंचार्ज को एसपी ने निलंबित किया है। बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के गांव टिकरा निवासी बैंकमित्र छेदनू प्रसाद से नौ सितंबर की शाम फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में 2.85 लाख की लूट हुई थी। इसके बाद पुलिस व एसओजी की कड़ी मेहनत से 19 सितंबर को पुलिस ने एक लुटेरे अश्विनी को मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया था। वहीं दो अन्य सहयोगी मुस्ताक व लकी के नाम सामने आए थे। पुलिस ने कुछ दिन बाद मुस्ताक को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जबकि लकी फरार चल रहा था। जिसकी विवेचना ऊगू चौकी प्रभारी अजय शर्मा कर रहे थे और वह लकी की तलाश कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार चौकी प्रभारी ने टीम के साथ बुधवार को लकी को पकड़ लिया और थाना में दाखिल न कर चौकी ऊगू ले आए। वहीं से लुटेरा फरार हो गया है। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश की जा रही है।



- चौकी पर तैनात सिपाही क्रिकेट मैच खेलने में व्यस्त थे
- फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में 2.85 लाख की लूट का था आरोपी

## दीपोत्सव — लोग चाइना की अपेक्षा देशी कंपनियों के उत्पादों को अधिक पसंद कर रहे हैं

# दीपावली के लिए रंग-बिरंगी लाइटों से सजा बाजार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** दीपावली त्योहार के अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। इससे बाजार रंग-बिरंगी लाइटों, झालरों व लड़ियों से सज गए हैं। मार्केट में चाइना में बनी लाइटें भी उपलब्ध हैं। लेकिन, लोग चाइना की अपेक्षा देशी कंपनियों के उत्पादों को अधिक पसंद कर रहे हैं।

बता दें कि दीपावली त्योहार के चलते लोगों ने आने घरों, दुकानों व ऑफिस की शोभा बढ़ाने के लिए बाजार में मौजूद रंग बिरंगी एलईडी व लेजर लाइटों की खरीदारी शुरू कर दी है। इस बार दुकानों पर दीये वाली लाइट, रंग-बिरंगी लाइट, लालटेन वाली लाइट, लतर लाइट, एलईडी बल्ब से लेकर बिजली के लैंप, पेपर लैंप, बहुरंगी बल्ब और एलईडी की बने उपकरण मौजूद हैं। दुकानदार हिमाशु यादव ने बताया कि इस बार बाजार में रंग-बिरंगी लाइटों की मांग बीते वर्ष की तुलना में बढ़ी है। इसके साथ ही इस बार लड़ी लाइट, लेजर लाइट, फ्लावर लाइटों की कीमतों में 50 से 100 रुपये का इजाफा हुआ है। अगर चाइनीज झालर की बात करें तो 20 से 30 रुपये तक दामों में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही इस बार वाटरप्रूफ पाइप वाली लाइट भी बाजार में उपलब्ध हैं। जिन्हें लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इसके साथ फ्लावर दीये भी लोगों की पसंद बने हैं। इन फ्लावर दीयों में जब पानी डालते हैं तो वह बिना लाइट के स्वतः ही जल उठते हैं। इसके अलावा अधिकांश दुकानदारों ने भी स्वदेशी झालरों को ही रखा है। लेकिन बाजार में चाइनीज एलईडी की झालर भी उपलब्ध है। कारोबार अच्छा जाने की उम्मीद है। बाजार में 80 से 520 रुपये में इलेक्ट्रिक झालरें व दीप मालाएं बिक रही हैं। कुछ दीपमालाएं ऐसी हैं जो जलने के साथ घूमने लगती हैं। इसके अलावा पाइप वाले झालर की भी काफी मांग है। दुकानदार कमल किशोर वर्मा ने बताया कि लोगों में फैंसी व पाइप वाली झालरों का क्रेज अधिक है। इस बार देशी लाइट की डिमांड अधिक है।


रंग बिरंगी लाइटों से सजी दुकान। अमृत विचार


प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

## दीप सज्जा में अव्वल रही अंजलि

बांगरमऊ। इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य सदानंद राय के संरक्षण व मिशन शक्ति संयोजिका डॉ. सविता राजन व संस्कृतिक निराला क्लब की संयोजिका डॉ. सविता के संयोजन में शुक्रवार को दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अंजलि ने प्रथम, अंशू ने द्वितीय व श्रेया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. राय ने विजयी प्रतिभागियों सहित प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में प्रीती, पारुल, सुनैना, सौम्या, खुशबू, रिमझिम व सरस्वती समेत दो दर्जन छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान रवि राज वर्मा, डॉ. किरन, डॉ. सुनीता निरंकारी, डॉ. धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ. अभय राजपूत, डॉ. शैलजा त्रिपाठी व डॉ. ब्रजकिशोर गुप्ता मौजूद रहे।

### अमृत योजना के तहत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम 5 वर्षों से अधर में लटका

# अमृत योजनाः खोदाई से सड़कों की हो रही बर्बादी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** देवारा गांव के पास 253 करोड़ की लागत से शुरू की गई अमृत योजना के तहत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम पिछले पांच वर्षों से अधर में लटका हुआ है। इस परियोजना के चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों को खोदकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। हाल ही में कार्यदायी संस्था ने फोरलेन पर पाइप लाइन डालने के लिए फिर से खोदाई शुरू की है, जिससे आधी फोरलेन पूरी तरह से बर्बाद हो गई है।

पांच साल पहले देवारा कलां में अमृत योजना के अंतर्गत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य आरंभ किया गया था। इसके तहत देवारा से देवारा खुर्द, सहजनी और फोरलेन होते हुए वॉटर लाइन बैराज से पानी लाने के लिए खुदाई की गई थी। इसके साथ ही उन्नाव से शुक्लागंज तक फोरलेन के साइकिल ट्रैक के किनारे कई साल पहले भूमिगत वॉटर लाइन भी डाली गई थी। लेकिन अभी तक विभाग के ठेकेदार ने सड़कों की मरम्मत नहीं की है। अब एक बार फिर उन्नाव से शुक्लागंज की ओर दूसरी लेन पर फोरलेन की खोदाई कर अमृत योजना की वॉटर लाइन डाली जा रही है। आजाद नगर, रश्मि लोक और धोबिन पुलिया के पास ठेकेदार ने साइकिल ट्रैक को खोदने के बजाय आधी सड़क को खोद डाला है, जिससे सड़क पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। इतने साल बीत जाने के बावजूद स्थानीय लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, और वे अब भी अमृत पानी की आस लगाये हुये हैं।


इस तरह फोरलेन पर आधी सड़क खोद कर डाली जाती अमृत योजना की वॉटर लाइन। अमृत विचार

#### सहजनी शंकरपुर मार्ग भी क्षतिग्रस्त

- सहजनी शंकरपुर का चमचमाते मार्ग पर भी कार्यदायी संस्था ने खोदाई कर पाइप लाइन डलवा दी। ऐसे में वह भी मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

#### खोदाई से वार्डों में भी टूट रही कमर

- अमृत योजना के तहत वॉटर लाइन डालने के बाद कराई गई खोदाई के बाद मरम्मत कार्य कराया गया लेकिन ऊपर-नीचे इंटरलॉकिंग ईंट बिछी होने से राहगीरों की कमर टूट रही है।

#### बोले जिम्मेदार

अमृत योजना की वॉटर लाइन डालने के लिये साइकिल ट्रैक की खोदाई कर लाइन डालने की इजाजत है। जेई को भेज कर जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

शाहनुर रहमान, एई-पीडब्ल्यूडी।

## मानसिक परेशान युवती ने पेंट डाल कर लगाई आग

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सरैयां गांव में में रहने वाली मानसिक परेशान युवती ने गुरुवार शाम को अपने ऊपर पेंट डालकर आग लगा ली। इस घटना में युवती साठ प्रतिशत तक झुलस गई है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सरैयां निवासी राकेश रावत की 25 वर्षीय बेटी नेहा है। राकेश रावत पेशे से पेंटर हैं और उनके घर में पेंट का डिब्बा रखा हुआ था। नेहा पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। गुरुवार शाम को उसने अचानक अपने ऊपर पेंट डाल लिया और आग लगा ली। परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई और युवती को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि युवती के शरीर का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा जल गया है और उसकी हालत गंभीर है। परिजनों ने बताया कि नेहा की शादी कुछ साल पहले हुई थी लेकिन ससुराल से रिश्ते खराब होने के बाद वह अपने मायके में रह रही थी। इसी वजह से वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। उसी को लेकर उसने यह कदम उठाया है।


हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रवाना करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

# पराली जलाने पर रोक के लिए प्रचार शुरू

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट के तहत फसल अवशेष प्रबन्धन-पराली जलाने पर रोक के लिए विकास खंड व तहसील स्तर पर के साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर से जन जागरूकता प्रचार वाहन रवाना किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा प्रदूषण से बचाव को जागरुकता जरुरी है। प्रचार वाहन विकास खंडों में कृषकों के मध्य पहुंच पराली जलाने से होने वाले हानि एवं अवशेषों और प्रबंधन के उपाय के बारे में जागरूक करेगा। कृषक भाईयों को फसल अवशेष न जलाने तथा उसका प्रबंधन कर लाभ लेने के लिए जागरूक किया जाएगा। पराली को वायो डिकम्पोजर का छिडकाव कर भूमि की उर्वरा शक्ति बढाने के लिए कम्पोस्ट खाद बनाकर उपयोग किया जा सकता है। फसल अवशेष को न जलाया जा सके, इसलिए जिले की सभी कम्वाइन हार्वेस्टरों में एस. एम. एम लगाकर खरीफ सीजन की कटाई का कार्य करें। जिस कम्वाइन हार्वेस्टर में एसएमएस नहीं पाया जायेगा, उस कम्वाइन को सीज कर दिया जायेगा। वही पराली खेतों में जलाने पर लगने वाला अर्थदण्ड दो एकड़ से कम पर दो हजार पॉच सौ रूपये, 2 से 5 एकड़ पर पांच हजार रूपये तथा पांच एकड़ से अधिक पर पन्द्रह हजार रूपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। न मानते पर उसके विरुद्ध कार्यवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया जायेगा। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, उप निदेशक कृषि डा. मुकुल तिवारी, सीएफओ अनुप सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम

संवाददाता पुरवा

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र की न्याय पंचायत असोहा, भादीन, दरेहटा अचली और सरवन के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

इसमें खंड शिक्षाधिकारी आंचल सिंह ने भादीन न्याय पंचायत में हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। भादिन में 100 और 200 मीटर दौड़ व लंबी कूद में मेदपुर के अनिकेत और बालिका वर्ग मे आरती ने बाजी मारी।

वहीं दरेहटा न्याय पंचायत में 100 मीटर दौड़ प्राथमिक स्तर मे बालक वर्ग में विकास मकदूमपुर व बालिका वर्ग में प्रतिज्ञा, लच्छीपुर जूनियर स्तर में बालक वर्ग में जमुना दरेहटा व बालिका वर्ग में आकांक्षा दरेहटा, कबड्डी में पहाड़पुर प्राथमिक स्तर पर व दरेहटा टीम जूनियर स्तर पर विजयी रही। लंबी कूद में प्राथमिक स्तर पर गंगा बालक वर्ग तो दिव्यांशी बालिका वर्ग में जीतीं। वहीं, जूनियर स्तर पर कैफ बालक वर्ग में और आरोही बालिका वर्ग में विजयी रहीं। वहीं असोहा न्याय पंचायत में 100 मीटर दौड़ में प्राथमिक स्तर पर बालक और बालिका वर्ग गोसाईं खेड़ा के छात्र क्रमशः सलमान कोमल ने बाजी मारी। 200 मीटर दौड़ में सेमरी सौरव और आफरीन ने बाजी मारी। भादीन मे खंड शिक्षाधिकारी आंचल सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान न्याय पंचायतों के नोडल व खेल प्रभारी मौजूद रहे।

## फीडर एक की बिजली आज 5 घंटे रहेगी बंद

**शुक्लागंज उन्नाव।** 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र गोकुल बाबा में ब्रेक, पैनल और पॉवर परिवर्तक के मरम्मत कार्य के चलते नेहरू बाग औद्योगिक, 11 केवी मगरवारा ग्रामीण और शुक्लागंज फीडर एक की बिजली बंद रहेगी। यह सूचना अधिशाषी अभियंता द्वारा जारी की गई है।

बिजली की आपूर्ति शुक्रवार को सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं को परेशानियों से बचने के लिए अपनी योजना अनुसार बिजली के बिना समय व्यतीत करने की सलाह दी गई है। मरम्मत कार्य के कारण इस अवधि में प्रभावित क्षेत्रों में बिजली की अनुपलब्धता रहेगी। विभाग का प्रयास है कि जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूरा कर सामान्य विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सके। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है।

# मरम्मत कार्य होने से कई मोहल्लों की बिजली गुल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार को शुक्लागंज में बिजली विभाग द्वारा किए जा रहे मरम्मत कार्य के कारण नगर के कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस बिजली कटौती से हजारों लोग प्रभावित हुए और उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ा।

शुक्लागंज पॉवर हाउस से संचालित होने वाले फीडर 2 और शक्तिनगर फीडर की बिजली आपूर्ति को बंद करके पोनी रोड, प्रेम नगर, शक्तिनगर और मनोहर नगर में बिजली पोल और केबल डालने का काम किया गया। इसके अलावा, गोकुल बाबा सबस्टेशन पर बिजली उपकरणों के रखरखाव के कारण भी कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे से शाम छह बजे तक शक्तिनगर फीडर और फीडर 2 की बिजली आपूर्ति बंद रही। बिजली गुल होने के कारण लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ा और उनके दैनिक कार्यों में काफी बाधा पड़ी। विभाग की माने तो यह मरम्मत कार्य बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है।


मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी।

- बिजली कटौती से हजारों लोग प्रभावित हुए

## सार-संक्षेप

### गोवर्धन लीला की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**शुक्लागंज उन्नाव।** आदर्श नगर स्थित नागेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा दौरान व्यास ने मौजूद श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराया। इसके साथ ही कथा व्यास ने ने गोवर्धन लीला और चीर हरण की कथा का बखान किया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। कथा को आगे बढ़ाते हुये कथा पं. राम करन अवस्थी ने प्रकृति की पूजा ही गोवर्धन पूजा है क्योंकि प्रकाश से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है। जिसके बाद ही उन्होंने कहा कि राजा इंद्र को अपने आप पर बहुत बड़ा घमंड अभिमान था जैसे चूर चूर करने के लिए श्री कृष्ण भगवान ने गोवर्धन लीला रचाई और ग्रामीणों के साथ गोवर्धन पूजा के लिए गोवर्धन पर्वत पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा के समय इंद्र देवता को भोग लगाया जाता था। इसके साथ ही उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं माखन चोरी, गोपियों संग रास लीला का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भक्ति भाव में सराबोर कर दिया। इस मौके पर कमल किशोर तिवारी, सत्यभामा तिवारी, अनुष्का तिवारी, अक्षत, श्रीकांत तिवारी, रामकिशोर तिवारी, ऋषि, शिवम मौजूद रहे।


कथा का बखान करते पं राम करन अवस्थी।


कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना करते प्रधानाचार्य व अतिथि। अमृत विचार

### सरस्वती गोपीनाथपुरम में मातृ भारती का हुआ गठन

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार को सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, गोपीनाथपुरम में मातृ भारती का गठन हुआ, जिसका उद्देश्य बालकों का सर्वांगीण विकास है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रीति सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्षा उपस्थित रहीं। हर कक्षा से एक मेधावी और एक कमजोर विद्यार्थी की माताओं को आमंत्रित किया गया, जिसमें कुल 64 माताएँ शामिल रहीं। कुछ माताओं ने अपने संस्मरण को सभी के समक्ष रखते हुए कहा कि सरस्वती विद्या मन्दिर में अनुशासन, शिक्षण बहुत ही अच्छा है। यहाँ के आचार्यों को अच्छी शिक्षा के अतिरिक्त अच्छे संस्कार भी दे रहे हैं। ऐसे ही अनेक माताओं ने भी अपने-अपने विचारों को रखा। सभी को प्रेरक वीडियो भी दिखाई गई। माताओं ने विद्यालय की अनुशासन और शिक्षण की सराहना की। मातृ भारती के अध्यक्षा संगीता शुक्ला, उपाध्यक्षा जमुना वर्मा, मंत्री नीरू, सहमंत्री रेखा गुप्ता और कोषाध्यक्षा रूपा त्रिवेदी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रकट करने के साथ हुआ।

### वार्ड 25 में पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** वार्ड 25 में शुक्रवार को पालिका ने स्वच्छता अभियान चलाया, जो संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का हिस्सा था। अध्यक्ष कौमुदी पांडेय और ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देशन में एक अक्टूबर से अभियान शुरू किया गया है। इस दिन एसवीएम प्रभारी के नेतृत्व में विन्दा नगर में सघन स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। पालिका के कर्मचारियों ने गलियों में झाड़ू लगाकर गंदगी साफ की और नालियों से सिल्ट निकालने के बाद एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया। इसके अतिरिक्त, शाम को क्षेत्र में फागिंग कराई गई, ताकि मच्छरों के प्रकोप को कम किया जा सके। यह अभियान स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। पालिका ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है, ताकि वार्ड को स्वच्छ और स्वस्थ रखा जा सके।


पालिका द्वारा क्षेत्र में कराई जाती फागिंग।

### दिन भर चला हरे पेड़ों पर आरा, अधिकारियों को भनक नहीं

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ लकड़कट्टों द्वारा प्रतिबंधित हरे, फलदार व औषधीय पेड़ों पर आरा चलना जारी है। लकड़कट्टों द्वारा क्षेत्र के एक गांव के पास आधा दर्जन से अधिक प्रतिबंधित पेड़ों की लकड़ी काटकर दिनदहाड़े वाहनों में लादकर ले जाई गई और वन विभाग मूक दर्शक बना रहा। जिससे लकड़कट्टों के हौसले सातवें आसमान पर हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव जिरिकपुर के पास शुक्रवार सुबह से ही लकड़कट्टों का गिरोह प्रतिबंधित हरे व फलदार पेड़ों को काटने में जुट गया। लकड़कट्टों द्वारा सरेआम पेड़ों पर इलेक्ट्रिक आरा मशीन चलाई जाती रही। गिरोह ने एक-दो नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक भारी भरकम प्रतिबंधित नीम आदि के पेड़ों पर आरा चलाकर गिरा दिया। बाद में शाम को ट्रैक्टर-ट्राली में लादकर लकड़ी ले जाई गई। आश्चर्यजनक यह है कि पूरे दिन हुई कटान की भनक न तो वन विभाग को हो सकी और न ही अन्य किसी प्रशासनिक अधिकारी को। प्रतिबंधित पेड़ों की हो रही कटान क्षेत्रीय लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। मजे की बात तो यह है कि किसी ग्रामीण द्वारा इस अवैध कटान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। फिर भी संबंधित वन कर्मियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी।


हरे व औषधीय नीम के पेड़ की लकड़ी काटता लकड़कट्टा। अमृत विचार


सहयोगियों का होता सम्मान। अमृत विचार

## शिव महापुराण में सहयोगियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के पीडी नगर के प्रियदर्शिनी गेस्ट हाउस में चल रही शिव महापुराण कथा के नौवें दिन कथा प्रवक्ता विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने शिव जी को प्रसन्न करने के कई सरल और सहज मार्ग बताए। सही विधि से भोलेनाथ के पूजन से होने वाले लाभों पर कल्याणकारी व्याख्यान दिया। एक दिन पूर्व हुई भजन, नृत्य व भक्ति वेश प्रतियोगिता के विजेताओं को और 11 दिवसीय अनुष्ठान के सहयोगियों को ई स्काई लैंड डेवलपर लखनऊ की टीम ने पुरस्कृत किया। ज्योतिषाचार्य आचार्य लंकेश और संस्थापक अध्यक्ष चेतन मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ. मनीष सिंह सेंगर, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू ने सम्मानित कर आशीर्वाद लिया।

# रोजगार सेवक ने दी आत्महत्या की चेतावनी

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड के पंडरी खुर्द गांव के रोजगार सेवक राकेश कुमार ने बताया कि वह गांव में सन-2006 से तैनात है। 8 माह से उसे मानदेय नहीं मिला है और 18 मई से उसकी पत्नी बीमार चल रही है। जिससे उसे पैसों की बेहद जरूरत है। अगर उसे मानदेय नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगा।

बता दें कि विकासखंड के सभी रोजगार सेवकों का ब्लॉक मुख्यालय विकास कार्यों सहित अन्य सूचना के लिए एक वाट्सएप ग्रुप बना है। जिसमें ब्लॉक से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी जुड़े है। गुरुवार शाम रोजगार सेवक राकेश ने ग्रुप पर लिखा कि इस समय मैं बहुत विषम परिस्थिति से गुजर रहा हूं। मेरी पत्नी को ब्रेन हैमरेज के साथ पैरालिसिस का अटैक 18 मई को पड़ा था। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक सिर्फ एक माह का मानदेय मिला है। इन परिस्थितियों में कैसे जिए। लिखा कि अब तो आत्महत्या करनी पड़ेगी और शुक्रवार को वह पत्नी आशा रानी के साथ ब्लॉक कार्यालय में आत्मदाह कर लेगा। जिसे किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि ऐसे किसी भी वायरल पोस्ट की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। यह मामला विकासखंड कार्यालय में शुक्रवार को पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

राकेश ने बताया कि उसके मानदेय की फाइल बड़े बाबू रामकुमार बनाते हैं। क्यों नहीं फाइल बढ़ाई इसकी जानकारी भी नहीं देते हैं। इस बारे में बीडीओ फहद खान ने बताया कि मामला जानकारी में आया है। जल्द ही उसे मानदेय दिलाया जाएगा।


ब्लाक परिसर में रोजगार सेवकों के साथ राकेश व उसकी पत्नी। अमृत विचार

- 8 महीने से मानदेय न मिलने की वजह से है परेशान
- पत्नी को ब्रेन हैमरेज व पैरालिसिस की है शिकायत

**दिए निर्देश** मिशन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की और मातहतों के साथ कई सेंटरों पर जाकर स्वच्छता की वास्तविकता का जायजा लिया

# उप निदेशक ने स्वच्छ भारत मिशन के मानकों का किया निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार को सहायक निदेशक नगर निकाय लखनऊ, गिरीश कुमार द्विवेदी ने अचानक गंगाघाट नगर पालिका का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की और मातहतों के साथ कई सेंटरों पर जाकर स्वच्छता की वास्तविकता का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

दोपहर में उप निदेशक ने पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा और अवर अभियंता घनश्याम मौर्य से स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने स्वच्छता के प्रभारी अनूप शुक्ला से आवश्यक दस्तावेज मंगवाए और उनकी जांच की। इसके पश्चात वे श्री नगर स्थित सेंटर पर पहुंचे, जहां उन्होंने काम कर रही संस्था की मिट्टी टेस्ट की जांच की और प्रगति का आकलन किया।

उप निदेशक ने इसके बाद गगनी खेड़ा स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने चारे और भूसे की उपलब्धता का मूल्यांकन किया।

साथ ही, नियमित डॉक्टर की जांच की स्थिति को भी देखा। इसके बाद वे एमआरएफ सेंटर और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की ओर बढ़े। उनके साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक कोमल शर्मा और अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे भी मौजूद थे।

**नालों में बॉयोरेमिडेशन तकनीक का प्रयोग के दिये निर्देशः** उप निदेशक ने पालिका प्रशासन को निर्देश दिया कि गंगा में गिरने वाले नालों की गंदगी को साफ करने के लिए बॉयोरेमीडेशन तकनीक का उपयोग किया जाए, ताकि गंगा में गंदगी न पहुंचे। उन्होंने एसटीपी (सिविल ट्रीटमेंट प्लांट) के बारे में भी जानकारी ली और जल्द चालू कराने के निर्देश दिये।


ईओ से जानकारी लेते उप निदेशक गिरीश द्विवेदी। अमृत विचार


गौशाला का निरीक्षण करते उप निदेशक। अमृत विचार

#### महाकुंभ से पहले तैयारी करने के दिये निर्देश

अगले साल जनवरी माह में प्रयागराज में महाकुंभ होना है, उसके आगमन से पहले उन्होंने पालिका को निर्देश दिए कि गंगा के सभी नालों की टेपिंग कर बॉयोरेमिडेशन से युक्त किया जाए, ताकि मेले के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पांच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# भारत-जर्मनी की दोस्ती

भारत और जर्मनी के बीच विकास सहयोग द्विपक्षीय संबंधों का एक अहम हिस्सा है। हर स्तर पर भारत और जर्मनी के संबंध मजबूत हो रहे हैं। भारत और जर्मनी के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है। भारत और जर्मनी का द्विपक्षीय कारोबार 30 बिलियन डॉलर से अधिक पहुंच गया है, जो दोनों देशों के मजबूत द्विपक्षीय रिश्तों को दर्शाता है। जर्मनी, यूरोपीय संघ में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। महत्वपूर्ण है कि भारत और जर्मनी की रणनीतिक साझेदारी ऐसे समय में मजबूत सहारे के रूप में उभरी है, जब दुनिया तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता का सामना कर रही है। साथ ही युद्ध के कारण हो रहे राजनीतिक बदलावों ने भी इस ओर ध्यान खींचा है कि अपनी साझेदारी को किस तरह अलग रूप दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के बाद कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष दोनों देशों के लिए चिंता का विषय हैं। भारत का हमेशा मत रहा है कि युद्ध से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। गौरतलब है कि भारत और जर्मनी के बीच अंतर-सरकारी परामर्श हर दो साल में होता है। इसमें सहयोग की व्यापक समीक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच जुड़ाव के नए क्षेत्रों की पहचान की जाती है। पिछली बार इसका आयोजन मई 2022 में बर्लिन में किया गया था। इन दो वर्षों में रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, हरित और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़े सहयोग की प्रगति उत्साहजनक कही जा सकती है।

जर्मन चांसलर शोल्ज का चौथी बार का दौरा भारत-जर्मनी के संबंधों पर उनके फोकस को दिखाता है। जर्मन चांसलर एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हुए हैं। वास्तव में भारत-जर्मनी के संबंध आदान-प्रदान के संबंध नहीं बल्कि दो सक्षम और मजबूत लोकतंत्रों की परिवर्तनकारी साझेदारी है। जर्मनी की 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति भी स्वागत योग्य है। इस नीति के तहत जर्मनी, भारत के साथ आर्थिक और सामरिक सहयोग और मजबूत करना चाहता है। उम्मीद है कि भारत दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जर्मनी की कंपनियां भी भारत में उज्ज्वल भविष्य देख रही हैं। भारत और जर्मनी के बीच भू-राजनीतिक मामलों पर नियमित परामर्श से विश्वास और आत्मविश्वास का निर्माण हो सकता है। फिर भी भारत और जर्मनी के बीच राजनय संबंधों को जटिल बनाने वाले मतभेदों को रचनात्मक संवाद के जरिए सुलझाना होगा।

# प्रकाश-पर्व के पांच दिन


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

दीपोत्सव के दूसरे दिन को नरक चतुर्दशी या छोटी दीवाली के रूप में मनाया जाता है। इसे रूप चतुर्दशी भी कहाते हैं। इस उत्सव की पृष्ठभूमि में यह पौराणिक कथा है कि प्राग्ज्योतिषपुर के शक्तिशाली असुर सम्राट नरकासुर ने देवराज इंद्र को पराजित करने के बाद देवताओं तथा ऋषियों की सोलह हजार से ज्यादा कन्याओं का अपहरण कर उन्हें अपने रनिवास में रख लिया था।

कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी या तेरस से आरंभ होने वाला पांच दिनों का प्रकाश-पर्व भारतीय संस्कृति की पांच बड़ी घटनाओं के उत्सव हैं। ये पांच दिन-रात ऐसे हैं जिनमें हमारी उत्सवधर्मिता ही नहीं, हमारी जीवन-दृष्टि की जड़ें भी तलाशी जा सकती हैं। इस आयोजन का पहला दिन उस घटना की स्मृति है जब समुद्र मंथन के अपने संयुक्त अभियान के दौरान देवों और असुरों ने समुद्र पार के किसी देश में अमृत घट अर्थात जीवनदायी औषधियों के साथ आयुर्वेद के जन्मदाता धन्वंतरि की खोज की थी। आधुनिक समय में यह पर्व बहुत सारी विकृतियों का शिकार होकर अपना उद्देश्य खो चुका है। धनतेरस का वर्तमान स्वरुप बाजार और उपभोक्तावाद की देन है जब हमारी धनलिप्सा ने एक महान चिकित्सक को धन का देवता बना दिया। बाजार ने हमें बताया कि धनतेरस के दिन सोने-चांदी या सट्टे में निवेश करने, विलासिता के महंगे सामान खरीदने या जुआ खेलने से धन तेरह गुना बढ़ जाता है। हाल के वर्षों में इसमें एक और अंधविश्वास यह जुड़ा है कि धनतेरस की रात उल्लुओं की बलि देने से संपति में बेतहाशा वृद्धि होती है।

दीपोत्सव के दूसरे दिन को नरक चतुर्दशी या छोटी दीवाली के रूप में मनाया जाता है। इसे रूप चतुर्दशी भी कहते हैं। इस उत्सव की पृष्ठभूमि में यह पौराणिक कथा है कि प्राग्ज्योतिषपुर के शक्तिशाली असुर सम्राट नरकासुर ने देवराज इंद्र को पराजित करने के बाद देवताओं तथा ऋषियों की सोलह हजार से ज्यादा कन्याओं का अपहरण कर उन्हें अपने रनिवास में रख लिया था। नरकासुर को किसी भी देवता अथवा पुरूष से अजेय होने का वरदान प्राप्त था। कोई स्त्री ही उसे मार सकती थी। हताश देवता सहायता की याचना लेकर जब कृष्ण के पास पहुंचे तो उनकी दुर्दशा और अपने पति की चिंता देखकर कृष्ण की एक पत्नी सत्यभामा सामने आई। कृष्ण के रनिवास की वह एकमात्र योद्धा थी जिनके पास कई युद्धों में भाग लेने का अनुभव था। उन्होंने नरकासुर से युद्ध की चुनौती स्वीकार की। कृष्ण को सारथि बनाकर वीरांगना सत्यभामा युद्ध में उतरीं और नरकासुर को पराजित कर उसे मार डाला। नरकासुर की इसी कथा से जुड़ा कृष्ण की सोलह हजार से ज्यादा पत्नियों का मिथक भी है। जब कैद से मुक्त सोलह हजार से ज्यादा स्त्रियों को कृष्ण ने उनके घर भेजने का प्रयास किया तो नरकासुर के रनिवास में लंबे समय तक रही ज्यादातर औरतों को सामाजिक निंदा के भय से उनके घरवालों ने अपनाने से इंकार कर दिया। कुछ स्त्रियां स्वयं तिरस्कार के भय से घर लौटने को तैयार नहीं हुईं। कृष्ण ने इन सभी स्त्रियों को सामाजिक सम्मान और सामान्य जीवन दिलाने के लिए अपनी पत्नी का दर्जा दिया। उत्सव के साथ यह दिन हमारे लिए खुद से यह सवाल पूछने का अवसर भी है कि क्या उस घटना के हजारों साल बाद भी हम स्त्रियों को अपने भीतर मौजूद वासना और पुरूष-अहंकार जैसे नरकासुरों की कैद से मुक्ति दिला पाए हैं ?

कार्तिक शुक्ल पक्ष की दूसरी तिथि यम द्वितीया दीपोत्सव के पांच-दिवसीय आयोजन की आखिरी कड़ी है। लोक भाषा में इस दिन को भैया दूज या भाई दूज कहा जाता है। दीपोत्सव का यह दिन भाई-बहनों के आत्मीय रिश्ते को समर्पित है।

कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाने वाली दीपावली देश का अकेला पर्व है जिसकी उत्पति के बारे में भारतीय धर्म-संस्कृति में सबसे ज्यादा मत-भिन्नताएं हैं। ज्यादा लोग इस दिन को लंका विजय कर चौदह वर्षों के बनवास के बाद राम की अयोध्या वापसी के उत्सव के रूप में देखते हैं। कुछ लोग इस दिन को महाभारत युद्ध के बाद विजेता पांडवों के कृष्ण के साथ हस्तिनापुर लौटने की घटना का उत्सव मानते हैं। पूर्वी भारत के बंगाल और उड़ीसा की शक्ति-पूजक संस्कृति दिवाली को काली पूजा के रूप में मनाती है। बौद्धों के लिए यह दिन कलिंग युद्ध के रक्तपात से विचलित सम्राट अशोक के बौद्ध धर्म में दीक्षित होने का दिन है। जैन इसे तीर्थंकर महावीर के निर्वाण दिवस के तौर पर देखते हैं। इतनी मान्यताओं के बीच अजीब यह है कि इस दिन राम, कृष्ण, काली, बुद्ध या महावीर की नहीं, देवी लक्ष्मी और गणेश की पूजा होती रही है। संभवतः इसलिए कि दीवाली की एक कथा देवी लक्ष्मी से भी जुड़ती है। समुद्र-मंथन में लक्ष्मी के प्रकट होने के बाद उन्हें पाने के लिए देवों और असुरों के बीच विवाद हुआ था। आज ही की रात लक्ष्मी ने पति के रूप में विष्णु का वरण किया था।

दीवाली की अगली सुबह मनाया जाने वाला गोवर्द्धन पूजा या अन्नकूट उत्तर भारत के पशुपालकों का सबसे बड़ा पर्व है। हमारी संस्कृति में सदियों से स्थापित मान्यताओं के विरुद्ध इसे पहले विद्रोह का दिन भी माना जाता है। देवराज इन्द्र की निरंकुश सत्ता के प्रतिरोध में इस पर्व की शुरूआत द्वापर युग में कृष्ण ने की थी। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार जब अतिवृष्टि से गोकुल और वृंदावन जलमग्न हो गए तो वहां के निवासियों ने अपनी और अपने पशुधन की रक्षा के लिए वर्षा के देव इंद्र से गुहार की। इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए वैदिक अनुष्ठानों का लंबा क्रम चला। जलप्रलय की स्थिति देखकर कृष्ण ने अहंकारी इंद्र को समर्पित तमाम वैदिक अनुष्ठान बंद करा दिए। तमाम आशंकाओं के बीच उन्होंने गोकुल और वृन्दावन के लोगों को उंगली से गोवर्द्धन पर्वत की ओर चलने का संकेत किया। उनकी बात मान लोगों ने अपने परिवार, धन-धान्य और पशुओं के साथ गोवर्द्धन पर्वत की शरण लेकर जलप्रलय से अपनी और पशुधन की रक्षा की थी। माना जाता है कि उसी दिन से देवराज इंद्र की पूजा बंद हुई और गोवर्द्धन पर्वत के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन का अनुष्ठान आरम्भ हुआ। गाय के गोबर से घर-आंगन लीपने के बाद प्रतीकात्मक रूप से गोबर से गोवर्द्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसके प्रति श्रद्धा निवेदित की जाती है।

कार्तिक शुक्ल पक्ष की दूसरी तिथि यम द्वितीया दीपोत्सव के पांच-दिवसीय आयोजन की आखिरी कड़ी है। लोक भाषा में इस दिन को भैया दूज या भाई दूज कहा जाता है। दीपोत्सव का यह दिन भाई-बहनों के आत्मीय रिश्ते को समर्पित है। जहां रक्षा बंधन या राखी सभी उम्र की बहनों के लिए निर्धारित है, भैया दूज की कल्पना मूलतः विवाहित बहनों की भावनाओं को ध्यान में रखकर की गई है। यम द्वितीया के लिए भी पुराणों ने एक मार्मिक कथा गढ़ी है। इस कथा के अनुसार सूर्य के पुत्र और मृत्यु के देवता यम का अपनी बहन यमुना से अपार स्नेह था। यमुना के ब्याह के बाद स्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि लंबे अरसे तक भाई और बहन की भेंट नहीं हो सकी। यमुना के निरंतर निवेदन के बाद यम अंततः कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को बहन के घर पहुंच ही गए। यमुना ने दिल खोलकर भाई की सेवा की। प्रस्थान के समय स्नेह और सत्कार से अभिभूत यम ने बहन से वरदान मांगने को कहा। यमुना ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा। उसने दुनिया की तमाम बहनों के लिए यह वर मांग लिया कि आज के दिन जो भाई अपनी बहन की ससुराल जाकर यमुना के जल से या बहन के घर में ही स्नान कर उसके हाथों से बना भोजन ग्रहण करे, उसे यमलोक का मुंह नहीं देखना पड़े। यम और यमुना की यह पौराणिक कथा काल्पनिक सही, लेकिन इसमें अंतर्निहित भावनाएं काल्पनिक नहीं है। इस कथा के पीछे हमारे पूर्वजों का उद्देश्य निश्चित रूप से यह रहा होगा कि भैया दूज के बहाने ही सही, भाई साल में कम से कम एक बार बहन की ससुराल जाकर उससे जरूर मिले। इस दिन विवाहित स्त्रियों द्वारा गोधन कूटने की प्रथा भी है।

'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का संदेश लेकर आने वाले प्रकाश-पर्व का एक आर्थिक पक्ष भी है जिसे हम विस्मृत करते जा रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने किसी भी धार्मिक या लोकपर्व की परिकल्पना करते समय गांवों के कारीगरों, शिल्पियों और कृषकों की रोज़ी-रोटी और सम्मान का पूरा-पूरा ख्याल रखा था। उनके उत्पादों के बिना कोई भी पूजा सफल नहीं मानी जाती थी। हमारे लाखों कुंभकार और शिल्पी अपने बनाए दीयों, मूर्तियों, सजावट के सामानों और कलाकृतियों के साथ बरस भर प्रकाश पर्व की बाट जोहते हैं। औद्योगीकरण के दौर में आज वे लगभग हाशिए पर खड़े हैं। देश के कुटीर उद्योगों की बिगड़ती सूरत के कारण लगभग बर्बादी के कग़ार पर खड़े अपने लाखों शिल्पकारों को सहारा देने के लिए हमें आगे आना होगा।

## प्रसंगवश

# अनुसंधान ही पूजा


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मेरे गुरु डॉक्टर नंदकिशोर नवल ने कभी एक संस्मरण सुनाया था। राहुल सांकृत्यायन रूस गए थे। स्वागत करने वाले ने उनसे हाथ मिलाया। मिलाते ही उन्होंने अपना हाथ तुरत खींच लिया, "आपके हाथ इतने कोमल हैं? क्या आप शारीरिक श्रम नहीं करते?" शारीरिक श्रम न करना रूस में अपमानजनक बात है, भारत में सम्मानजनक! ऐसी स्थिति में रूस प्रगति नहीं करेगा तो क्या भारत करेगा? किस देश में सौंदर्य का मानदंड क्या है, इसे देखकर बताया जा सकता है कि वह देश प्रगति कर रहा है या पिछड़ रहा है। प्रगतिशील साहित्यकारों ने कोमलता के पुराने मानदंड को खारिज कर दिया। उन्हें कुदाल चलाने वाले खुरदुरे हाथों में सौंदर्य दिखाई देने लगा। किसी की हत्या से अगर शरीर में खून के छींटे पड़ जाएं तो क्या वे सुंदर लगेंगे? नहीं न? लेकिन वे छींटे अगर आततायियों के हों तब? तब तो वे छींटे भी उन्हें अत्यंत सुंदर लगेंगे जो आततायियों से पीड़ित रहे हैं।

शारीरिक सौंदर्य के अंतर्गत ही आता है उपयोगिता वादी सौंदर्य या कल्याणकारी सौंदर्य। यहां यह प्रश्न उठ सकता है कि क्या इस तरह का सौंदर्य आरोपित या झूठा सौंदर्य नहीं है? खुरदुरे हाथों का सुंदर लगना या शरीर में खून के छींटों का शोभायमान होना वास्तविकता से परे नहीं है क्या? है, लेकिन बैठे-ठाले और शोषकों के लिए, श्रमिकों और शोषितों के लिए खुरदुरे हाथ और दुष्टों के रक्त से सने शरीर ही सुंदर हैं। यह स्पष्ट है कि शोषकों और शोषितों के सौंदर्य के मानदंड अलग -अलग हुआ करते हैं। इस पर थोड़ा और विचार करने की जरूरत है। क्या ऐसा रास्ता नहीं निकल सकता जिसमें शारीरिक श्रम भी भरपूर हो और हाथ की कोमलता भी बनी रहे? हो सकता है, टैक्नोलॉजी के विकास से कुछ भी संभव है। हाथ की जगह मशीन काम करने लगे तो यह संभव है या हाथ में सुरक्षा-कवच लग जाय तो यह संभव है। दस्तानें पहनकर काम करने से हाथ की कोमलता बनी रह सकती है। लेकिन इसके लिए संपन्नता चाहिए। विज्ञान के विकास से संपन्नता आएगी, लक्ष्मी-पूजा करने से नहीं। विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान ही पूजा है। इसी पूजा में सौंदर्य है।

# बेईमान क्यों हो जाती है नौकरशाही


अनूप शुक्ल
कानपुर

नौकरशाही में काम करने के दौरान अधिकारियों को जनहित में कई अप्रिय फ़ैसले लेने पड़ते हैं। अक्सर उन फ़ैसलों से सत्ता के हित प्रभावित होते हैं।

यह शीर्षक है उस किताब का जिसे उत्तर प्रदेश में सेवा के अधिकारी रहे डा. हरदेव सिंह ने लिखा था। उन्होंने अपनी सरकारी सेवाओं के विविध अनुभवों का ज़िक्र करते हुए नौकरशाही के बेईमान हो जाने के कारणों की पड़ताल की थी। सरकारी सेवा में आने से पहले हरदेव सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र की पढ़ाई की थी। इसलिए उनके विवरणों में दर्शन के आधार पर व्याख्याएं भी थीं।

नौकरशाही के बेईमान होने के कई कारणों का ज़िक्र करते हुए हरदेव सिंह ने एक कारण पारिवारिक भी बताया था। उनका मानना था कि सिविल सेवाओं में आम तौर पर गरीब, मध्यम वर्गीय घरों के प्रतिभाशाली, मेहनती बच्चे आते हैं। जैसे ही उनका चयन इन सिविल सेवाओं में होता हैं, उनको सम्पन्न, ऊंचे पदों पर तैनात लोग अपनी बेटियों के लिए चुन लेते हैं। अपनी बेटियों की शादी उनसे करा देते हैं।

नौकरशाही में काम करने के दौरान अधिकारियों को जनहित में कई अप्रिय फ़ैसले लेने पड़ते हैं। अक्सर उन फ़ैसलों से सत्ता के हित प्रभावित होते हैं। ऐसे में अधिकारियों को कई तरह से प्रताड़ित करना अब आम बात हो गई है। उनका तबादला, प्रतिकूल प्रविष्टि और अन्य तमाम साज़िशें होती हैं। पहले ऐसे अधिकारियों को उनके वरिष्ठ अधिकारी बचाते थे। बदलते हालत में वे भी इसी खेल में शामिल हो गए हैं।

हरदेव सिंह का मानना है कि अधिकारी स्वयं तो इन अभावों, कष्ट साध्य जीवन जीने के आदी होने के कारण ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों का आसानी से मुक़ाबला कर सकता है लेकिन उनका परिवार जिसको अपने बचपन और बाद में आराम तलबी के जीवन की आदत पड़ चुकी होती है, ये कष्ट झेलने की आदत नहीं होती। अधिकारी अपने परिवार को परेशान नहीं देख पाते। इस परेशानी से बचने के लिए वे ऐसे निर्णय लेने से बचते हैं जिनके कारण उनके खिलाफ़ कार्यवाही की आशंका हो और उनका परिवार कष्ट झेले।

अधिकारियों की इस तरह की प्रताड़नाओं के अनेक उदाहरण हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में इंदिरा गांधी के ख़िलाफ़ निर्णय सुनाने वाले जस्टिस सिन्हा को आगे पदोन्नत नहीं किया गया। सुनने में आता है कि उन्होंने फ़ैसला सुनाने वाले दिन अपनी पत्नी से कहा था- 'आज मैं यह फ़ैसला सुनाने जा रहा हूं, अब मेरा आगे प्रमोशन नहीं होगा।' उनका परिवार उनके साथ था।

आज तमाम न्यायाधीशों के लोगों के नाम किसी को भले याद न हों लेकिन जस्टिस सिन्हा का नाम आदर से लिया जाता है। एक ऐसा न्यायाधीश जिसमें तत्कालीन सत्ता के ख़िलाफ़ फ़ैसला लेने की हिम्मत थी।

हरदेव सिंह ने जब यह किताब लिखी थी तब उनके सामने उदाहरण के लिए केवल परिवार ही था। वे मानते थे कि परिवार के लोगों के कारण अधिकारी अपने उसूलों से समझौता करते हैं। गत वर्षों में इसमें परिवार के साथ स्वयं अधिकारी भी शामिल हो गए हैं। उनको अपने सेवा काल के साथ सेवा के बाद भी आरामतलब जिंदगी का लालच हो गया है। इसीलिए सर्वोच्च पदों पर पहुंचने के बाद वे रिटायर होने के बाद भी कोई अच्छा माना जाने वाला पद पाने के लिए सत्ता की चापलूसी करते हैं। उसके हिसाब से निर्णय लेते हैं। काम करते हैं। ऐसा करते समय वे भूल जाते हैं कि भविष्य में उनको, बावजूद तमाम प्रतिभा और ज्ञान के, एक अवसरवादी, चापलूस अधिकारी के रूप में ही याद किया जाएगा। अपने 36 साल के सेवाकाल में मैंने ऐसे तमाम लोगों को देखा जो व्यक्तिगत तौर स्वयं बहुत अच्छे, ईमानदार अधिकारी थे लेकिन अक्सर ग़लत बात का विरोध करने से बचते रहे ताकि उनके आगे की राह में रोड़े न आएं। दुनियावी सफलताएं तमाम बलिदान भी मांगती हैं। पिछले दिनों अपने न्यायाधीश महोदय के बाबरी मस्जिद के निर्णय के समय ईश्वर की शरण में जाने वाला बयान और उस पर जस्टिस काटजू का मत सुना तो किताब में वर्णित यह प्रसंग याद आया। जस्टिस काटजू ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा -'भगवान वाली बात सही नहीं है। फ़ैसले के पीछे न्यायाधीश महोदय का करियरिस्ट होना है।'

आज दुनिया एक बाज़ार में तब्दील हो चुकी है। इंसान भी आइटम में बदलता जा रहा है। उसको भी अपनी क़ीमत चाहिए-जितनी मिल जाए,जितने में निकल जाए। कानपुर के गीतकार 'अंसार कंबरी' कहते हैंः'अब तो बाज़ार में आ गए 'कंबरी'/ अपनी क़ीमत को और हम कम क्या करें?' ऐसे विकट समय भी तमाम ऐसे लोग हैं सब जगह जो बिकने से इंकार करते हैं। अपने उसूलों से समझौता नहीं करते। इसकी क़ीमत भी चुकाते हैं। ऐसे लोगों से ही दुनिया ख़ूबसूरत बनी हुई है।

## सोशल फोरम

# तनाव का चुनौती रूप

तनाव हमें अधिक कार्य करने की प्रेरणा दे तो इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे अन्यथा तनाव की वज़ह से हमें मानसिक कष्ट होगा ही।


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

वर्तमान समय में हर व्यक्ति अपनी क्षमता से अधिक कर गुजरने की कोशिश में लगा हुआ है। इस भौतिकवादी युग में हर काम में तेजी, प्रतिद्वंद्विता का दबाव एवं हर हाल में सर्वोच्च बनने की इच्छा के चलते हमारे तन मन और बुद्धि को बहुत से परिवर्तन झेलने पड़ते हैं। इससे हमारा शारीरिक और बौद्धिक तारतम्य गड़बड़ हो जाता है। ऐसे परिवर्तनों के लिए हमारे तन और मन में जो स्वाभाविक प्रतिक्रिया परिलक्षित होती है, वही तनाव है। इन संकेतों की अनदेखी निश्चयतः हानिकारक और घातक सिद्ध होती है। तनाव प्रबंधन के लिए तीन उपाय बताए गए हैं, ए ए ए। ए यानी अल्टर-परिस्थिति में बदलाव : जो भी तनावपूर्ण स्थिति है या जो भी तनाव देने वाला व्यक्ति या स्थान है, उसे बदल दिया जाए।

ए यानी अवॉयड-परिस्थिति से बचाव : तनावपूर्ण स्थिति से दूर रहा जाए या उस पर ध्यान न दिया जाए।

ए यानी असेप्ट-परिस्थिति से समझौताः जैसा भी तनाव हो उसे सहर्ष स्वीकार कर लिया जाए।

भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए दिन-रात की भागदौड़ से उपजे तनाव को कम किया जा सकता है लेकिन समाप्त करना असंभव है। बेहतर है कि तनाव को तनाव न मानकर चुनौती के रूप में स्वीकार कर लिया जाए तो तनाव का मौलिक स्वरुप ही बदल जाएगा। वैसे थोड़ा तनाव हमारी क्षमताओं को जागृत करने में उसी प्रकार सहायक होता है जैसे अल्प मात्रा में सर्प का विष। यदि जीवन में प्रतिस्पर्धा नहीं होगी तो हमारे जीवन में ठहराव आ जाएगा। इसलिए काम को पूरा करने का तनाव हमारी मदद भी करता है। तनाव हमें अधिक कार्य करने की प्रेरणा दे तो इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे अन्यथा तनाव की वज़ह से हमें मानसिक कष्ट होगा ही।

**-फेसबुक वॉल से**

जयंती पर

# बिल्लइया-दंडवत से न रीझें, योग्य नेता को ही वोट दें


शैलेश अवस्थी
कानपुर

पत्रकार पुरोधा शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जयंती पर उनका वह सुझाव और नसीहत याद आ रही है, जिसमें उन्होंने खुशामद से रीझकर नहीं, निडर और योग्य नेता को चुनने की सलाह दी थी। यह एक सदी बीत जाने के बाद आज भी प्रासंगिक है। 'प्रताप' में यह अग्रलेख उन्होंने मार्च 1916 में लिखा था। तब मुनिस्पिल बोर्ड के चुनाव होते थे। उनकी लेखनी के अंश पढ़िए.., "भलाई के नाम पर अपील हो रही हैं । नम्रता और शिष्टता का इतना जोर, परहित की इतनी चिंता, लगता है जैसे पापमय भूतल पर सतयुग उतर आया हो। परन्तु ढोल के अंदर पोल ही है। लोकोपकार की माला फेरी जा रही है, बिल्लइया-दंडवतें हो रही हैं। चलते पुर्जे जनता के मुर्देपन का लाभ उठाकर अपना उल्लू सीधा कर रहें हैं, मीठी बातों में फुसलाकार कौंसिलों और मुनिस्पिल बोर्डो के मेंबर बनते हैं। जीतने के बाद अपने को सेवक कहने वाले प्रभु बन जाते हैं। जनता उनकी अयोग्यता और करतूतों का फल भोगती है ।

विद्यार्थी जी आगे लिखते हैं, "मुनिस्पिलटी के नौकर और मेंबर हमारे सेवक हैं। यदि इन्हें रखने में हम बुद्धि से काम नहीं ले सकते तो क्या हम अपने को स्वराज्य के योग्य कह सकते हैं? क्या हम विचार करते हैं कि वोट डालने का दबाव बनाने वाला योग्य है भी या नहीं? लोभ दिए जाते हैं, घर के सामने लालटेन लग जाएगी, नालियां साफ रहेंगी, दरवाजे पर छिड़काव होगा, रिश्ते निकाले जाते हैं, मित्रता के नाम पर अपील की जाती है।...वोट देने वाले सज्जन! अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि वोट उचित पात्र को दो, स्वार्थी और अयोग्य को नहीं"।

वे लिखते हैं, "जो योग्य नहीं, निडर नहीं, जो सच्चाई और प्रजा हित को सामने रखने में समर्थ नहीं, जो अधिकारियों की इच्छा पर नाचना अपना कर्तव्य समझता हो, जो अपने लाभ के लिए लोगों के लाभ को न्योछावर कर देता है और दुहाई देता है पब्लिक की। यदि ऐसे आदमी को वोट दिया तो तुमने अनाचार को सदाचार के स्थान पर बैठाया। ऐसा आदमी धृष्टता करे तो उसकी खुलामखुल्ला आलोचना करो, उसको जबरदस्ती पीछे धकेल दिया जाए।" विद्यार्थी जी के इस अग्रलेख पर नज़र डालें तो आज दौर में उनके विचार, नसीहत, सुझाव और अपील प्रासंगिक है। आज भी ऐसा ही तो हो रहा है। ज्यादातर नेता ऐसा ही तो कर रहे हैं। सच है कि विद्यार्थी जी युगदृष्टा पत्रकार थे, जो पत्रकार को सत्य का प्रहरी कहते थे..।

-कौन्सिल का चुनाव, नेहरू जी का प्रभाव और गुटबाजी...

1925 के दौरान कांग्रेस की गतिविधियां तेज़ हो गईं थीं और वह लगभग सत्ता का केंद्र बनती जा रही थी। जवाहरलाल नेहरू और गणेश शंकर विद्यार्थी जी का प्रभाव बढ़ रहा था। कांग्रेस के सामने राष्ट्रसभा का विरोध करते हुए मदन मोहन मालवीय और लाला लाजपत राय के नेतृत्व में हिंदू दल बन गया। इसी के साथ कांग्रेस में खींचतान भी शुरू हो गई। अपने-अपने सुर अलापे जाने लगे। नेहरू जी की टिकट वितरण में बड़ी भूमिका थी। तब विद्यार्थी जी के खास बाबू बंशगोपाल ने कांग्रेस के हालात का कुछ इस तरह कटाक्ष किया.... "बड़े-बड़े नेताओं को दिया है असेंबली में स्थान, हो जाता है तुरत असर ही जिसको दें नेहरू वरदान.....।" स्वांग बनाए थाढ़े लोलुप, मुख से टपक रही है लार, टिकट कांग्रेस का मिल जावे, केहि विधि मन में करत विचार..। "आ-आ कर आनंद भवन में, हैं चौखट पर घिसते माथ, नाम हमारा भी लिख लीजे निज सूची में मेरे नाथ"।

-विद्यार्थी जी चुनाव लड़े और बहुमत से जीते, खूब काम किया..



1926 के कौंसिल चुनाव में कानपुर से गणेश शंकर विद्यार्थी जी को कांग्रेस ने टिकट दिया। उनके विरोध में उतरे चुन्नी लाल गर्ग, वह पैसा पानी की तरह बहा रहे थे, लेकिन विद्यार्थी जी अपनी छवि, जनसेवा और योग्यता पर मैदान में थे। इस चर्चित चुनाव में विद्यार्थी जी बड़े अंतर से जीत कर विधान परिषद पहुंचे और जनहित के मुद्दे उठाए। किसान और मजदूरों की आवाज बने। उनके हित में कई प्रस्ताव रक्खे, उन पर मुहर लगवाई। वह 1929 तक सदस्य रहे। उनकी लोकप्रियता इस कदर बढ़ी कि 1929 में ही कांग्रेस ने उन्हें संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश) का अध्यक्ष बना दिया। पत्रकारिता के साथ स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन का नेतृत्व किया। सात बार जेल गए और 1931 में राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान हो गए।

-गणेश-गाथा, मात्र 41 साल की अपनी उम्र में इतने काम किए...

26 अक्टूबर 1890 में अतरसुईया प्रयागराज) में जन्म, हाथगाम (फतेहपुर), ग्वालियर और प्रयागराज में शिक्षा, 1908 में कानपुर आकर सरकारी नौकरी की, पीपीएन में अध्यापक, कर्मयोगी, स्वराज्य और हितवार्ता से जुड़े, 1911 में सरस्वती पत्रिका में, 9 नवम्बर 1913 में 'प्रताप' का प्रकाशन शुरू किया, 1925 में कानपुर के कांग्रेस अधिवेशन में स्वागतध्यक्ष, गोरखपुर में हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष चुने गए, मजदूर सभा और गणेश सेवा आश्रम की स्थापना, महात्मा गांधी सहित कई नेता प्रताप प्रेस आए थे, नेहरू उन्हें अपना नेता मानते थे। भगत सिंह, चंद्र शेखर आजाद सहित कई क्रांतिकारी उनके सानिध्य में रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में भी आगे रहे, झंडा गीत के प्रणेता और निडर पत्रकारिता के जरिए अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी थीं। 25 मार्च 1931 को शहीद हो गए।

बलिदान स्थल पर स्मारक न बन सका....

25 मार्च 1931 को चौबेगोला (मूलगंज) में हिंदू-मुस्लिम दंगे के दौरान उपद्रवी भीड़ से लोगों को बचाने के दौरान विद्यार्थी जी को घेर कर मार दिया गया था । गांधी जी ने इसे सर्वोच्च बलिदान कहा और इच्छा प्रकट कि "काश ऐसी ही मौत मुझे मिले"..। लेकिन विद्यार्थी जी की शहादत स्थल पर आज तक उनका स्मारक न बन सका। उस स्थान पर एक मंदिर है, जिसके ऊपरी हिस्से में विद्यार्थी जी नाम अंकित है, लेकिन उसे तलाशना आसान नहीं ।

-पैतृक घर भी खंडहर सा है, नाम का एक पत्थर ज़रूर है..

विद्यार्थी जी के पैतृक गांव हथगाम, जो अब एक क़स्बा है, वहां उनका घर मुश्किल से मिलता है। घर खंडहर सा है। कुछ साल पहले वहां एक चबूतरा बना कर विद्यार्थी जी के नाम का पत्थर लगा दिया गया है, उनकी जयंती और बलिदान दिवस पर वहां फूल ज़रूर चढ़ाए जाते हैं, उनके नाम पर इंटर कालेज और गर्ल्स कालेज भी हैं।

# दीवाली पर उपहार


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हम भारतीय लोग अपने त्योहारों को परंपरागत रूप से मनाते आए हैं, इनमें भी दीवाली या दीपावली सबसे बड़ा त्योहार माना गया है। आम भारतीय को इस पर्व का हमेशा इंतजार रहता है जो शीत ऋतु के आगमन के साथ शुरू होता है इन दिनों बाजारों की रौनक और सजी धजी दुकानें ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। घरेलू समान की खरीद के साथ साथ कुछ वर्षों से उपहार देने का प्रचलन तेजी से बढ़ा है।

तरह-तरह के उपहारों से दुकानें सज चुकी हैं। वहीं आन लाइन खरीदारी में ऑफर और सेल का दौर जारी है। मिठाई चॉकलेट, बेकरी के बने समानों, मोमबत्ती, ड्रायफ्रूट्स, क्रॉकरी, बच्चों के खिलौने के साथ नए-नए तरीके के उपहारों की भरमार है।

एक सर्वे के मुताबिक हम भारतीय करीब 1.85 लाख करोड़ खर्च करेंगे जिसमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा शहरी क्षेत्र के लोग स्थानीय बाजारों में खुद जा कर गिफ्ट खरीदेंगे। बढ़ती महंगाई के बावजूद दीवाली पर गिफ्ट खरीदने और देने की यह परंपरा हमारे सामाजिक सरोकार का प्रतीक है। पूरे साल कितने भी व्यस्त या दूर रहें, हम इस पर्व को अपने प्रियजनों के साथ रह कर और एक दूसरे को उपहार देकर आंतरिक खुशी प्राप्त करते हैं। अंधकार पर प्रकाश की विजय का यह त्योहार यो ही हम सभी भारतीय मनाते रहे ऐसी आशा की जानी चाहिए।

# घोटाले की रकम से बना होटल रायल गैलेक्सी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, इटावा



नायब तहसीलदार ने होटल में कुर्की का नोटिस चस्पा किया। अमृत विचार

- घोटाले के आरोप में जेल में बंद है आरोपी अखिलेश चतुर्वेदी
- कुलदीप सिंह यादव झांसी में मुख्य कार्यपालक अधिकारी

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक में घोटाले की रकम से शहर में बनाया गया होटल रायल गैलेक्सी शुक्रवार को कुर्क कर लिया गया। यह होटल घोटाले के आरोपी बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अखिलेश चतुर्वेदी का बताया जाता है, जिसे पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या-202/24 धारा 409, 406, 420, 467, 468, 471, 34 व 120 बी में जिला सहाकारी बैंक में हुए गबन के धन से निर्मित होटल रॉयल गैलेक्सी को मुख्य न्यायिक मजिस्टेट ने कुर्क करने का आदेश पारित किया था, जिसके अनुपालन में जिलाधिकारी की ओर से नामित नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा के साथ होटल रॉयल गैलेक्सी को कुर्क करने की कार्रवाई की गई।

धोखाधड़ी संबंधी मुकदमे में शुक्रवार को होटल रायल गैलेक्सी की 10 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क की गई। इसी के चलते घोटाले वाले धन से बने होटल रॉयल गैलेक्सी को सीज कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक अब 25 करोड़ का घोटाला 102 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

इस घोटाले में जिला कॉपरेटिव बैंक के तत्कालीन दो महाप्रबंधकों कुलदीप सिंह यादव और दीपक गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुलदीप सिंह यादव मौजूदा समय में झांसी जिला सहकारी बैंक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी है। दोनों अफसरों के निलंबन जिला सहकारी बैंक में हड़कंप मचा है।

# महिला क्रिकेट सलाहकार समिति के चेयरमैन बने प्रिंस रियासत अली

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार:** जिले के प्रिंस रियासत अली को अंतर्राष्टीय मैच आयोजक समिति का सदस्य बनाया गया है। अब जनपद के युवा क्रिकेटर्स को नए अवसर मिलने की सम्भावना बढ़ी है। प्रिंस रियासत अली को क्रिकेट की छह समितियों में अहम पद दिए जाने से जिले के क्रिकेटर्स उन्हें बधाई दी है।



प्रिंस रियासत अली।

युवा क्रिकेटर्स महेन्द्र यादव ने बताया कि पिछले दिनों यूपीसीए की जनरल मीटिंग में क्रिकेट की 22 कमेटियों के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई है, जिसमें जिले का नाम भी अछूता नहीं रहा। अभी तक यूपीसीए के डायरेक्टर व ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर काम करने वाले प्रिंस रियासत अली को छह कमेटियों में अहम पदों की जिम्मेदारी दी गई है। अंतर्राष्ट्रीय मैच आयोजक समिति का सदस्य बनाए जाने और महिला क्रिकेट सलाहकार समिति के चेयरमैन, गाजियाबाद क्रिकेट स्टेडियम कमेटी के चेयरमैन, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आयोजन समिति के सदस्य होने के चलते अब जिले के महिला क्रिकेट को भी बढ़ावा मिल सकेगा।

## सार-संक्षेप

### फिजियोथेरेपिस्ट को छात्रों ने गिराकर पीटा

**फर्रुखाबाद।** सैनिक कॉलोनी निवासी फिजियोथैरेपिस्ट अरुण पाल का फतेहगढ़ में जेएनवी रोड पर क्लीनिक है। दोपहर में वह एक वृद्ध की फिजियोथैरेपी करने जा रहे थे, तभी जेएनवी रोड पर दो छात्रों ने हमला कर दिया। बीच सड़क पर गिराकर ताल-घूंसों से जमकर पीटा। बीच सड़क पर मारपीट होते देख भीड़ लग गई। पिटाई में फिजियोथैरेपिस्ट को चोटें आई हैं। लोग तमाशबीन बने रहे और कोई बचाने नहीं आया। दोनों छात्र भाग गये। मारपीट की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में क़ैद हो गई है। पीड़ित ने आरोपी छात्रों के खिलाफ फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित फिजियोथैरेपिस्ट अरुण पाल ने बताया कि लाइफ लाइन हॉस्पिटल में काम करने के दौरान आरोपियों से उसका कुछ विवाद हुआ था।

### बिजली चोरी में दो साल की सजा, 7.85 लाख जुर्माना

**कन्नौज।** विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम अजय कुमार श्रीवास्तव ने बिजली चोरी के करीब नौ साल पुराने मामले में अभियुक्त को दोषी ठहराया है। उसे दो साल की जेल तथा बकाया बिल की राशि का चार गुना 7 .85 लाख जुर्माना भरने का आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक संजीव शुक्ला व एहसन जमा ने बताया कि 12 फरवरी 2015 को एसडीओ अरविंद सिंह गौतम ने तालग्राम में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा था कि वह प्रवर्तन दल के प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह के साथ चेकिंग करने गए थे। इस दौरान ढिपारा में अमीन के धान कारखाने को चेक किया और मीटर को टेस्ट लैब भेजा गया। 21 अप्रैल को परीक्षण खंड में उपभोक्ता की मौजूदगी जांच की गई तो पाया गया कि मीटर में छेड़छाड़ कर आर और वाई फेस की सीटी लाल व पीले तार काट दिए गए थे। इससे मीटर दो फेस का करंट माप ही नहीं रहा था।

# दुष्कर्म, पॉक्सो में 20 साल का सश्रम कारावास

## अदालत ने दोषी पर 66 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, वैदपुरा थाना क्षेत्र में छह साल पहले हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राखी चौहान ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के छह साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर 66 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वैदपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी क्षेत्र के ही एक कालेज में पढ़ने जाती थी। रोजाना की तरह 18 जुलाई 2018 को वह कालेज गई थी, तभी रास्ते से सुबोध उर्फ गुड्डू पुत्र पातीराम निवासी भिडरुआ थाना सैफई उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों को जब जानकारी हुई तो उन्होंने सुबोध के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर खोजबीन की। दो माह बाद पुलिस ने उसे बरामद किया। किशोरी के बयानों के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचना के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र पेश किए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार शुक्ला व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी ने पैरवी की। पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने सुबोध उर्फ गुड्डू को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 66 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। कोर्ट ने यह भी आदेश दया कि जुर्माना की आधी रकम पीड़िता को दी जाएगी।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अदालत ने चार हजार रुपये जुर्माना भी लगाया, आठ माह के भीतर कोर्ट ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट यज्ञेश चंद्र पांडे ने एक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आठ माह पुराने मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया और उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर चार हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि फ्रेंड्स कालोनी कालोनी क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी पुत्री 11 जनवरी 2024 की रात को अपने घर पर सो रही थी तभी उसके दामाद के छोटे भाई सतीश कुमार पुत्र राज कुमार निवासी नगला खादर न उसे दबोच लिया और छेडछाड करने लगा। विरोध करने पर उसने किशोरी का मुंह दबा दिया। बाद में उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में किशोरी ने परिवार के लोगों को घटना से अवगत कराया।

जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने इस सम्बंध में थाने में 13 जनवरी को मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानवीन के बाद पुलिस ने 25 जनवरी को आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने सतीश को दोषी पाया और उसे 10 साल सजा व चार हजार रुपये अर्थदंड लगाया।

### 10 साल पहले कार लूटने में दोषी को पांच साल की सजा

**इटावा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अशोक कुमार दुबे ने कार लूट के 10 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई और दो हजार रुपये अर्थदंड लगाया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि खरैया पोखर थाना शाहपुर जिला गोरखपुर के राजीव रंजन श्रीवास्तव श्रीराम फाइनेंस कंपनी में शाखा प्रबंधक थे। वह 17 जुलाई 2014 को अपनी कार से दिल्ली जा रहे थे। रात में जब अनंत राम राम टोल प्लाजा पार किया तो बोलेरों में सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया और बंधक बनाकर कार को अपने कब्जे में कर लिया। बाद में उन्हें भिंड रोड पर एकांत पाकर उतार दिया और कार ले गए। उन्होंने बकेवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानवीन शुरू कर दी। बाद में पलिस ने उस सम्बंध में विक्रम उर्फ बीटू यादव पुत्र जनमेद सिंह यादव निवासी नगला नरिया थाना जसवंत नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई कोर्ट में हुई। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और उसे पांच साल की सजा व दो हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया।

# दहेज हत्या में 4 लोगों को 8 वर्ष सश्रम सजा

**चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले में दोषी सिद्ध होने पर न्यायालय ने पति, देवर, सास समेत चार लोगों को आठ वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी। इन सभी को आठ-आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपालदास ने बताया कि राजापुर थानांतर्गत सुरसेन निवासी राजकुमार पांडेय ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी बेटी प्रीति की शादी पचोखर गांव निवासी श्रवण कुमार उर्फ कृष्ण कुमार से 10 दिसंबर 2020 को की थी। ससुरालीजन बेटी को दहेज में दो लाख रुपये और एक बाइक की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। इसकी जानकारी बेटी ने फोन से दी थी। 18 सितंबर 2021 को उनके गांव का रज्जू चतुर्वेदी पचोखर गया, जहां घर के अंदर प्रीति का शव चादर से ढका मिला और ससुरालीजन गायब थे। इसकी जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग पचोखर पहुंचे और ससुरालीजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया।

# दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

संवाददाता, उरई (जालौन)

- कुठौंद क्षेत्र में बच्ची के साथ हुई थी दुष्कर्म की वारदात
- आरोप साबित हो जाने पर अदालत ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** न्यायालय में विचाराधीन दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया और 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि 9 जुलाई की दोपहर को कुठौंद थाना क्षेत्र के एक गांव में 6 वर्षीय बालिका घर के बाहर खेल रही थी। जिसको लेकर गांव का ही निवासी लल्लन सिंह खिलाने के बहाने अपने घर ले गया। इसके बाद उसने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। बालिका जब अपने घर पहुंची तो उसने रोते हुए सारी बात अपनी मां को बताई। इसके बाद मां उसको लेकर थाने पहुंची जहां पर मां की तहरीर के आधार पर पुलिस दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद आरोपित को पुलिस ने 14 जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने 16 दिन में इसकी चार्जशीट लगवाकर उसे कोर्ट में दाखिल कर दिया था। शुक्रवार को गवाहों व वकीलों की बहस के बाद स्पेशल जज पॉक्सो मो. कमर ने दोषी लल्लन सिंह को आजीवन कारावास और पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया।

### महिला की हत्या में दो को सजा, 31-31 हजार जुर्माना

**कन्नौज।** महिला की हत्या के मामले में दोष सिद्ध अभियुक्तों को जिला जज ने सजा व जुर्माने से दंडित किया। इस मामले की ठठिया थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। विवेचना कर अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। जिला जज ने नीलू यादव पुत्र मदन सिंह को 09 वर्ष का कठोर कारावास व 31,000 रुपये के अर्थदण्ड तथा मेवाराम पुत्र मदन सिंह निवासी गण पल्टेपुर्वा थाना ठठिया जनपद कन्नौज 08 वर्ष का कठोर कारावास व 31,000 रुपये जुर्माना से दण्डित किया।

# यमुना में किशोरी का शव बरामद

**जसवंतनगर।** मौसा की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौसा ने किशोरी के शव को यमुना नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से किशोरी का शव यमुना नदी से बरामद कर लिया है।

राजस्थान के धौलपुर के कांटरपुरा राजाखेड़ा की किशोरी की मां सिंटी देवी ने अपनी छोटी बहन सरिता के पति सत्यभान पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया है कि 14 वर्षीय बेटी अंजली दो माह से अपनी मौसी-मौसा के यहां बलरई थाना क्षेत्र के जाखन गांव में रह रही थी। फोन पर किसी से बातचीत को लेकर विवाद हुआ। मौसा ने डांट दिया था। जिस पर अंजली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौसा ने उसके शव को बोरी में भरकर पूछरी गांव के पास यमुना नदी में फेंक दिया। पुलिस व एसडीआरएफ ने यमुना नदी में शुक्रवार को शव बरामद किया।

# सम्राट हर्ष की प्रतिमा हटाना अपमान

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)



लखनऊ जाते समय एक्सप्रेस-वे पर पत्रकारों से बात करते अखिलेश यादव।

- अखिलेश बोले : सपा ने उठाई आवाज तो लगवा दी प्रतिमा

**अमृत विचार।** संगम क्षेत्र से महादानी हर्षवर्धन की प्रतिमा हटाकर बीजेपी के लोगों ने कन्नौज समेत देश के लोगों का अपमान किया है। सपा सरकार आने पर संगम क्षेत्र में ही नहीं बल्कि कन्नौज में भी महादानी की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। यह बात कन्नौज सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही।

वह शुक्रवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे होते हुए लखनऊ जा रहे थे। इसकी जानकारी पर पहुंचे सपाइयों ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला रोककर स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से सांसद ने कहा कि संगम में होने वाले कुंभ को हर सरकार भव्य बनाने का प्रयास करती है। सभी साधु संतों का सम्मान और सुविधाएं देने का काम करती है। कुंभ जो भी आता है महादानी हर्षवर्धन का दर्शन जरूर करता था। मगर बीजेपी के लोगों ने उनकी प्रतिमा संगम क्षेत्र से हटा दी। जब सपा के लोगों ने आवाज उठाई तो दूसरी जगह लगवा दी।

उन्होंने कहा कि हर्षवर्धन कन्नौज से जुड़े थे। बीजेपी के लोगों ने महादानी की प्रतिमा हटवाकर लोगों का अपमान किया है। सपा सरकार जब आएगी तो संगम में उसी जगह उससे भी भव्य प्रतिमा लगवाई जाएगी। खाद की किल्लत पर उन्होंने कहा कि ऊपर से नीचे तक बीजेपी की सरकार होने के बाद भी खाद की कालाबाजारी हो रही। लोगों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही। बीजेपी के लोग ही खाद की कालाबाजारी करवाने का काम कर रहे हैं।


# खलासी की मौत चालक पर रिपोर्ट

**इटावा।** रेलवे के मालगोदाम के पास मरणासन्न हालत में मिले ट्रक के खलासी की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि ट्रक ड्राइवर की पिटाई से उसकी मौत हुई है। मरने से पहले उसने आपबीती बताई थी, जिसे मोबाइल में रिकॉर्ड किया गया है। भाई की तहरीर पर जीआरपी ने ट्रक चालक दोस्त पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

शीतलपुर सिविल लाइन निवासी सुनील बाबू उर्फ लूली ट्रक ड्राइवर नितिन यादव उर्फ मस्ते के साथ ट्रक में खलासी था। 14 अक्टूबर को सुनील स्टेशन के पास घायल मिला था। सुनील ने बड़े भाई सन्नी को बताया कि ड्राइवर दोस्त नितिन से झगड़ा हो गया था। नितिन ने उसे लात-घूंसे, डंडे और लोहे की रॉड से पीट-पीट कर मरणासन्न हालत में छोड़ दिया था। बिरला अस्पताल ग्वालियर में 23 अक्टूबर को सुनील की मौत हो गई।

# सौरिख के बीईओ हुए निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



सर्वेश यादव, निलंबित बीईओ।



मधुलिका बाजपेयी, कन्नौज बीईओ।

- जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद बीएसए ने बदले कार्यक्षेत्र
- विपिन कुमार को मिली उमर्दा की जिम्मेदारी तालग्राम ब्लॉक हो गया खाली

**अमृत विचार।** जिले में बहुप्रतीक्षित बीईओ के कार्यक्षेत्र बदलने की सूची आखिरकार शुक्रवार को जारी हो गई। अब तक चार्जविहीन मधुलिका बाजपेयी को कन्नौज सदर का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। सदर में तैनात रहे विपिन कुमार को उमर्दा में तैनाती दी गई है। इसके अलावा शासन से निलंबित किए गए सौरिख बीईओ सर्वेश यादव के बाद से रिक्त पद में उमर्दा से विश्वनाथ पाठक को तैनाती दी गई है।

बीएसए संदीप कुमार ने जारी किए पत्र में कहा है कि जिलाधिकारी के 22 अक्टूबर को अनुमोदन के बाद खंड शिक्षा अधिकारियों के तैनाती स्थल पर फेरबदल किया गया है। बीईओ विपिन कुमार अब उमर्दा के साथ ही मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी देखेंगे। तालग्राम के बीईओ रमेश चंद्र चौधरी को नगर क्षेत्र कन्नौज की जिम्मेदारी दी गई है। करीब दो महीने से जिले में बिना किसी ब्लॉक के बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात मधुलिका बाजपेयी सदर की बीईओ बनाई गईं हैं। बताया जा रहा है कि सितंबर में एडी बेसिक कानपुर राजेश वर्मा ने जिले में परिषदीय स्कूलों व बीआरसी का निरीक्षण किया था। उस दौरान उन्होंने सौरिख बीईओ सर्वेश यादव के खिलाफ शासन को लिखा था। उसका संज्ञान लेते हुए कुछ दिनों पूर्व उनका निलंबन कर दिया गया। तब से पद रिक्त था। दूसरी ओर कुछ दिनों पहले जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने जब अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी तो उस दौरान विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने बीईओ तालग्राम पर कई आरोप लगाए थे। माना जा रहा है कि उसके बाद से ही रमेश चंद्र चौधरी को हटाए जाने की चर्चाएं शुरू हो गईं थीं। कहा जा रहा है कि उसी के तहत उनसे बड़ा ब्लॉक छीनकर नगर क्षेत्र कन्नौज मं8 तैनाती दी गई है। बीएसए ने कहा है कि प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बिना बीईओ नवीन ब्लॉक क्षेत्र में कार्यभार ग्रहण करें। खास बात यह है कि अब तक तालग्राम में किसी भी बीईओ की तैनाती नहीं हुई है।

# कॉर्डियोलॉजी में 7 साल बाद भी नहीं बन सकी कैथ लैब

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)



तैयार कार्डियोलॉजी का भवन।

- लैब में पद सृजन के लिए शासन को भेजा गया प्रस्ताव

**अमृत विचार।** हृदय रोगियों के इलाज के लिए बने कार्डियोलॉजी भवन का सात साल बाद भी कॉलेज प्रशासन ने भवन नहीं लिया है। कारण यह कि उसमें अभी तक कैथ लैब का निर्माण नहीं हो सका है। इससे यहां हृदय रोगियों का इलाज नहीं किया जा सकता है।

मेडिकल कालेज में कार्डियोलॉजी का भवन तैयार खड़ा है लेकिन चालू नहीं हो सका। इसका कारण यह कि करीब सात साल बाद भी अभी तक कैथ लैब का निर्माण नहीं हो सका। इससे इमारत को मेडिकल कालेज प्रशासन ने अपनी सुपुर्दगी में नहीं लिया। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि कार्डियोलॉजी चालू कराने के लिए पद सृजन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। सृजित होने के बाद इसकी शुरुआत की जाएगी। भवन में अभी तक कैथ लैब का निर्माण नहीं किया गया। इसके लिए राजकीय निर्माण निगम से कहा गया है। बिना कैथलैब के कार्डियोलॉजी चालू नही की जा सकती है।

खेलकूद | स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन

# वाराणसी ने जीता महिला वॉलीबाल का खिताब

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट




विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि और टीम मैनेजर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिवसीय सीनियर महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। वाराणसी मंडल की टीम ने लखनऊ मंडल की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान लोगों ने उत्साह वर्धन कर टीमों का हौसला बढ़ाया।

प्रतियोगिता में 16 मंडलों की टीमों ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को समापन दिवस के खेल की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने लखनऊ और वाराणसी मंडलों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर की। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने आयोजन के लिए सभी का आभार जताया। चेयरमैन रेफरी बोर्ड उप्र वॉलीबाल एसोसिएशन के धीरेंद्र सिंह सचान ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजन में शिव कुमार गुप्ता, गजराज सिंह, शैलेंद्र सिंह, डा. इंद्रवीर सिंह, महेश गर्ग, श्यामसुंदर यादव, श्रीकेशन सिंह, फिरोज अंसारी, अंगद सिंह, मोहन लाल, शुभम वर्मा का सहयोग रहा। इस मौके पर टीम मैनेजरों और आयोजकों के बीच मैत्री मैच हुआ, जिसमें आयोजकों की टीम विजयी रही।

### कांटेदार हुआ फाइनल मुकाबला, इच्छा मेहरा चैंपियन बनीं

फाइनल मुकाबले में वाराणसी मंडल ने लखनऊ मंडल को 25-13, 25-19, 25-21, 19-25 और 5-15 से हराया। बेस्ट आफ टूर्नामेंट चैंपियन का खिताब वाराणसी मंडल की इच्छा मेहरा को मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष ने विजेता, उप विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# खेत पर काम कर रही वृद्धा पर सियार ने किया हमला

कार्यालय संवाददाता महोबा

- पिछले माह भी सियार ने 4 लोगों पर किया था हमला घायल महिला झांसी रेफर

**अमृत विचार।** ग्राम नटर्रा में खेत पर काम करते समय एक महिला पर सियार ने हमला करते हुए लहुलुहान कर दिया। महिला की चीख पुकार सुन आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को पास आता देख सियार भाग गया। किसानों और परिजनों द्वारा घायल वृद्धा को जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने घायल की हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

थाना पनवाड़ी क्षेत्र के ग्राम नटर्रा निवासी ललतिया (75) खेत पर मूंगफली उखाड़ रही थी। तभी अचानक एक जंगली सियार ने उस पर हमला कर दिया। सियार वृद्धा को अपने जबड़े में दबाकर घसीटने का प्रयास कर रहा था। जिस पर महिला ने चीखना-चिल्लाना शुरू किया। आवाज सुन आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान लाठी डंडों के साथ वृद्धा को बचाने के लिए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख सियार महिला को छोड़कर भाग गया, लेकिन तब तक महिला के हाथ-पैर और मुंह बुरी तरह से घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में वृद्धा को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया।

# पहली बार 3 दिनों तक चलेंगे दीपोत्सव से जुड़े कार्यक्रम

- साधु संतों के साथ हुई समन्वय बैठक में बोले प्रभारी मंत्री
- 30 से 1 नवम्बर तक चलेगी आयोजनों की शृंखला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** आठवें दीपोत्सव को लेकर इस बार प्रदेश सरकार ने बड़ा निर्णय लिया गया। रामनगरी में 30 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव से जुड़े सभी कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेंगे। यह बातें शुक्रवार को यहां जिले के प्रभारी और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहीं।

उन्होंने कहा है कि दीपोत्सव के बाद अयोध्यावासी और आने वाले श्रद्धालु भी उत्सव की दीपोत्सव की छटा को देख सकें इसको लेकर 30, 31 और 01 नवम्बर तक लाइटिंग, लेजर शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या शोध संस्थान के सभागार में शुक्रवार को प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिला प्रशासन और साधु संतों के साथ समन्वय बैठक कर रहे थे। संतों ने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अयोध्या वासियों को भी इस उत्सव में जोड़ने और उनकी सुविधा के साथ यातायात प्रबंधन को उचित बनाये रखने की मांग रखी। इसके साथ दीपावली के बाद होने वाले परिक्रमा मेला में होने वाले अव्यवस्थाओं को लेकर संतों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि परिक्रमा मार्ग के नवीनीकरण का कार्य अधूरा होने पर घटना होने की अंदेशा है। बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास ने कहा कि सड़कों पर सिर्फ बालू डालकर 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आस्था से खिलवाड़ न हो, क्योंकि इतनी बड़ी मात्रा में सब लोग नंगे पांव चलेंगे बालू के नीचे दबी गिट्टियां भी ऊपर आ जाती है। नाका हनुमान गढ़ी के महंत रामदास ने कहा कि दीपोत्सव को लेकर समाज में बंदीशों आदि की भ्रांतियां भी फैली हुई है जिसके कारण से बाहर से आने वाले श्रद्धालु नहीं पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को व्यवस्था को बनाए जाने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में जन जागरण के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होने का प्रचार प्रसार करना आवश्यक है। जगद्गुरु राम दिनेशाचार्य ने कहा कि दीपोत्सव बहुत सुंदर और भव्य होगा लेकिन इसमें अयोध्यावासी भी शामिल हो तभी सफल माना जायेगा। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने कहा कि अयोध्या में यह कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न होगा, लेकिन इसके बाद होने वाला परिक्रमा मेला भी बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है।

जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कहा कि संतों के द्वारा दिए गए सभी सुझाव को समायोजित करते हुए बेहतर व्यवस्था बनाई जाएगी। इस दौरान महंत गिरीश दास, महंत राम भूषण दास, कृपालु, महंत शशिकांत दास, हेमंत दास, महंत महेश दास, महंत मुरली दास, महंत भरत दास, महंत धर्म दास, गुरजीत ज्ञानी, दिगंबर अखाड़ा की महंत रामलखन आदि मौजूद थे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

## नीट यूजी की तीसरी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** नीट यूजी की तीसरी काउंसिलिंग, स्ट्रे वैकेंसी राउंड ऑनलाइन काउंसिलिंग में शुक्रवार रात 3019 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गयी है। इन अभ्यर्थियों को 28 अक्टूबर तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होगी, जिसके बाद विभिन्न कॉलेजों में रिक्त 216 सीटों पर आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्राथमिकताएं देने के दौरान सीट न लॉक करने की स्थिति में अभ्यर्थी को सीट आवंटन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। सीट लॉक करने के बाद किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा।

## सीट नहीं, एनडीए की जीत चाहिए : संजय निषाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** उपचुनाव में निषाद पार्टी के लिए सीट मांगने वाले निषाद पार्टी के मुखिया व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, सीट न मिलने के बावजूद अब नाराज नहीं हैं। यह नाराजगी दूर होने की बात उन्होंने शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि उन्हें एनडीए की जीत चाहिए, सीट नहीं।

संजय निषाद ने सीट न मिलने से किसी भी तरह की नाराजगी से इंकार किया और कहा कि वह एनडीए थे और आज भी हैं और कल भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमें निषादों का हक चाहिए। कांग्रेस, बसपा और सपा ने आरक्षण के मुद्दे को लटकाकर रखा। हमें ओबीसी की श्रेणी में डालकर पिछली सरकारों ने बड़ा अन्याय किया। हमारे समाज के लोगों को आरक्षण चाहिए और भाजपा ने दीपावली के बाद इस पर गंभीर पहल का भरोसा दिलाया है। वहीं, उपमुख्यमंत्री ने निषाद पार्टी के फैसले का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वसनीय सहयोगी बताया और उपचुनाव में सभी नौ सीटें जीतने का दावा किया। मालूम हो कि निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद ने बीते दिनों अपने सिंबल पर चुनाव लड़ने की बात कहते हुए कटेहरी और मझवां सीट को लेकर दावेदारी पेश की थी। मगर भाजपा ने उन्हें कोई भी सीट नहीं दी है।

# आरआर पाइप्स के निदेशकों के खाते में जमा 32 लाख सीज

### ईडी ने फर्जी दस्तावेज पर लोन लेने के मामले में की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरकेडी पाइप्स की सहायक कंपनी आरआर पाइप्स के निदेशक शरद गुप्ता और शीतल गुप्ता के बैंक खाते में जमा 32 लाख रुपये सीज कर दिए है। कंपनी दिल्ली व गाजियाबाद में संचालित होती है। दोनों निदेशकों पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से फर्जी दस्तावेजों से करोड़ों रुपये का लोन लेकर हड़पने का आरोप है। लोन लेते समय साजिश कर अपनी संपत्तियों की कीमत कई गुना अधिक बताते हुए लगाई थी। मामले में सीबीआई की देहरादून यूनिट ने रिपोर्ट दर्ज की थी। कीमत का ज्यादा आंकलन करने वाली कंपनी भी आरोपी बनाई गई थी।

सीबीआई में दर्ज इस मामले को आधार बनाते हुए ईडी की लखनऊ जोन ने अपनी जांच शुरू की थी। सीबीआई ने शरद गुप्ता के अलावा गारंटर ऋतु अग्रवाल, ओमश्री इंफ्रा, आरएम एंड एसोसिएट्स व अज्ञात बैंक कर्मियों को आरोपी बनाया था। ईडी की जांच में सामने आया कि आरआर पाइप्स ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की कौशाम्बी स्थित मिड-कॉर्पोरेट शाखा में कई दस्तावेज लगाकर ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया। आरआर पाइप्स ने क्रेडिट लिमिट 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये करवा लिया था। साथ ही फर्जी प्रोविजनल बैलेंस शीट, फर्जी बिक्री टर्नओवर और बिक्री दिखाई गई। इनकी करतूत का खुलासा होने पर यूनियन बैंक ने 31 मार्च, 2018 को आरआर पाइप्स को दी गई क्रेडिट सुविधाओं को गैर संपादित संपत्तियां (एनपीए) घोषित कर दिया था। एक अप्रैल, 2018 को बकाया राशि 20 करोड़ 45 लाख रुपए थी। यूनियन बैंक ने मंजूर की गई क्रेडिट सुविधाओं के खिलाफ आरआर पाइप्स की गिरवी रखी संपत्तियों को बेच कर छह करोड़ सात लाख रुपए वसूल लिए थे। इस मामले में ईडी की जांच भी जारी है।

## महाकुंभ में डुबकी लगाने प्रयागराज आएंगे प्रवासी

**लखनऊ।** इस बार होने वाले कुंभ में प्रवासी भारतीय भी डुबकी लगाएंगे। इसके लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे विश्वभर में फैले भारतीय मूल के प्रवासियों को महाकुंभ 2025 में शामिल होने के लिए बुलावे की व्यवस्था करें। उन्हें पुण्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। राज्य सरकार में पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह को पत्र के माध्यम से विभिन्न देशों में निवास कर रहे प्रवासियों को महाकुंभ-2025 में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहल करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि महाकुंभ 13 जनवरी 5 व छह फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जायेगा। राज्य में श्रद्धालुओं को भारत की गौरवशाली संस्कृति, आदर्श मूल्यों से जोड़ा जाए।

## मिनी नंदिनी योजना से दुग्ध क्रांति लाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने उप्र. को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाने की दिशा में उठाया बड़ा कदम, योजना लॉन्च
- हाईटेक डेयरी इकाइयों की स्थापना से गौ पालकों को मिलेगा आर्थिक सशक्तिकरण

**अमृत विचारः** राज्य सरकार मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत उप्र. में आधुनिक डेयरी इकाइयों की स्थापना करेगी। इससे दुग्ध उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार होगा। इसके लिए सरकार 1015 लाख रुपये खर्च करेगी।

दरअसल, उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में से एक है, लेकिन प्रति पशु दुग्ध उत्पादन की नजर से राज्य राष्ट्रीय औसत से पीछे है। राज्य में वर्तमान में प्रति गाय औसतन 3.78 लीटर दूध का उत्पादन होता है, जो कि राष्ट्रीय औसत से कम है। वहीं, योजना के तहत सरकार ने उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्लों की गायों का चयन कर हाइटेक डेयरी इकाइयों की स्थापना का निर्णय लिया है।

योजना के जरिये 10 गायों की क्षमता वाली हाइटेक डेयरी इकाइयों की स्थापना की जाएगी। हर इकाई पर लगभग 23.60 लाख का खर्च आएगा, जिसमें सरकार और लाभार्थी दोनों का योगदान होगा। इन इकाइयों में केवल गिर, थारपारकर और साहीवाल जैसी उच्च गुणवत्ता वाली देशी नस्लों की गायें की खरीदी जाएंगी, जिनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता अधिक होती है। योजना के तहत चुनी गई गायों की नस्ल का मूल्यांकन उनकी उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता के आधार पर किया जाएगा, जिससे अधिक दुग्ध उत्पादन सुनिश्चित हो सके।

## सार-संक्षेप

### अशफाक हत्याकांड में 3को आजीवन कारावास

**सुलतानपुर।** अमेठी के जगदीशपुर बाजार के चर्चित अशफाक हत्याकांड में मंगलवार को जिला जज जय प्रकाश पांडेय की अदालत ने तीन दोषियों को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 1.21 लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने अर्थदंड की 70 फीसदी धनराशि मृतक के पिता को देने का आदेश भी दिया है। कोर्ट ने पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह समेत पांच लोगों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। मंगलवार को दोष सिद्ध किए गये आरोपी वंशराज यादव, अमित चौबे और सतीश उर्फ सतई को जेल से तलब कर उनकी सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने फैसला सुनाया। एडीजीसी मनोज दुबे के मुताबिक 30 जनवरी 2018 को जगदीशपुर बाजार स्थित विजया बैंक के पास अशफाक अहमद की गोली और बम से हत्या कर दी गई थी। इस हमले में रजी अहमद समेत कुछ अन्य लोग घायल हो गए थे। मृतक के पिता अंसार अहमद ने जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर कला गांव निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह समेत अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की तफ्तीश के बाद आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट में अभियोजन की तरफ से 17 गवाहों की गवाही कराई गई। वहीं, बचाव पक्ष ने तीन गवाह पेश किए थे। कोर्ट ने जगदीशपुर थाना क्षेत्र के लालीपुर मौजा हुसैनगंज कला निवासी दोष सिद्ध आरोपी वंशराज यादव, बिहार छपरा के इकमा थाने के हुसैनपुर गांव निवासी अमित चौबे और अमेठी मोहनगंज थाने के रामशाला गांव निवासी सतीश उर्फ सतई को सजा सुनाकर जेल भेज दिया। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट ने राजेश विक्रम सिंह, अनिल सिंह, नान्ह सिंह उर्फ सूरज, विकास खरवार और सुभाष यादव को मामले में संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है।

### आखिरी दिन 78 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** प्रदेश में हो रहे विधानसभा उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शुक्रवार को 78 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सभी सीटों पर अब तक कुल 149 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 30 अक्टूबर को प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकेंगे। 13 नवंबर को मतदान होगा। मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से रालोद प्रत्याशी मिथिलेश पाल व सीपीआई से आरपी सिंह ने नामांकन किया। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से भाजपा से रामवीर सिंह ने नामांकन किया। गाजियाबाद सीट पर भाजपा से संजीव शर्मा व सपा से सिंहराज ने नामांकन किया। अलीगढ़ की खैर सीट से भाजपा से सुरेंदर दिलेर, सपा से चारू केन, बसपा से पहल सिंह व मैनपुरी की करहल सीट से भाजपा से अनुजेश प्रताप सिंह ने नामांकन किया। कानपुर की सीसामऊ सीट से भाजपा से सुरेश अवस्थी, समाजवादी से खुर्शीदा सोलंकी व अपना दल कमेरावादी से गौरव वाजपेयी ने नामांकन किया। प्रयागराज की फूलपुर सीट से भाजपा से दीपक पटेल व अपना दल कमेरावादी से दिलीप कुमार ने नामांकन किया। अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से भाजपा से धर्मराज निषाद, अपना दल कमेरावादी से अयोध्या व सीपीआई से नीलम सिंह ने नामांकन किया। मीरापुर की मझवां सीट से भाजपा से सुष्मिता मौर्य ने नामांकन किया। सबसे ज्यादा मीरापुर सीट से 17 नामांकन व सबसे कम खैर सीट पर चार नामांकन हुए।

### मोबाइल एप बेस्ड होगा डिजिटल आईटी सेटअप

**लखनऊ।** प्रदेश में निर्मित होने वाले चिकित्सकीय उपकरण (मेडिकल डिवाइसेस) विदेश भी भेजे जाएंगे। एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल-मेडिकल डिवाइस (ईपीसी-एमडी) के लिए मोबाइल ऐप बेस्ड डिजिटल आईटी सेटअप तैयार किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि यह ऐप बेस्ड डिजिटल आईटी सेटअप (वेब पोर्टल व आईटी सॉल्यूशंस) भविष्य की जरूरत के अनुसार तैयार किया जाएगा। यह ईपीसी-एमडी के लिए 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' की तरह कार्य करेगा, जिसमें परियोजनाओं की स्वीकृति समेत विभिन्न कार्यों का आवलोकन हो सकेगा। यह चिकित्सीय उपकरणों के उत्पादन की प्रगति, उत्पादन के विभिन्न घटकों को चिह्नित करने और एक्सपोर्ट प्रमोशन समेत एक्सपोर्ट संबंधी आंकड़े उपलब्ध होंगे। मालूम हो कि प्रदेश में उप्र. फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस उद्योग नीति 2023 को पांच साल के लिए लागू हो चुकी है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा 350 एकड़ में फैले इस पार्क को दो फेज में मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

# मंत्री के साथ बच्चों ने किया वंदे भारत एक्सप्रेस का सफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रयागराज से लखनऊ के लिए किया प्रस्थान
- दलित बस्तियों, झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ शुरू हुआ तीन दिवसीय दीपावली उत्सव
- 410 बच्चे वंदे भारत एक्सप्रेस से तो वहीं 380 बच्चे लग्जरी बसों से पहुंचे लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी का अपने विधानसभा क्षेत्र के करीब 59 दलित बस्तियों, हातों, झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ तीन दिवसीय दीपावली उत्सव शुक्रवार को शुरू हुआ, जो इस बार भी प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मनाया जाएगा। सैकड़ों बच्चों ने मंत्री के साथ पहली बार देश की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस में प्रयागराज से लखनऊ का सफर किया, जो उनके जीवन की सबसे बेहतरीन और यादगार यात्रा रही। अब तीन दिन तक बच्चे कैबिनेट मंत्री नन्दी के साथ पिकनिक ट्रिप और खरीददारी का आनन्द लेंगे।

मंत्री नन्दी प्रत्येक वर्षों की तरह इस वर्ष भी हर घर रोशनी, हर घर दीपावली अभियान के तहत अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलित बस्तियों, झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाएंगें। मंत्री ने मेडिकल चौराहे पर प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ सात लग्जरी बसों को हरी झंडी दिखाकर अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के नैनी और मीरापुर मंडल के 380 बच्चों को लखनऊ के लिए रवाना किया, जो दोपहर में लखनऊ स्थित आनन्दी वाटर पार्क पहुंचे।

वहीं शुक्रवार की दोपहर करीब सवा तीन बजे मंत्री नन्दी अपने विधानसभा क्षेत्र के कीडगंज, चौक और मुट्ठीगंज मंडल के 410 बच्चों के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस से लखनऊ के लिए रवाना हुए। ट्रेन रवाना होने के एक घंटे पहले ही बच्चे प्रयागराज जंक्शन पहुंच गए थे।

## अस्पतालों की ओपीडी समय से शुरू हो : मानवेंद्र

**लखनऊ।** आयुष महानिदेशक एवं आयुर्वेद निदेशक मानवेंद्र सिंह ने आयुर्वेदिक अस्पतालों की ओपीडी निर्धारित समय से शुरू होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को इलाज संबन्धी दवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही, गैस-कब्ज आदि दिक्कतों के लिए, घरेलू उपचार के प्रति जागरूक करें। टुड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में संपन्न आयुर्वेद विभाग की समीक्षा बैठक में आयुर्वेद निदेशक ने निर्देश दिए हैं। बैठक की जानकारी देते हुए शुक्रवार को उन्होंने बताया कि आयुर्वेद की तरफ जनसामान्य आकर्षित करने के लिए न केवल जागरूकता बढ़ाई जाएगी बल्कि आयुर्वेदिक अस्पतालों में मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। मानवेंद्र सिंह ने कहा कि सभी अस्पतालों के प्रशासकों को ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया है, ग्रामीण क्षेत्र स्थित अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या ज्यादा दयनीय है, सुधारने पर ज्यादा जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ओपीडी में समय से डॉक्टर मौजूद रहेंगे।

# पुलिस अधिकारियों की लापरवाही और चूक का हो गया खुलासा

**बहराइच हिंसा**

- मुख्यमंत्री को सौंपी गई जांच रिपोर्ट, बड़े अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई
- 13 साल से हरदी थाने के त्योहार रजिस्टर में नहीं दर्ज की गई कोई जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहराइच हिंसा के पीछे पुलिस अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। जिस हरदी थाने के महाराजगंज इलाके में हिंसा हुई थी। उस थाने के त्योहार रजिस्टर में पिछले 13 साल से कोई जानकारी दर्ज ही नहीं की गई। यहां तक इस रजिस्टर की किसी अधिकारी ने जांच भी नहीं की। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी गई है। जिसके बाद जिले के बड़े अधिकारियों की लापरवाही सामने आने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावना बलवती हो गई है।

बहराइच के हरदी थानाक्षेत्र के महाराजगंज में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की हिंसा में रामगोपाल मिश्र की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद हिंसा बेकाबू हो गई। मौके पर सचिव गृह संजीव गुप्ता और एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश को भेजा गया। स्थिति संभलने के बाद दोनों ने अधिकारियों ने हिंसा के पीछे के कारण की जांच की तो सामने आया कि हरदी थाने के त्योहार रजिस्टर जैसे महत्वपूर्ण अभिलेख में पिछले 13 वर्ष से कोई जानकारी ही दर्ज नहीं की गई थी।

**सीओ ने भेजी थी एक माह पहले रिपोर्टः** महसी के क्षेत्राधिकारी रहे रूपेंद्र गौड़ ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट 12 सितंबर को एसपी वृंदा शुक्ला को भेजा था। करीब एक माह का समय बीत जाने के बाद भी एसपी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिसका परिणाम 13 अक्टूबर को हिंसा भड़क गई। हिंसा के बाद बहराइच पुलिस लाइन में एंटी राइट उपकरण भी चालू हालत में नहीं मिले थे। लापरवाही इस कदर थी कि एंटी राइट उपकरणों को भी समय से न तो चेक किया गया और न ही एंटी राइट ड्रिल हुई।

### गणेश चतुर्थी पर अंतिम बार 2011 में हुई थी एंट्री

जांच में सामने आया कि हरदी थाने के त्योहार रजिस्टर में वर्ष 2011 के तत्कालीन थानाध्यक्ष ने गणेश चतुर्थी पर अंतिम बार एंट्री की थी। इसके बाद वर्ष 2024 तक किसी थानेदार ने त्योहार रजिस्टर में इलाके की सूचनाएं दर्ज नहीं की। यह जिक्र भी नहीं किया गया कि कौन सा जुलूस निकलेगा, कौन-कौन धार्मिक आयोजन होने वाले हैं। त्योहारों में इलाके के उपद्रवियों और गड़बड़ी करने वालों का उल्लेख भी नहीं किया। जबकि इसमें हर त्योहार के बाद लिखा जाता है कि किसने गड़बड़ी फैलाने की कोशिश की, क्या-कया कमियां रह गई, जिसे दूर किया जाना चाहिए। इतनी महत्वपूर्ण सूचनाओं वाले रजिस्टर में एंट्री को लेकर बड़ी लापरवाही थानेदार से लेकर एसपी तक ने की है। इस रजिस्टर का मुआइना क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक करते हैं। रिकार्ड यही बताते हैं कि पिछले 13 वर्ष से किसी भी अधिकारी ने थाने का न तो निरीक्षण किया और न ही रजिस्टर में कोई एंट्री की है। 9 माह से बहराइच में एसपी के पद पर तैनात वृंदा शुक्ला ने भी हरदी थाने के त्योहार रजिस्टर का परीक्षण नहीं किया।


## आवश्यकता है

**श्री बब्बू सिंह महाविद्यालय खन्ना महोबा में शासन द्वारा स्वीकृत वेतन क्रम में निम्न पद रिक्त है।**

1- प्रवक्ता पद - इतिहास (01 पद)

महाविद्यालय में कार्यरत एवं अनुभवी शिक्षकों को वरीयता दी जाएगी। आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा विज्ञापन तिथि से 15 दिनों तक स्वीकार किए जाएंगे। प्रार्थी के पास साक्षात्कार की सूचना रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जाएगी।

आवेदन पत्र भेजने का पता-
श्री बब्बू सिंह महाविद्यालय खन्ना महोबा | द्वारा प्रबन्धक


रामनगरी | श्रद्धालु करते दिखे सरयू साधना, के संगम में छाया श्रद्धा का उल्लास

# अलौकिक दीपोत्सव के लिए सज-संवर रही अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आठवें दिव्य दीपोत्सव को लेकर अयोध्या अब आतुर दिखने लगी है। रामनगरी के ही नहीं विभिन्न प्रान्तों से आने वाले श्रद्धालुओं को भी 30 अक्टूबर की प्रतीक्षा है। दीपोत्सव को लेकर अब मात्र चार दिन शेष रह गए हैं ऐसे में चहुंओर उल्लास दिखने लगा है। रामनगरी में प्रवेश करते ही रामपथ और धर्मपथ दोनों पर श्रद्धालुओं का आवेग रामोत्सव की झलक दिखा रहा है। यहां शुक्रवार को एक ओर जहां श्रद्धालु सरयू की साधना करते दिखे वहीं अयोध्या वासी भी दीपोत्सव की प्रतीक्षा में आतुर दिखे। रामनगरी को त्रेतायुग की तरह चमकाया जा रहा है।

महाराष्ट्र से परिवार के संग रामलला के दर्शन के लिए आए अशोक चक्रधर बोले अयोध्या धाम आकर धन्य हो गया। दिव्य दीपोत्सव की जानकारी है, देखने और सहभागिता की बड़ी इच्छा है, प्रयास कर रहे है कि दीपोत्सव तक रुक जाएं। गुजरात के रहने वाले मंशा भाई ने कहा कि पहले पता होता तो 29 को आता लेकिन जानकारी नहीं थी। टीवी पर अयोध्या का दीपोत्सव परिवार संग देखेंगे और पांच दीपक जलायेंगे। सरयू घाट पर जम्मू कश्मीर से आए पांच युवकों के जत्थे ने कहा कि अब आएं हैं तो दीपोत्सव देख कर ही जायेंगे। नीरज कुमार ने कहा कि तीन दिन अयोध्या दर्शन का प्रोग्राम था। अब एक दिन और रुक कर जाएंगे। सरयू में आस्था की डुबकी लगा कर निकले बहराइच के श्याम किशोर ने कहा कि अगर रास्ता न बंद हुआ तो 30 अक्टूबर को फिर आकर दीपोत्सव में शामिल होंगे। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव की परंपरा डाल कर ऐतिहासिक कार्य किया है। रामपथ पर ई-रिक्शा चलाने वाले महेश ने कहा कि दीपोत्सव का इंतजार कर रहे हैं, बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयेंगे। आमदनी भी खूब होगी, अगर प्रशासन प्रतिबंध नहीं लगाता तो हम ई-रिक्शा वालों को लाभ मिलेगा। प्रसाद भंडार के मनोज गुप्ता बोले कि दीपोत्सव अयोध्या की पहचान बन गया है। हम सभी तैयारी कर रहे हैं।


राम कथा पार्क के निकट दीवार पर दीपक बनाता कर्मी, नयाघाट के निकट लगाई गई लाइटिंग। अमृत विचार


### दिव्य दीपोत्सव के लिए सजने लगी रामनगरी

- रामनगरी में आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। इनमें राम पैड़ी की सफाई और रंग-रोगन से लेकर अन्य साज-सज्जा का काम चल रहा है। सीढ़ियों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। मुख्य कार्यक्रम स्थल के इर्द-गिर्द निर्माण कार्य को व्यवस्थित कर दिया गया है। घाटों पर फाउंडेशन का निर्माण किया गया है। जिस पर शीघ्र ही फैंसी लाइटों के पोल लगाए जाएंगे। विजिटर्स गैलरी के बाद घाट की ओर जाने वाले रास्ते के मध्य में लैंड स्केपिंग के तहत हरी घास लगाई गई है। विजिटर्स गैलरी व त्रिकोणीय सेल्फी प्वॉइंट के मध्य पाथ-वे से सटी जगह पर भी गार्डेनिंग की जा रही है।

### रामोत्सव की तरह दिखेगा रामपथ और धर्मपथ

- प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 50 दिनों तक अनवरत मनाएं गए रामोत्सव की तरह ही दीपोत्सव पर भी रामपथ और धर्मपथ दिखेगा। रामपथ और धर्मपथ पर दोनों ओर श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान जी के कटआउट लगाए जा रहे। दोनों छोरों पर लाइटिंग के साथ विभिन्न कलाकृतियां भी उकेरी जा रहीं हैं। 300 से अधिक कर्मी राम की पैड़ी और चौधरी चरण सिंह घाट पर रंगाई पुताई को अंतिम रूप देते हुए लगे हुए हैं। राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा और भव्य मंच लगभग बन कर तैयार हो गया है। इस बार दीपोत्सव में सभी 55 घाटों को विशेष ढंग से सुसज्जित किया गया है।


## तलाश गस्ती अज्ञात शव



सर्व सम्बंधित को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.05.2024 को थाना ककवन कमिश्नरेट कानपुर नगर मे नहर पुल ककवन के पास नहर मे एक महिला का शव पड़ा हुआ मिला जिसके शरीर पर टीशर्ट गुलाबी कलर व लोअर हरा कलर के कपडे हैं। हुलिया: गोल चेहरा एकहरा मजबूत जिस्म नाम, कान, कद औसत, सिर पर बाल है उम्र करीब 16 वर्ष है। कृपया अनुरोध है कि उक्त अज्ञात महिला के शव के बारे मे यदि किसी को कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना ककवन कमिश्नरेट कानपुर नगर से सम्पर्क करने का कष्ट करे। तथा उक्त अज्ञात महिला के बारे मे कोई जानकारी हेतु निम्न नम्बरो पर सम्पर्क करने का कष्ट करे।

| सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर, | थानाध्यक्ष | कस्बा प्रभारी कंकवन |
|---|---|---|
| कमि0 कानपुर नगर, | थाना ककवन कमि0 कानपुर | थाना ककवन कमि0 कानपुर नगर |
| मो0न0 9454401465 | मो0न0 9454403731 | मो0न0 8924951188 |

## एक नजर

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 43,342 आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के 75 जिलों से अभी तक 43,342 आवेदन हो चुके हैं। अप्रैल से अगस्त तक 3,255 जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभी तक विवाह के लिए 43,342 जोड़ों ने पंजीकरण कराया है। जिसमें 4,466 आवेदन अस्वीकृत हो चुके हैं और 4,143 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। अप्रैल से अगस्त तक 3,255 जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पंजीकरण लगातार हो रहे हैं। नवंबर और दिसंबर माह में सबसे अधिक विवाह होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों को विवाह कराने का लक्ष्य दिया जा चुका है।

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने में जुटी कांग्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा उपचुनाव में प्रदेश कांग्रेस 'इंडिया गठबंधन' के प्रत्याशियों को जिताने में जुट गई है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशियों को हराने की रणनीति पर कार्य शुरू कर दिया है। इसी के तहत कांग्रेस ने सभी सीटों पर समन्वय समिति का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से इस सिलसिले में पत्र जारी किया गया है। इन समितियों में राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, सांसद उज्जवल रमण सिंह, नेता कांग्रेस विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक सदल प्रसाद आदि नेता शामिल हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इन नेताओं को सभी सीटों पर सपा प्रत्याशियों को जिताने का निर्देश दिया गया है। बूथ स्तर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया गया है।

# योगी ने सुझाए ग्राम पंचायतों को आमदनी बढ़ाने के उपाय

## मुख्यमंत्री ने महराजगंज में किया 940 करोड़ की 505 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



महराजगंज में फीता काटकर विकास कार्यों की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों को आमदनी बढ़ाने के उपाय सुझाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायतें अगर आय के अतिरिक्त स्रोत सृजित करेंगी तो सरकार भी उनकी भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार, नगर पंचायत का सचिवालय ऐसा बनवाएं कि लोगों को मुख्यालय न भटकना पड़े। उन्होंने कहा, आवश्यकता है कि नगर पंचायत और स्थानीय निकाय विकास के उन आयामों से जुड़ें जो नागरिक सुविधाओं का विस्तार करने के साथ ही रोजगार सृजन भी करें।

योगी शुक्रवार को महराजगंज के चौक बाजार में 940 करोड़ रुपये की 505 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास तथा नगर पंचायत चौक बाजार के नवनिर्मित कार्यालय भवन की शुरुआत करने के बाद यहां आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री सूचना परिसर से साझा की गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत की आत्मनिर्भरता के लिए भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत शॉपिंग कंपलेक्स बनवाकर तथा अपने स्वामित्व वाले तालाबों में मत्स्य पालन करके अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इसी तरह नगर पंचायत पटरी कारोबारियों को एक स्थान पर व्यवस्थित कर सकते हैं। इससे उन्हें कुछ आय भी होगी और जाम की समस्या का भी समाधान हो जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, विधायक जयमंगल कन्नौजिया, प्रेम सागर पटेल, ज्ञानेंद्र सिंह, ऋषि त्रिपाठी, नगर पंचायत चौक बाजार की चेयरमैन संगीता देवी, भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय पांडेय आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### हजरतगंज जैसा बन गया महराजगंज का चौक बाजार

योगी ने नगर पंचायत बनने के बाद चौक बाजार में आए बदलाव पर कहा कि पहले महराजगंज से चौक बाजार तक की सड़क काफी खराब थी। यहां आने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। आज इतनी बेहतरीन सड़क बन गई है कि महाराजगंज का चौक बाजार लखनऊ का हजरतगंज बन गया है।

### मलेशिया की यूनिवर्सिटी से महायोगी गोरखनाथ विवि का एमओयू

अमृत विचार : महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर एवं क्वेस्ट इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मलेशिया के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिये समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। शुक्रवार को एमओयू पर गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और क्वेस्ट इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. जीटा मोहम्मद फहमी ने हस्ताक्षर किए। दोनों कुलपति ऑनलाइन जुड़े और एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद इसका डिजिटली आदान-प्रदान किया। इस एमओयू से दोनों संस्थाओं के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में कृषि, जैव प्रौद्योगिकी, फार्मा व चिकित्सा में संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य के साथ वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को पूरा करने आदि विषयों पर पारस्परिक सहयोग की प्रतिबद्धता जताई गई है।

## 17 नए मेडिकल कॉलेज दोगुनी हुई एमबीबीएस की सीटें : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस साल प्रदेश को 17 नए मेडिकल कॉलेज मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में एमबीबीएस की सीटें भी दोगुनी हो चुकी हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को महराजगंज में प्रदेश के पहले पीपीपी मोड के केएमसी मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक की सरकारों के एजेंडे में तराई के क्षेत्र होते ही नहीं थे। मगर अब महराजगंज उपेक्षित नहीं रहा, आज ही यहां 940 करोड़ की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। योगी ने कहा, राज्य में अब तक 5.14 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के गोल्डेन कार्ड मिल चुके हैं।

# गलत बिलिंग पर दो बिजली अवर अभियंता निलंबित

## अधिशासी अभियंता को चार्जशीट, निजी एजेंसी को काली सूची में डाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं से रिश्वत लेने व गलत 'बिलिंग' पर दो बिजली अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया। संबंधित अधिशासी अभियंता को चार्जशीट दी गई, साथ ही, गलत बिलिंग करने वाली निजी एजेंसी को काली सूची में डाल दिया गया। शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को जल निगम के संगम हास्टल में 'सम्भव' व्यवस्था के तहत वर्चुअल जनसुनवाई व विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

**ऊर्जा मंत्री ने की जनसुनवाई व कार्यों की समीक्षा**

निलंबित अवर अभियंताओं में राजधानी में तैनात अवर अभियंता मनोज कुमार जायसवाल व इटावा में तैनात राज कमल पप्पू शामिल हैं। मनोज जायसवाल वर्तमान में चिनहट उपकेंद्र पर तैनात हैं। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं को शीघ्र बिजली कनेक्शन देने व लखनऊ के अवर अभियंता के खिलाफ एफआईआर कराने का निर्देश दिया। अवर अभियंता पर गोसाईंगंज निवासी फहाद अहमद को वर्ष 2019 में बिजली कनेक्शन न देने, लाइन बनाने के लिए 1.20 लाख रुपये रिश्वत लेने व 1.20 लाख रुपये का बिजली बिल भेजने का आरोप है। इसी तरह, इटावा केके अधिशासी अभियंता को चार्जशीट देते हुए संबंधित अधीक्षण अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा गया गया है।

**त्योहारों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के दिये निर्देश :** ऊर्जा मंत्री ने आगामी त्योहारों में प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति के प्रबंध करने व बिजली व्यवधानों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समाधान न करने, बिजली कनेक्शन देने में धोखाधड़ी व गलत बिलिंग करने वाले बिजली कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### एक ही मीटर संख्या पर जारी हुए थे कई बिल

ऊर्जा मंत्री ने कुशीनगर के सेवरही में एक ही मीटर संख्या पर कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल निर्गत करने व गलत बिल की शिकायत पर संबंधित बिलिंग एजेंसी को काली सूची में डालने का निर्देश दिया। साथ ही, दोषी कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एमडी पूर्वांचल को दो दिन के अंदर गोरखपुर क्षेत्र के बिलिंग डाटा को सही कराने का निर्देश दिया। ऊर्जा मंत्री ने गोरखपुर में बिजली दुर्घटना पर मृतक के परिवार को एक वर्ष से अधिक समय से मुआवजा न देने की शिकायत का संज्ञान लेते हुए पूर्वांचल निगम के प्रबंध निदेशक को शीघ्र ही मुआवजा देने का निर्देश दिया।

# आईईटी की वेबसाइट हैक, डाटा लीक

## कुलसचिव ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की वेबसाइट हैक हो गई है। इसके जरिये मानव संपदा पोर्टल पर अधिकारियों और कर्मचारियों के गोपनीय डाटा अपलोड किए गए थे, जो लीक हो गया है। इसकी पुष्टि होने पर कुलसचिव डॉ. प्रदीप बाजपेयी ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू की गई है।

सीतापुर रोड स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एकेटीयू का घटक महाविद्यालय है। इसके कुलसचिव डॉ. प्रदीप बाजपेयी ने बताया कि उपकुलसचिव राजीव कुमार मिश्र द्वारा प्रदेश सरकार के मानव संपदा पोर्टल पर इंस्टीट्यूट के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के गोपनीय दस्तावेज अपलोड किए गए। मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड की गई कई अधिकारियों की गोपनीय जानकारी इंस्टीट्यूट से बाहरी लोगों के हाथ लग गई है। यह डाटा वेबसाइट हैक कर लीक किया गया है। इंस्टीट्यूट के अधिकारियों को जानकारी हुई तो आंतरिक जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट में उपकुलसचिव ने गोपनीय डाटा लीक होने की संभावना जाहिर की है। कुलसचिव डॉ. प्रदीप बाजपेयी ने बताया कि इस रिपोर्ट की जानकारी एकेटीयू के कुलपति और कुलसचिव को दी गई। दोनों उच्चाधिकारियों ने रिपोट दर्ज कराने का निर्देश दिया।

**फर्जीवाड़ा कर एकेटीयू के खाते से उड़ाये थे 120 करोड़ :** एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ रुपये की हेराफेरी इसी साल जून में हुई थी। जालसाजों ने एकेटीयू के वित्त अधिकारी और यूनियन बैंक की फर्जी मेल आईडी बनाकर यह फर्जीवाड़ा किया था। इस मामले में 11 लोगों को साइबर क्राइम थाने की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस फर्जीवाड़े के बाद एकेटीयू और उससे संबद्ध संस्थान सतर्क हो गए। इसी कारण डाटा लीक होने की जानकारी होते ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### संदेह के घेरे में कर्मचारी

आईईटी के अधिकारियों और कर्मचारियों का गोपनीय डाटा लीक होने के मामले में उपकुलसचिव कार्यालय में तैनात कर्मचारी संदेह के घेरे में हैं। मानव संपदा पोर्टल पर गोपनीय जानकारी अपलोड करने की जिम्मेदारी उपकुलसचिव कार्यालय को सौंपी गई थी। इंस्पेक्टर जानकीपुरम उपेंद्र सिंह के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। उपकुलसचिव समेत कई कार्यालय के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्ध दिखने वाले लोगों की सूची तैयार की जा रही है।

# 'सक्षम' होंगे आंगनबाड़ी केंद्र

## आधारभूत सुविधाओं से लैस होंगे केंद्र, अपलोड होने लगा विवरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र आधारभूत सुविधाओं से लैस करके 'सक्षम' बनाए जाएंगे। इसके बाद केंद्रों को हाईटेक बनाया जाएगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने पहले चरण में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की कवायद शुरू कर दी है। विभाग केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं का आकलन कर पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड करने लगा है। एप पर किराये या सरकारी भवन, बिजली, पानी, सोलर, शौचालय, रसोई आदि सुविधाएं व उनके स्रोत दर्शाये जा रहे हैं। इस आधार पर हर केंद्र की आधारभूत संरचना बनाई जाएगी और जहां जो कमियां या संसाधन कम होंगे, उससे केंद्रों को लैस किया जाएगा। इसके बाद एलईडी स्क्रीन, कम्प्यूटर, वाईफाई, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर लाइट, आरओ आदि लगाए जाएंगे। इसका लाभ महिलाओं व बच्चों को मिलेगा और आंगनबाड़ी केंद्रों को बढ़ावा मिलेगा।

### प्रदेश में अक्टूबर तक के आंकड़े

- कुल आंगनबाड़ी केंद्र – 1,89,139
- केंद्रों की फीडिंग – 85,471
- नल से पेयजल – 48,081
- पेयजल – 72,848
- क्रियाशील शौचालय – 60,355
- बिजली कनेक्शन – 47,440
- सोलर लाइट – 3,549

### मुख्य सेविकाओं को विशेष अभियान चलाने के निर्देश

यह पहल निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने की है। इससे पोषण ट्रैकर पर बच्चों के साथ केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं का पूरा ब्योरा आसानी से देखा जा सकेगा और जरूरत पड़ने पर इसी आधार पर योजना संबंधित कार्य कराए जाएंगे। निदेशक ने मुख्य सेविकाओं को विशेष अभियान चलाकर पोषण ट्रैकर पर फीडिंग करने के निर्देश दिए हैं। कुछ जिलों में स्टॉफ की कमी के कारण फीडिंग की रफ्तार धीमी है।

# प्रदेश के दस वरिष्ठ आईपीएस झारखंड व महाराष्ट्र में कराएंगे चुनाव

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले विधान सभा चुनाव एवं उप चुनाव के लिए उप्र.कैडर के दस वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

जानकारी के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने डीजीपी के उस पत्र को अस्वीकार कर दिया, जिसमें दो आईपीएस अधिकारियों की ड्यूटी निरस्त करने के लिए अनुरोध किया गया था। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह की तरफ से अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था को भेजे गये पत्र के मुताबिक सात आईपीएस अधिकारियों की महाराष्ट्र और तीन एडीजी स्तर के अधिकारियों की झारखंड में चुनाव ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 2005 बैच के आईपीएस धर्मेन्द्र सिंह, 2007 बैच की आईपीएस गीता सिंह, 2009 बैच के पवन कुमार, 2010 बैच के कुन्तल किसोर, 2011 बैच के अजय कुमार और स्वपनिल तथा 2012 बैच के सचिन्द्र पटेल को महाराष्ट्र में पुलिस प्रेक्षक बनाया गया है। इसी तरह 1996 बैच के आईपीएस एडीजी ए. सतीश गणेश, 1998 बैच के आईपीएस एडीजी बीडी पाल्सन और एडीजी के.सत्यनारायण को झारखंड में पुलिस प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों को 24 और 28 अक्टूबर तक रवाना होने के निर्देश दिये गये हैं।


## वर्ग पहेली-233

**बाएं से दाएं**

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना
4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अँगीठी।
5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।
6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।
7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।
8. पैर।
9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

**ऊपर से नीचे**

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।
3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।
4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।




### वर्ग पहेली-232 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठ | | 2 फ | | 3 चि |
| | ह | | ल | | न |
| 4 नि | र | नु | ना | सि | क |
| | ना | | फू | | |
| | | 5 फ | ल | ही | न |
| 6 नि | खो | ट | ना | | |
| | | ना | | 7 पै | रा |

## दिवाली पर मनरेगा तकनीकी सहायकों को मिलेगा मानदेय और ईपीएफ

**अमृत विचार, लखनऊ :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत निर्माण



सामग्री आपूर्तिकर्ता एजेंसियों, तकनीकी सहायकों, कुशल व अर्द्धकुशल श्रमिकों के लिए दिवाली से पहले अच्छी खबर है। इन लोगों के बकाये का जल्द ही भुगतान होगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर इसके लिए 200 करोड़ की धनराशि जिलों को भेजी गयी है। उप मुख्यमंत्री ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियमानुसार इसका व्यय, देयों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। 25 अक्टूबर को जिलों को धनराशि अवमुक्त कर दी गई है।

## अखिलेश के बाद संजय निषाद के लगे पोस्टर

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा उप चुनाव के बीच अखिलेश यादव के बाद अब कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी प्रमुख संजय निषाद के पोस्टर सामने आए हैं। 'सत्ताईस के खेवनहार' लिखा पोस्टर लखनऊ में सड़कों के किनारे लगाया गया है। राजधानी में शुक्रवार को तमाम स्थानों पर ऐसा पोस्टर देखा गया।




भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर लगा पोस्टर।

दरअसल, उपचुनाव के दौरान भाजपा जहां 9 में से 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, वहीं एक सीट रालोद को दी गई है। इसके अलावा निषाद पार्टी दो सीटों पर दावेदारी कर रही थी, लेकिन निषाद पार्टी को कोई सीट नहीं दी गई। अब निषाद पार्टी के लखनऊ की सड़कों किनारे 'सत्ताईस के खेवनहार' लिखे पोस्टर के कई मायने निकाले जा रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि सीट न मिलने के चलते संजय निषाद नाराज चल रहे हैं।

हालांकि निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने मीडिया को बताया कि पोस्टर लगाए जाने के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं है। मालूम हो कि, संजय निषाद अपनी पार्टी के लिए मझवां और कटेहरी विधानसभा सीट की मांग कर रहे थे।

## नामांकन करने वाले सुरेश कांग्रेस से निष्कासित

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'इंडिया गठबंधन' के निर्णय का उल्लंघन करते हुए प्रयागराज की फूलपुर सीट से नामांकन करने वाले कांग्रेस नेता सुरेश चन्द्र यादव को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नामांकन को अनुशासनहीनता बताते हुए यह कार्रवाई की। कांग्रेस में गंगापार के अध्यक्ष रहे सुरेश यादव खुलकर सपा प्रत्याशी व पार्टी के खिलाफ आ गए थे। इंडिया गठबंधन के निर्णय के बाद प्रदेश कांग्रेस ने प्रत्याशी न उतारने का फैसला किया, पर उन्होंने इसका पालन नहीं किया।

## सुडोकू-146

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | 8 | | | 6 |
| | | 1 | 2 | 4 | | | | 3 |
| | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 9 | 3 | | 6 | | | 8 | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 1 |
| | 8 | | | 7 | | 3 | 2 | |
| | | 8 | | 2 | | 9 | | |
| 6 | | | | 5 | 3 | 4 | | |
| 5 | | | 6 | | 1 | | | |

### सुडोकू - 145 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 |
| 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 7 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 27 अक्टूबर 05.23 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 09.46 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** – आज आप सकारात्मक और अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। परिजन आपका उत्साहवर्धन करेंगे। साहित्य के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद मिलेगा।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र और परिवार दोनों की जगह का वातावरण अच्छा रहेगा। धन की समस्या का निवारण होगा। बच्चे पढ़ाई में व्यस्त रहेंगे। निर्णय लेते समय सिर्फ दिमाग ही नहीं बल्कि दिल की भी सुनें। नई परिस्थितियों के लिये स्वयं को तैयार रखें।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी आपको अच्छी सलाह दे सकते हैं। इससे आप तनावरहित महसूस करेंगे। बेरोजगारों को आय के स्थाई स्रोत मिलने के योग बन रहे हैं। नई परियोजनाओं पर निवेश काफी लाभप्रद सिद्ध होगा।

**कर्क** – आज किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। लक्ष्य के लिए आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। संतान से शुभ और अनुकूल परिणाम आपको मिल सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। पेट के रोगियों को परेशानी हो सकती है।

**सिंह** – आज आपके दृष्टिकोण में कुछ बदलाव उत्पन्न होगा। पुराने कर्जों को चुकाने के लिए समय बहुत अच्छा है। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। दांपत्य संबंधों की कड़वाहट कम हो सकती है। व्यवसाय में काम की अधिकता के बाद भी काफी आनन्दित रहेंगे।

**कन्या** – आज स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहना चाहिये। दूसरों के प्रति आपके मन में ईर्ष्या की भावना पनप सकती है। व्यर्थ के वाद-विवादों से दूर रहें। कुछ लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। खर्च अधिक होने से आपको बचत करने में परेशानी होगी।

**तुला** – आज कोई रुका हुआ सरकारी काम शुरू हो सकता है। धार्मिक अनुष्ठान की योजना बना सकते हैं। बॉस की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। नए प्रेम संबंध शुरू होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों को करियर में शानदार सफलता मिलेगी। अपने अधिकारों का प्रयोग सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज नई योजनाओं को शुरू कर सकते हैं। स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। घर के लोगों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। पहले किए गए निवेश से लाभ मिलेगा। आपके मनोबल और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज परिवार के प्रति आपका रवैया उदार होगा। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपको जीवनसाथी से उपहार मिल सकते हैं। मित्र आपकी प्रशंसा करेंगे। ऑफिस में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। युवा लोगों को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

**मकर** – आज अपने नजदीकी लोगों द्वारा धोखा मिल सकता है। निजी समस्याओं का समाधान मिलेगा। कुछ लोग आपकी उदारता का गलत फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। कुछ महत्वपूर्ण काम अधूरे छूट सकते हैं। पुरानी नकारात्मक बातें आपको प्रभावित कर सकती हैं।

**कुंभ** – आज व्यवसाय में आपको उत्तम धन लाभ की प्राप्ति होगी। बुद्धिमत्ता से समस्या का समाधान मिल जायेगा। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक रिश्तों को अच्छी तरह निभायेंगे। व्यापार में नये साझेदार जुड़ सकते हैं।

**मीन** – आज कारोबार में आपको भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बिना सोचे-समझे अपनी बात किसी से न कहें। आपको माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। मांगलिक योजनाओं पर धन खर्च करेंगे। महिलाओं को कब्ज की समस्या हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- याराना – सुबह : 08.26
- कर्तव्य – रात : 07.02

&pictures
- अरविंद समेथा – सुबह : 08.02
- कृष – शाम : 04.20

Sony Pix
- लंदन हेज फॉलेन – सुबह : 11.28
- टैक्सी ड्राइवर – शाम : 06.59

Zee Cinema
- घायल – सुबह : 07.40
- तेरी भाभी है पागल – रात : 07.55

Zee Action
- मिलिट्री राज – सुबह : 08.12
- सूर्या द सोल्जर – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सहेली- मैं तो लुट गई, बर्बाद हो गई
पिंकी- क्यों पति में पिटाई की क्या?
सहेली- मेरे पति का ऑफिस में एक लड़की से चक्कर चल रहा है
पिंकी- तुमको कैसे पता
सहेली- मेरे बॉयफ्रेंड ने कल उनको एक लड़की के साथ देखा था।

लड़की- सुन जानू, गूगल मेल होता है या फीमेल...
लड़का- बेबी फीमेल होता है...
लड़की- क्यों..
लड़का- क्योंकि अपना सेंटेन्स पूरा होने से पहले ही वो उसका सजेशन देना शुरू कर देता है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,402.29 | 24,180.80 |
| गिरावट | 662.87 | 218.60 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.90 |






अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 26 अक्टूबर 2024


## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2325-2425 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6600 -6700 अरहर 7500 -8000 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14400-14500 अरहरस्पेशल 11400-11500 चनादाल 8450-8550 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7300-7350 मसूरदाल 7575-7625 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11800 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500 -11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14300-14400 अलसी 12500-12600 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1985-2021 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2300-2350 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1975-1979 मयूर 1975-1979 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3700-3800 मंगलौरलडडू 4500-4600 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4170-4200 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000 औरय्या 52300-52300

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 98250 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 115000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 120000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 80000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 59650-59850 |

# रोजगार का सृजन सबसे बड़ा वैश्विक मुद्दा : सीतारमण

## विश्व बैंक से कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में सहयोग का आह्वान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार सृजन को सबसे बड़ा वैश्विक मुद्दा बताते हुए विश्व बैंक से रोजगार सृजन करने वाले उच्च प्राथमिकता के कौशल क्षेत्रों की पहचान करने के लिए देशों के साथ सहयोग का आह्वान किया। विश्व बैंक को भविष्य की रणनीतिक दिशा कैसे तय करनी चाहिए तथा ग्राहकों को उभरते मेगाट्रेंड के साथ तालमेल रखने के लिए नौकरियों के सृजन में कैसे मदद करनी चाहिए विषय पर सीतारमण ने अपनी बात रखीं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर ये जानकारी दी।



- **बोलीं- विश्व बैंक ने क्षेत्रीय रुझानों तथा रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव का किया है अध्ययन**

सीतारमण ने जोर दिया कि निरंतर आर्थिक चुनौतियों और तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकी बदलावों को देखते हुए नौकरियां सबसे बड़ी वैश्विक समस्या बनी हैं, जो युवाओं के लिए नौकरी बाजार में प्रवेश करने के लिए आवश्यक कौशल को पुनर्परिभाषित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने क्षेत्रीय रुझानों तथा रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव पर कई अध्ययन किए हैं। वित्त मंत्री ने विश्व बैंक से आग्रह किया कि वह डेटा, विश्लेषण पर कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में देशों के साथ सहयोग करे, जिसमें रोजगार सृजन, कौशल मिलान और श्रम बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

### ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर से द्विपक्षीय वार्ता

**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री ने ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स से द्विपक्षीय बैठक की। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों से इतर दोनों नेताओं ने मुलाकात की। सीतारमण ने रीव्स के पहले बजट के लिए उन्हें बधाई दी, जो चुनाव के बाद अगले सप्ताह पेश होने जा रहा है।

# इक्विटी फंड्स : निवेशकों के लिए एक स्मार्ट विकल्प

इक्विटी फंड्स म्यूचुअल फंड्स का एक प्रकार हैं, जो मुख्यत: शेयर बाजार में निवेश करते हैं। ये उच्च रिटर्न की संभावना प्रदान करते हैं, लेकिन इसके साथ ही जोखिम भी लेकर आते हैं। निवेशकों को विभिन्न श्रेणियों जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और सेक्टोरियल फंड्स में से चयन करने का अवसर मिलता है। लंबी अवधि के लिए, इक्विटी फंड्स में निवेश करना समझदारी भरा कदम हो सकता है, यदि आप बाजार की अस्थिरता को सहन कर सकते हैं। इस लेख में हम इक्विटी फंड्स के विभिन्न पहलुओं की चर्चा करेंगे।



### इक्विटी फंड्स क्या हैं?

इक्विटी फंड्स प्रकार के म्यूचुअल फंड होते हैं जो मुख्यत: शेयरों (इक्विटीज) में निवेश करते हैं। ये फंड्स उन निवेशकों के लिए होते हैं जो अपने निवेश से उच्च रिटर्न की अपेक्षा रखते हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्हें शेयर बाजार की अस्थिरता से उच्च जोखिम भी सहन करना पड़ता है।

### इक्विटी फंड्स की पहचान

- निवेश का प्रकार : ये फंड्स शेयरों में निवेश करते हैं, इसलिए इनकी रिटर्न भी शेयर बाजार की स्थिति पर निर्भर करती है।
- लॉन्ग टर्म : आमतौर पर, ये फंड्स लॉन्ग टर्म निवेश के लिए बेहतर होते हैं।
- श्रेणियां : इनमें विभिन्न प्रकार के फंड्स शामिल होते हैं, जैसे कि लार्ज कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप, सेक्टोरियल और इंडेक्स फंड्स।

### कैसे करें निवेश

- **फंड का चयन :** अपने निवेश उद्देश्यों के अनुसार एक उचित इक्विटी फंड का चयन करें, जिसमें आप निवेश कर सकें।
- **खाता खोलें :** म्यूचुअल फंड में निवेश करने के लिए आपको एक निवेश खाता या डिमेट खाता खोलना होगा।
- **केवाईसी प्रक्रिया :** (अपने ग्राहक को जाने) डिमेट खाता खोलने से पहले केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें।
- **निवेश राशि तय करें :** तय करें कि आप एकमुश्त निवेश करना चाहते हैं या एसआईपी (सिस्टमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान) से।
- **निवेश करें :** अपने द्वारा चयनित किए गए फंड में ऑनलाइन या ऑफलाइन निवेश करें।

### जोखिम से रहे सावधान

- **मार्केट :** शेयर बाजार की अस्थिरता के कारण मूल्य में उतार-चढ़ाव होता रहता है, जिसको लेकर सचेत रहने की जरूरत है।
- **लिक्विडिटी :** कुछ फंड्स में निवेश के समय निकासी में कठिनाई होती है।
- **फंड मैनेजर :** फंड के प्रबंधन का भी प्रदर्शन निर्भर करता है, अगर मैनेजर का निर्णय गलत हो तो रिटर्न प्रभावित हो सकता है।

# सरकार ने मुद्रा योजना के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर 20 लाख की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **वित्त मंत्रालय ने कहा- वृद्धि से योजना के उद्देश्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं**

सरकार ने देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपये कर दी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, इस वृद्धि से हम मुद्रा योजना के समग्र उद्देश्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा था कि पीएमएमवाई के तहत सीमा मौजूदा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जाएगी। जिन्होंने तरुण श्रेणी के तहत पहले कर्ज लिया और उसे चुकाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को पीएमएमवाई पेश की थी। इसका उद्देश्य गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को आय-उत्पादक गतिविधियों के लिए 10 लाख तक का आसान जमानत-मुक्त सूक्ष्म ऋण देना है। मौजूदा योजना के तहत बैंक तीन श्रेणियों शिशु (50,000 रुपये), किशोर (50,000 से 5 लाख) और तरुण के तहत 10 लाख तक का जमानत-मुक्त ऋण मुहैया कराती है।

# यूरोपीय संघ दुग्ध क्षेत्र खोलने पर जोर देता है, तो कोई समझौता नहीं होगा : गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस के 18वें सम्मेलन को मंत्री ने किया संबोधित**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में तेजी लाने के लिए आपसी संवेदनशीलता को समझने तथा उसका सम्मान करने पर शुक्रवार को जोर दिया। उन्होंने साथ ही स्पष्ट किया कि यदि यूरोपीय संघ दुग्ध क्षेत्र को खोलने पर जोर देता है तो कोई समझौता नहीं होगा।

एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस के 18वें सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि श्रम तथा जलवायु परिवर्तन जैसे बाह्य मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चर्चा होनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संवेदनशीलता को समझना होगा, सुनना होगा और उसकी सराहना करनी होगी। गोयल ने कहा कि आप (ईयू) 27 देश हैं, जिनकी अलग-अलग प्राथमिकताएं हैं। भारत में 27 राज्य हैं। हो सकता है कि मैं एक राज्य में सेब उगा रहा हूं, जो मुझे सेब क्षेत्र को खोलने की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने कहा कि ईयू सदस्य देशों की प्रति व्यक्ति आय भारतीय राज्यों की तुलना में अधिक है। वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए व्यापार, निवेश तथा गहन रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। गोयल ने कहा कि यदि हम इन बातों का सम्मान करें तो एफटीए बेहद सम्मानजनक, सराहनीय तरीके से और तेजी से किया जा सकता है। पहले जो बात आती है वह यूरोपीय संघ के 27 देशों और भारत के मेरे 27 राज्यों के बीच की संवेदनशीलता है।

# पांचवें दिन सेंसेक्स 663 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी**

- **निफ्टी में भी आई बड़ी गिरावट 24,200 के नीचे पहुंचा**

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का क्रम पांचवे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 663 अंक गिरकर 80,000 के नीचे आ गया जबकि निफ्टी 24,200 के नीचे फिसल गया। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी पूंजी निकासी और कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीदों के अनुरूप न होने से बिकवाली का दबाव गिरावट की वजह रहे।

इस पूरे सप्ताह सभी पांचों दिन बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 1,822.46 अंक यानी 2.24% और निफ्टी में 673.25 अंक यानी 2.70% की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार बिकवाली से गिरावट पर हैं। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों के खरीदारी से दबाव कम रहा।

### निवेशकों की संपत्ति 6.80 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गिरावट से शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति 6.80 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,80,383.26 करोड़ रुपये घटकर 4,36,98,921.66 करोड़ रुपये (5.20 लाख करोड़ डॉलर) पर रहा।



## एक नजर

### पूर्व एडीएम की मौत की जांच को एसआईटी गठित

**कन्नूर।** केरल पुलिस ने कन्नूर के पूर्व एडीएम नवीन बाबू की आत्महत्या की जांच को शुक्रवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। नवीन की मौत से केरल में राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ माकपा पर नवीन की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच के लिए कन्नूर के जिला पुलिस प्रमुख अजीत कुमार की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया है।

### सुकमा मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, कई घायल

**सुकमा (बस्तर)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के बुर्कलंका इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों में जारी मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया जबकि कई घायल हैं। एसपी किरण चौहान ने बताया कि मौके से हथियार और शव बरामद हुआ है। उन्होंने दावा किया कि इस मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों को गोली लगी है। सुबह से ही रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है।

### आबकारी मामला : व्यवसायी ढल को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार में व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल को शुक्रवार को जमानत देते हुए कहा कि वह एक वर्ष से अधिक समय से जेल में हैं और मुकदमा जल्द समाप्त होने की संभावना नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सीबीआई को 300 गवाहों से पूछताछ करनी है और सुनवाई अभी शुरू नहीं हुई है।

### सिद्दीकी हत्याकांड : लुधियाना से एक और गिरफ्तारी

**मुंबई।** पुलिस ने राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में लुधियाना से एक और गिरफ्तारी हुई है। मामले में पुलिस अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुजीत सुशील सिंह (32) को मुंबई पुलिस ने पंजाब शहर से गिरफ्तार किया और उसे महानगर लाया जा रहा है।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मार की आत्महत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुरक्षा कर्मियों की आए दिन आत्महत्या ने सरकार के सामने भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि जवान ड्यूटी पर था, तभी उसने खुद को गोली मार ली।

# चक्रवात दाना से बंगाल में नहीं हुई ज्यादा तबाही

## तूफान के गुजरने के बाद भी सरकार हाई अलर्ट पर, अम्फान-बुलबुल ने मचाई थी भारी तबाही

**कोलकाता, एजेंसी**

इस बार भीषण चक्रवात दाना से पश्चिम बंगाल में अम्फान और बुलबुल जैसे पिछले तूफानों जैसी बड़े पैमाने पर तबाही तो नहीं हुई लेकिन उसके कारण तटबंध टूट गए और मूसलाधार बारिश हुई, जिससे दक्षिणी क्षेत्रों में संपत्ति का काफी नुकसान हुआ और शुक्रवार सुबह तूफान के गुजर जाने के बाद भी प्रशासन हाई अलर्ट' पर रहा।

प्रशासनिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि तूफान के बाद व्यक्ति की मौत हो गई, हालांकि प्रशासन ने निचले इलाकों से 2.16 लाख लोगों को पहले ही निकाल लिया था। बनर्जी ने स्थिति पर नजर रखने के लिए रात राज्य सचिवालय में बिताया और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि चक्रवात से प्रभावित सभी लोगों तक राहत सामग्री पहुंचे। बनर्जी ने कहा, व्यक्ति की घर पर केबल से संबंधित कुछ काम करते समय मौत हो गयी। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ 48 घंटे तक तैनाती क्षेत्रों में रहें। पूर्वी मेदिनीपुर में 350-400 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए, साथ ही 250 पेड़ उखड़ गए और बिजली के 175 खंभे गिर गए। दक्षिण 24 परगना में समुद्री पानी की वजह से मिट्टी के तटबंध टूट गए हैं।



चक्रवात के कारण हुई बारिश के बाद कोलकाता में सड़कों पर भरा पानी।

### ओडिशा में लोगों ने राहत की सांस ली

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा का तटीय जिला केंद्रपाड़ा शुक्रवार को भीषण चक्रवाती तूफान से ज्यादा प्रभावित होने से बच गया, जिससे यहां के लोगों ने राहत की सांस ली। केंद्रपाड़ा के जिलाधिकारी स्मृति रंजन प्रधान ने कहा, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### झारखंड में बारिश

**रांची।** तूफान के प्रभाव से शुक्रवार को झारखंड के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। झारखंड के कोल्हान क्षेत्र में पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिलों में गुरुवार रात से हल्की से मध्यम बारिश हो रही है, जबकि अन्य हिस्सों में बादल छाए हुए हैं और रुक-रुक कर बूंदाबांदी हो रही है।

# बंटवारे का बदला ले रहा पाकिस्तान : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बारामूला आतंकी हमले के लिए सीधे पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को कहा पड़ोसी देश बटवारे के समय उसके साथ न जाने का हमसे बदला ले रहा है। डॉ अब्दुल्ला ने पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले कराने से बाज आने की अपील करते हुए कहा कि उसे पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का भान होना चाहिए, जो वहां बर्बादी का कारण बना है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने 30 वर्षों से कश्मीर में आतंकी हमले होते देखे हैं, ये अब भी हो रहे हैं। राज्यपाल के शासन के दौरान भी हो रहे थे और अब भी हो रहे हैं।

# हरियाणा विधानसभा : सैनी सहित मंत्रिपरिषद ने दोबारा ली शपथ

**चंडीगढ़, एजेंसी**

17अक्टूबर को शपथ लेने के बाद हरियाण के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन के पहले दिन मंत्रिपरिषद के सदस्यों और मंत्रियों के साथ दोबारा शपथ ली। इस दौरान भाजपा विधायक हरविंदर कल्याण शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष और कृष्ण लाल मिड्ढा को उपाध्यक्ष चुना गया।

कल्याण घरौंडा से तीन बार के विधायक हैं। प्रोटेम स्पीकर एवं कांग्रेस नेता रघुवीर सिंह कादियान ने 90 सदस्यीय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। कल्याण के अध्यक्ष पद संभालने पर मुख्यमंत्री सहित भूपेंद्र सिंह हुड्डा, आदित्य देवी लाल व अर्जुन चौटाला ने बधाई दी। वहीं सैनी और अन्य विधायकों ने 15वीं विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। मंत्रिपरिषद के सदस्य अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, अरविंद शर्मा और श्याम सिंह राणा को प्रोटेम स्पीकर ने शपथ ली। मंत्रियों में रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी, आरती सिंह राव, राजेश नागर और गौरव गौतम को शपथ दिलायी गयी।



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष का कार्यभार संभालने पर हरविंदर कल्याण का अभिनंदन करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

# मानहानि : संजय राउत को मिली जमानत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत को सत्र अदालत ने शुक्रवार को जमानत दे दी। उन्होंने भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया की ओर से दायर मानहानि के मामले में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती दी थी। राउत ने दोषसिद्धि और मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा दी गई 15 दिन की जेल की सजा के खिलाफ सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की है। राज्यसभा सदस्य शुक्रवार को अदालत में पेश हुए और जमानत दिये जाने का अनुरोध किया। अदालत ने उन्हें 50,000 रुपये के बॉण्ड पर जमानत दी।

# केरल: विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप, एलडीएफ का इनकार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में प्रकाशित खबरों ने राजनीतिक विवाद पैदा कर दिया है, जिसके तहत शरद पवार नीत राकांपा (एसपी) के विधायक ने दो विधायकों को अजित पवार नीत राकांपा में शामिल होने के बदले 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। अजित पवार नीत राकांपा इस समय भाजपा के साथ गठबंधन में हैं। केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने आरोपों से इनकार किया है और कहा कि मामले की जांच होगी। राज्य मंत्री के कृष्णाकुट्टी (जदएस), एके शशिंद्रन (राकांपा) और केबी गणेश कुमार (कांग्रेस बी) ने ऐसे किसी घटना से इनकार किया है। भाकपा के राज्य सचिव विनय विश्वम ने कहा कि इन आरोपों की जांच होगी। प्रकाशित खबरों के अनुसार मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राकांपा (एसपी) विधायक थॉमस को मंत्रिमंडल में नहीं लिया क्योंकि उन्हें शिकायत मिली थी कि थॉमस ने एलडीएफ के दो विधायकों को पाला बदलने के लिए 50-50 करोड़ देने की पेशकश की थी।

# सीईसी ने की महाराष्ट्र के लिए प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **शेष 33 सीट आपस में तथा छोटे दलों में बांटने पर कर रहे विचार**

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर शुक्रवार को चर्चा की। पार्टी मुख्यालय में सीईसी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी रमेश चेन्निथला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नाना पटोले और महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस ने गुरुवार को 48 नामों की पहली सूची जारी की थी। कई दिनों के गतिरोध के बाद, महा विकास आघाडी (एमवीए) की ओर से 85-85 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की गई थी, जबकि अंतिम समझौते पर मुहर लगाने के लिए विचार-विमर्श जारी है। तीनों दल शेष 33 सीट आपस में तथा छोटे दलों में बांटने पर विचार कर रहे हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को संकेत दिया था कि एमवीए के सहयोगी दल आपस में कुछ सीट की अदला-बदली कर सकते हैं।

# बढ़ती महंगाई ने लोगों से दुकान मकान और स्वाभिमान छीना

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि घटती आमदनी और बढ़ती महंगाई ने लोगों से दुकान, मकान और स्वाभिमान तक छीन लिया। राहुल गांधी ने दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में सैलून पर दाढ़ी कटवाई। उन्होंने सैलून के मालिक अजीत के साथ बातचीत का संक्षिप्त एक्स पर साझा किया। राहुल ने कहा कि कुछ नहीं बचता है! अजीत भाई के ये चार शब्द और उनके आंसू आज भारत के हर गरीब और मध्यमवर्गीय की कहानी बयां कर रहे हैं। नाई, मोची, कुम्हार, बढ़ई घटती आमदनी और बढ़ती महंगाई ने कामगारों से दुकान, मकान और स्वाभिमान तक के अरमान छीन लिए हैं। आज की ज़रूरत है ऐसे उपाय और योजनाएं, जो आमदनी में बढ़त और घरों में बचत लाएं।



# मधु कोड़ा की दोषसिद्धि पर रोक वाली याचिका न्यायालय ने की खारिज

**कोयला घोटाला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कोयला घोटाला मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध किया था ताकि वह विधानसभा चुनाव लड़ सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के 18 अक्टूबर के आदेश में हस्तक्षेप से मना कर दिया, जिसमें उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार किया गया था। उनकी दोषसिद्धि से संबंधित आदेश 2017 में जारी हुआ था।

# गुजरात विस उपचुनाव : भाजपा और कांग्रेस ने उतारे उम्मीदवार

**बनासकांठा।** गुजरात के बनासकांठा जिले की वाव विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार घोषित किए। कांग्रेस ने गुलाब सिंह राजपूत को, जबकि भाजपा ने स्वरूपजी सरदारजी ठाकोर को उम्मीदवार बनाया है। घोषणा के बाद राजपूत और ठाकोर ने नामांकन किए। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान व 23 को मतगणना होगी। इंडिया गठबंधन में शामिल आप ने कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की है। जून में बनासकांठा से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने पर तत्कालीन कांग्रेस विधायक गेनीबेन ठाकोर के इस्तीफे के बाद वाव सीट रिक्त हुई है।

# पति के साथ पिकनिक पर गई महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**रीवा, एजेंसी**

- **पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो अन्य फरार**

मध्यप्रदेश के रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र स्थित भैरव बाबा क्षेत्र में पति के साथ पिकनिक पर गई महिला से सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। 21 अक्टूबर को नवदंपति पिकनिक मनाने के लिए भैरव बाबा क्षेत्र में गया था। वहां पहले से मौजूद बदमाशों ने पति को बंधक बनाकर पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के आरोपियों ने पुलिस से शिकायत नहीं करने की धमकी दी थी। आरोपियों ने महिला का वीडियो भी बनाया था, जिसे वायरल करने की धमकी दे रहे थे। घटना के एक दिन बाद नवदंपति थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने इस मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# उज्जैन में एसयूवी व तेल टैंकर भिड़े, चार की मौत

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में शुक्रवार को एसयूवी और तेल टैंकर की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। खाचरौद पुलिस थाने के अधिकारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि एसयूवी सवार तीर्थयात्रा के बाद राजस्थान के अजमेर से इंदौर लौट रहे थे तभी हादसा हुआ। यह घटना जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर जावरा-नागदा रोड पर बेडावन्या गांव के पास हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। घायलों को उपचार के लिए इंदौर ले जाया गया।

# मुस्लिम पूजा स्थलों के अवैध ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति का आदेश देने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के गिर सोमनाथ में मुस्लिम पूजा स्थलों और अन्य संरचनाओं के कथित अवैध ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और के वी विश्वनाथन की पीठ यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में थी। सुनवाई आगे बढ़ने पर पीठ ने कहा कि इस स्तर पर ऐसे किसी आदेश की जरूरत नहीं है। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शुरुआत में कहा कि ये संपत्तियां वक्फ की जमीन पर हैं और राज्य को निर्देश देना चाहिए कि वह तीसरे पक्ष का अधिकार पैदा नहीं करे। गुजरात सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता औलिया-ए-दीन कमेटी के नाम पर कुछ भी नहीं है और यह सरकारी जमीन है।

### जहां ध्वस्तीकरण हुआ है, वह हमारे कब्जे में रहेगी: राज्य सरकार

**नई दिल्ली।** गुजरात सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि गिर सोमनाथ में जिस भूमि पर मुस्लिम धार्मिक ढांचों को ढहाया गया है, वह उसके पास ही रहेगी और किसी तीसरे पक्ष को आवंटित नहीं की जाएगी।

# जोहोर कप : भारत-न्यूजीलैंड ने खेला ड्रॉ

**जोहोर बाहरू (मलेशिया), एजेंसी**



• सुल्तान जोहोर कप में अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर भारतीय टीम

मैच के दौरान अपने गोलपोस्ट पर तैनात भारतीय टीम। • एजेंसी

न्यूजीलैंड के खिलाफ सुल्तान जोहोर कप में शुक्रवार को खेले गए राउंड रॉबिन मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 से ड्रॉ खेला। गुरजोत सिंह (छठा मिनट), रोहित (17वां) और टी प्रियब्रत (60वां) ने भारत के लिए गोल किये जबकि ड्रैग फ्लिकर जोंटी एल्मेस (17वां, 32वां और 45वां मिनट) ने न्यूजीलैंड के लिए हैट्रिक लगाई। भारत अंकतालिका में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

फाइनल में पहुंचने पर फैसला ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के क्रमशः जापान और मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैचों के आधार पर होगा। भारत ने दमदार शुरूआत की और छठे ही मिनट में गुरजोत ने गोल किया। दो मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। इस बीच न्यूजीलैंड ने पलटवार पर हमले किए लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। न्यूजीलैंड के लिए पहला गोल 17वें मिनट में एल्मेस ने दागा। भारत ने इसी मिनट में रोहित के गोल के दम पर फिर बढत बना ली। भारत ने दूसरे क्वार्टर में कई पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन सफलता नहीं मिली। न्यूजीलैंड के लिए तीसरे क्वार्टर में एल्मेस ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। उन्होंने ही 45वें मिनट में एक और गोल करके न्यूजीलैंड की बढत 3-2 की कर दी। भारत ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका गंवाया। भारत को आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर वैरिएशन आजमाया गया और प्रियब्रत ने गोल दागा।

## स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे तेंदुलकर

**कोच्चि।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे जिसमें 8,000 से अधिक धावक भाग लेंगे।



स्पर्धा में तीन वर्ग फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर) और फन रन (पांच किलोमीटर) होंगे। फुल मैराथन के लिए 600 प्रविष्टियां मिली हैं। तेंदुलकर ने कहा एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन की मेरे दिल में खास जगह है। मैंने हमेशा से भारत के खेल राष्ट्र बनने का सपना देखा है जिसमें युवा और बुजुर्ग खेलकूद में बढ़-चढकर हिस्सा लें और इस तरह के आयोजन की सफलता इसी की बानगी देती है।

# विश्व चैंपियनशिप से हटने के बाद पहलवानों ने खेल मंत्री से लगाई गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के उसके कामकाज में सरकारी हस्तक्षेप का हवाला देकर आगामी विश्व चैंपियनशिप से हटने के फैसले से प्रभावित पहलवानों ने शुक्रवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया से इस मामले को सुलझाने की मांग की।

डब्ल्यूएफआई के फैसले से प्रभावित 12 पहलवान मंत्री के आवास पर पहुंचे और उनसे हस्तक्षेप करने के लिए कहा। इनमें से कुछ पहलवानों के माता-पिता भी उनके साथ थे।



• पहलवानों ने अदालत जाने में कर दी देरी, बोले- विश्वास है मांडविया हमारी बात सुनेंगे

12 गैर ओलंपिक वर्ग की विश्व चैंपियनशिप 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में होनी है। अब जबकि इस प्रतियोगिता के शुरू होने में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब पहलवानों ने अदालत में याचिका भी दायर करने की कोशिश की लेकिन उन्हें वहां पहुंचने में देर हो गई।

मनीषा भानवाला (65 किग्रा) ने कहा हम खेल मंत्री के आवास पर आए हैं। हमें विश्वास है कि वह हमारी बात को सुनेंगे। हमारी क्या गलती है जो हमें इतनी बड़ी प्रतियोगिता में खेलने से वंचित किया जा रहा है। डब्ल्यूएफआई ने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया था। उसने कुश्ती की विश्व संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को बताया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है।

## खेल डायरी

### वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक रन जोड़ कर गवांए आठ विकेट

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम तस्मानिया के खिलाफ हुए मुकाबले में मात्र एक रन जोड़ने के साथ ही अपने आठ विकेट गवां कर विकेटों के पतन का नया रिकार्ड बना दिया है। वाका के मैदान पर खेले गए इस मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम 20.1 में मात्र 53 रन बना कर ऑलआउट हो गई। तस्मानिया की ओर से बो वेबस्टर ने अपने छह ओवर के स्पेल में 17 रन देकर छह विकेट लिए, वहीं वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के छह बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक समय 16 ओवर में 52 रन पर दो विकेट गंवाए थे, लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह ऐतिहासिक था। 28 गेंदों के अंदर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट खो दिए। इस दौरान मात्र एक रन बना वह भी वाइड के जरिए आया। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया 53 रनों पर ऑल आउट हो गई और बल्लेबाजी क्रम में 5, 6, 7, 8,



9, 10 और 11 नंबर के बल्लेबाजों में से कोई भी रन नहीं बना सका। इसके जवाब में तस्मानिया ने इस छोटे लक्ष्य को मात्र 8.3 ओवरों में हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण बोनस अंक भी हासिल किया। यह एकदिवसीय कप के इतिहास में दूसरा सबसे छोटा स्कोर था। इससे पहले वर्ष 2003 में होबार्ट में तस्मानिया के खिलाफ ही साउथ ऑस्ट्रेलिया 51 रन बना कर ऑलआउट हो गई थी।

### खो-खो विश्व कप में अमेरिका सहित 24 देश लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और अमेरिका समेत 24 देश यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम पर 13 से 19 जनवरी तक होने वाले खोखो विश्व कप में भाग लेंगे। चैंपियनशिप में अफ्रीका के घाना, कीनिया, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा जैसे देश होंगे तो एशिया से भारत, बांग्लादेश, भूटान, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका नजर आएंगे। यूरोप से इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और पोलैंड जबकि उत्तरी अमेरिका से कनाडा और अमेरिका, दक्षिण अमेरिका से ब्राजील और पेरू, ओशियाना से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड खेलेंगे। टूर्नामेंट महिला और पुरूष वर्ग में होगा और दोनों में 16-16 टीमें भाग लेंगी। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा इस ऐतिहासिक चैंपियनशिप से खो-खो घरेलू खेल से वैश्विक बन जाएगा। भारत इस क्रांति का अगुआ होगा और वैश्विक खेलों के इकोसिस्टम में खो-खो को जगह दिलाने के लिए यह विश्व कप अहम रहेगा।

### लिम-शिमट ने मुखर्जी और बालू की जोड़ी को हराया

**नई दिल्ली।** सारा जेन लिम और एमिलिया शिमट ने डीएलटीए स्टेडियम में पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैंपियनशिप के दूसरे क्वार्टरफाइनल में भारत की अमृता मुखर्जी और शर्मदा बालू को 11-1, 11-2 से पराजित किया। लिम और शिमट की जोड़ी ने शुरू से दबदबा बनाते हुए जीत दर्ज की। उनकी तकनीकी श्रेष्ठता और स्मैश का भारतीय जोड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। पिकलबॉल विश्व रैंकिंग नयी दिल्ली में पीडब्ल्यूआर विश्व टूर की पीडब्ल्यूआर700 स्पर्धा पर पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स की मेजबानी कर रहा है।

### 50 से अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट का मेजबान नामीबिया

**विंडहोक (नामीबिया)।** नामीबिया का वेटरन्स क्रिकेट एसोसिएशन 50 से अधिक आयु वर्ग के अफ्रीका कप टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। क्रिकेट नामीबिया ने एक बयान जारी टूर्नामेंट के आयोजान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि इस प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट से देश में क्रिकेट की गुणवत्ता में सुधार होगा। राजधानी विंडहोक में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में 17 से 21 नवंबर तक 45 ओवर के आठ मैच खेलेंगे जायेंगे। इस टूर्नामेंट में मेजबान नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका ए टीम हिस्सा लेगी। टूर्नामेंट के सभी मैच एफएनबी नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड, वांडरर्स स्पोर्ट्स क्लब और यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित किए जाएंगे। इस बीच नामीबिया ने 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें डेवी हार्टजेनबर्ग कप्तान और क्रिस फ्रीमैन कोच होंगे।

## सेंटनेर ने झटके सात विकेट, 156 रन ही बना सकी टीम इंडिया, न्यूजीलैंड को 301 रन की बढ़त

# फिरकी में फंसकर ढह गई भारतीय टीम



मिशेल सेंटनेर
7 विकेट
53 रन
19 ओवर

**पुणे, एजेंसी**

बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी कलई खुल गई और दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने 301 रन की मजबूत बढ़त बना ली। मिचेल सेंटनेर के सात विकेट के बाद टॉम लाथम (86) ने बल्ले से कमाल करते हुए न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 198 रन तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड को पहली पारी में 103 रन की बढ़त मिली थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स सात रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के लिये एकमात्र अच्छी बात वॉशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन रही जिन्होंने मैच में 11 विकेट ले लिए हैं।

न्यूजीलैंड की नजरें भारत में ऐतिहासिक श्रृंखला की जीत पर लगी हैं। पहली बार न्यूजीलैंड ने 1955-56 के दौरे पर यहां श्रृंखला जीती थी। भारतीय बल्लेबाजों को इस पिच पर खेलने में दिक्कत आ रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने आराम से खेला। बेंगलुरू में पिछले टेस्ट में घरेलू मैच में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर सिमटने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 36 साल में पहली बार अपने देश में टेस्ट हारी थी। भारत ने इंग्लैंड से 2012-13 सत्र में हारने के बाद अपनी सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारतीय टीम पहली पारी में 45.3 ओवर में 156 रन पर आउट हो गई। भारत ने सुबह के सत्र में छह विकेट 91 रन के भीतर गंवाए और ऐसा लग रहा था कि इस पिच पर बल्लेबाजी मुश्किल है लेकिन कीवी टीम ने इस धारणा को बदल दिया। कप्तान लाथम ने भारतीय स्पिनरों को आसानी से खेला। वह 133 गेंद में दस चौकों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुए।

भारत के लिये सुंदर ने पहली पारी में सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में चार विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनेर ने 53 रन देकर सात विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत के स्टार बल्लेबाज सेंटनेर से मिली चुनौती का सामना नहीं कर सके जिससे न्यूजीलैंड ने मेजबान टीम को पहली पारी में 45.3 ओवर में 156 रन पर आउट करके 103 रन की बढ़त ले ली। बाएं हाथ के स्पिनर सेंटनेर ने 19.3 ओवर में 53 रन देकर सात विकेट लिए जबकि ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स को दो विकेट मिले।



• ऐतिहासिक श्रृंखला जीतने पर टिकी है न्यूजीलैंड की नजर



अर्धशतक के बाद अभिवादन करते टॉम लैथम, विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। • एजेंसी

### हमें पहली पारी में रन जुटाने की जरूरत : भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्कल

**पुणे।** गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्वीकार किया कि पहली पारी में बल्लेबाजों की रन बनाने में लगातार असफलता टीम को महंगी पड़ रही है जिससे भारत पर 2012-13 के बाद से घरेलू मैदान पर पहली टेस्ट श्रृंखला गंवाने का खतरा मंडरा रहा है। मोर्कल ने मैच के बाद कहा मुझे बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कभी भी टकराव पसंद नहीं है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में आपको पहली पारी में रन बनाने की जरूरत होती है। अगर हम दबदबा बनाते हैं तो अच्छा रहता है लेकिन हम ऐसा करने में कामयाब नहीं हुए हैं। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप में विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से वे अपनी प्रक्रिया में लगे हैं और वे जानते हैं कि इन चीजों से कैसे निपटना है। मोर्कल ने दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड (पहली पारी) 259/10**

**भारत (पहली पारी) 156/10 (45.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का मिचेल बो फिलिप्स | 30 | 60 | 1/4 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 0 | 9 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो सेंटनेर | 30 | 72 | 2/1 |
| विराट कोहली बो सेंटनेर | 1 | 9 | 0/0 |
| ऋषभ पंत बो फिलिप्स | 18 | 19 | 2/0 |
| सरफराज का ओ रोउर्के बो सेंटनेर | 11 | 24 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो सेंटनेर | 38 | 46 | 3/2 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो सेंटनेर | 4 | 5 | 0/0 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 18 | 21 | 2/1 |
| आकाश दीप बो सेंटनेर | 6 | 5 | 0/1 |
| जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो सेंटनेर | 0 | 3 | 0/0 |

अतिरिक्त : 0, गेंदबाजी : साउदी 6-1-18-1, ओ राउर्के 3-2-5-0, पटेल 11-1-54-0, सेंटनेर 19.3-1-53-7, फिलिप्स 6-0-26-2

**न्यूजीलैंड (दूसरी पारी) 198/5 (53 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लैथम पगबाधा बो सुंदर | 86 | 133 | 10/0 |
| डेवोन कोनवे पगबाधा बो सुंदर | 17 | 25 | 2/0 |
| विल यंग पगबाधा बो अश्विन | 23 | 28 | 2/0 |
| रचिन रविंद्र बो सुंदर | 9 | 13 | 1/0 |
| डेरिल मिचेल का जायसवाल बो सुंदर | 18 | 23 | 2/0 |
| टॉम ब्लंडेल नाबाद | 30 | 70 | 2/0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 9 | 29 | 1/0 |

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : अश्विन 17-1-64-1, सुंदर 19-0-56-4, रविंद्र जडेजा 11-1-50-0, बुमराह 6-1-25-0

**अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर**

## भारतीय फुटबॉल टीम ने तुर्कमेनिस्तान को हराया

**चोनबुरी (थाईलैंड)।** ऋषि सिंह के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर में तुर्कमेनिस्तान को 1-0 से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

ऋषि ने 44वें मिनट में गोल किया जो इस करीबी मुकाबले में आखिर में निर्णायक साबित हुआ। भारत के अब दो मैचों में छह अंक हैं। वह रविवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में मेजबान थाईलैंड का सामना करेगा। भारत ने अपने पहले मैच में ब्रुनेई दारुस्सलाम को 13-0 से हराया था।

# 2018-19 में मिली हार ज्यादा दुखदायी : कमिंस

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि भारत के हाथों 2018-19 की टेस्ट श्रृंखला में मिली हार 2020-21 में उनकी कप्तानी में मिली हार से अधिक दुखदायी थी। विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था। कोहली और चेतेश्वर पुजारा उस जीत के सूत्रधार रहे थे। वहीं 2020-21 में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2 . 1 से जीती।

भारत ने 32 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ गाबा पर हराया। कमिंस ने ग्रेड क्रिकेटर पॉडकास्ट में कहा मुझे लगता है कि 2018-19 की हार सबसे बुरी थी क्योंकि हम हर विभाग में कमतर साबित हुए थे। 2020-21 में तो हमने कड़ी चुनौती दी थी। भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने जा रहे कमिंस ने कहा कि वह हरी भरी पिचों पर भारत का स्वागत करना चाहेंगे। अगर मेरी चले तो मैं हरी भरी पिच बनवाना चाहूंगा लेकिन पिच की तैयारी में मेरी कोई भूमिका नहीं है। डेविड वॉर्नर ने संन्यास का फैसला वापिस लेने का प्रस्ताव रखा है लेकिन कमिंस ने संकेत दिया कि उनकी टीम आगे बढ़ चुकी है। डेव हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। हम बात करेंगे। हम सभी वॉर्नर से प्यार करते हैं लेकिन अब वह रिटायर हो चुका है...सॉरी।



• ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बोले- मेरी चले तो मैं हरी-भरी पिच पर करूंगा भारत का स्वागत

## डेविड वॉर्नर की कप्तानी पर लगा प्रतिबंध हटाया

**सिडनी।** डेविड वॉर्नर की कप्तानी पर लगाया आजीवन प्रतिबंध क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हटा दिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुका यह बल्लेबाज टी-20 बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की कप्तानी कर सकेगा।

वॉर्नर को 2018 में दक्षिण अफ्रीका में सैंडपेपर विवाद के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। उनके खेलने पर भी एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। केपटाउन टेस्ट में गेंद को पीले रेगमाल से घीसते पाये गए गेंदबाज कैमरन बेनक्राफ्ट और स्टीव स्मिथ पर भी पाबंदी लगाई गई थी। तीन सदस्यों की स्वतंत्र समीक्षा समिति ने वॉर्नर पर लगाया प्रतिबंध शुक्रवार को हटा दिया। वॉर्नर इस महीने की शुरूआत में समिति के सामने पेश हुए थे।

## बॉलीवुड हलचल



# द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इस घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनाई जा रही है। द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में विक्रांत मैसी का एक डायलॉग है जिसमें वे कहते हैं, गोधरा का सच खाके बैठ गए, एक दिन देश का बच्चा-बच्चा जवाब मांगेगा तुमसे। टीजर के आखिर में विक्रांत मैसी का कोर्ट रुम में एक सीन है जिसमें वे कहते हैं, हमारा देश विश्व की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है जज साहब, आज का हिंदुस्तान जवाब देना भी जानता है और सवाल पूछना भी जानता है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी।

### द राजा साब के मोशन पोस्टर ने बनाया नया रिकॉर्ड, मिले 8.3 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म द राजा साब के मोशन पोस्टर ने 24 घंटे में 8.3 मिलियन से ज्यादा व्यूज के साथ नया रिकॉर्ड बनाया है। द राजा साब के निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास का एक बेहतरीन मोशन पोस्टर रिलीज किया। सिंहासन पर बैठे एक शाही राजा की पोशाक पहने, हाथ में सिगार लिए, प्रभास एक शक्तिशाली, आभा बिखेरते हैं। मोशन पोस्टर ने सिर्फ 24 घंटे में अविश्वसनीय 8.3 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर लिए। मारुति द्वारा निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित, थमन एस के संगीत के साथ, फिल्म द राजा साब, 10 अप्रैल, 2025 को पांच भाषाओं तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।




### अच्छे सिनेमा को सुलभ कराना चाहता हूं : मनोज बाजपेयी

**मुंबई।** बड़े बजट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों की पृष्ठभूमि में अभिनेता मनोज बाजपेयी का कहना है कि उनका एकमात्र उद्देश्य अच्छे सिनेमा को सभी के लिए सुलभ बनाना है। अभिनेता की हालिया फिल्मों डिस्पैच और द फैबल को मामी फिल्म महोत्सव 2024 में सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं, जिससे उनकी यह धारणा मजबूत हुई कि ऐसी कहानियों को मुख्यधारा की फिल्मों के साथ कामयाबी मिल सकती है। बाजपेयी ने स्वतंत्र फिल्मों के संदर्भ में कहा मेरे लिए, यह सिनेमा है। सिनेमा कला का एक माध्यम है, सिनेमा ध्वनि है, वीएफएक्स है, और बहुत सारे पहलू जुड़ रहे हैं। यह नए पहलू न सिर्फ मनोरंजन के लिए जुड़ रहे है, बल्कि विभिन्न कहानियों की गहराई में उतरकर इसे कुशलता और कलात्मक रूप से पेश करने के लिए भी जुड़ रहे हैं। यदि आप मनोरंजन करना चाहते हैं, तो कलात्मक रूप से मनोरंजन करें। फिल्मों को सुलभ बनाया जाए। जोराम, डिस्पैच और द फैबल ने ऐसा ही किया है। मुझे नहीं पता कि दर्शक थिएटर में आएंगे या नहीं, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसा हो। आप फिल्में बनाते हैं, यह सोचकर कि लोग उन्हें देखेंगे। सुलभता महत्वपूर्ण है और अधिक से अधिक दर्शकों को अच्छे सिनेमा की ओर आकर्षित करना अहम है। यही मकसद होना चाहिए। मामी फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में, द फैबल को विशेष जूरी पुरस्कार प्रदान किया गया।



# सऊद शकील की शतकीय पारी से पाकिस्तान ने बनाई मैच पर पकड़

**रावपिंडी, एजेंसी**

सऊद शकील (134), साजिद खान (48) और नोमान अली (45) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 344 के स्कोर के साथ ही इंग्लैंड के दूसरी पारी में 24 के स्कोर पर तीन विकेट झटकर मैच पर अपना पकड़ बना ली है।

पाकिस्तान ने आज तीन विकेट पर 73 रन से आगे खेलना शुरु किया। शोएब बशीर ने कप्तान शान मसूद (26) को आउट कर इंग्लैंड को दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (25) को रेहान अहमद ने पवेलियन भेज दिया। आगा सलमान (1), आमेर जमाल (14) को भी रेहान ने अपना शिकार बनाया। ऐसे संकट के समय नोमान अली (45) ने सऊद शकील के साथ आठवें विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान को संकट से उबारने का काम किया। नोमान अली को शोएब बशीर ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए साजिद खान भी पिच पर जमे रहे। गस ऐटकिंसन ने सऊद शकील (134) को आउट किया। साजिद खान (48) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने 344 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 77 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 24 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। दिन का खेल समाप्त होने के समय जो रूट (पांच) और हैरी ब्रूक (तीन) रन बनाकर क्रीज पर थे। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने दो और साजिद खान ने एक विकेट लिया।




• दूसरी पारी में इंग्लैंड ने तीन विकेट खोकर बनाए 24 रन, 344 रन पर सिमटी पाकिस्तान की पहली पारी

शतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते सऊद शकील • एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तान में हमला, 10 सुरक्षा कर्मी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक चौकी पर हमला कर दिया जिसमें 10 जवान मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि डेरा इस्माइल खान जिले के दाराबान इलाके में जांच चौकी पर गुरुवार को हमले के बाद हुई मुठभेड़ में सुरक्षाकर्मी मारे गए। अधिकारी के अनुसार, हमले के तुरंत बाद जवानों की एक टुकड़ी मौके पर पहुंची और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हमले में 10 जवानों ने अपनी जान गंवा दी।

### मोहम्मदी को छह महीने और कारावास की सजा

**दुबई।** ईरान के अधिकारियों ने जेल में बंद एवं नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित नर्गिस मोहम्मदी को छह महीने और कारावास की सजा सुनाई है। उनके समर्थन में अभियान चला रहे समूह ने यह जानकारी दी। 'फ्री नर्गिस कोअलिशन' ने जारी बयान में बताया कि मोहम्मदी को 19 अक्टूबर को 'अवज्ञा एवं आदेशों का विरोध' करने के आरोप में छह महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। बयान के मुताबिक मोहम्मदी को यह सजा छह अगस्त को इविन कारागार में एक अन्य राजनीतिक महिला कार्यकर्ता को मृत्युदंड की सजा देने के खिलाफ प्रदर्शन करने पर दी गई है।

### अमेरिका ने हैती से अपने 20 कर्मचारियों को निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने हैती में बढ़ती हिंसा और गिरोहों की गतिविधियों के बीच से अपने दूतावास के 20 कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया है। सीएनएन ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। प्रसारक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के एक हेलिकॉप्टर पर हैती की राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस के ऊपर हवा में भारी गोलाबारी की गई। इस घटना के बाद से अमेरिकी एयरलाइंस के शहर में परिचालन रोकने की आशंका है।

### मेक्सिको में गिरोह संघर्ष में 16 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य गुएरेरो में गुरुवार को एक गिरोह के बीच हुई झड़प में सोलह लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर साझा किए गए निवासियों के पोस्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 4:00 बजे हथियारबंद लोगों का एक समूह कई वाहनों के साथ टेक्पैन डी गैलियाना नगर पालिका में घुस गया और शहर पर नियंत्रण करने और टकराव शुरू करने का प्रयास किया।

### पूरे देश में एक ही दिन मतदान कराने की मांग की

**वाशिंगटन।** उद्योगपति से राजनीतिज्ञ बने विवेक रामास्वामी ने समय पूर्व मतदान का विरोध किया और इस व्यवस्था के बजाय पूरे देश में एक ही दिन मतदान कराने और मतदाताओं की पहचान का सत्यापन करने के लिए पहचान पत्र अनिवार्य करने की मांग की है। अमेरिकी प्रांत एरिजोना में एक चुनावी रैली में रामास्वामी ने कहा, मैं आपके साथ ईमानदार रहूंगा। मुझे समय पूर्व मतदान पसंद नहीं है।

## मालदीव ने भारत के साथ पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं पर की चर्चा

माले, एजेंसी

भारत और मालदीव ने पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं को लेकर चर्चा की है। यह घटनाक्रम मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा नई दिल्ली की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा के दौरान भारत को उनके देश के लिए सबसे बड़े पर्यटन स्रोत बाजारों में से एक बताए जाने और यह उम्मीद जताए जाने के कुछ दिन बाद हुआ है कि अधिक भारतीय पर्यटक द्वीपसमूह राष्ट्र के भ्रमण पर आएंगे।

उनकी यात्रा के दौरान, भारत ने 7 अक्टूबर को इस बात पर जोर दिया था कि मालदीव के साथ उसके मैत्रीपूर्ण संबंध जारी रहेंगे क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू ने व्यापक आर्थिक एवं समुद्री सहयोग के लिए एक खाका पेश किया। यह 2023 के अंत और 2024 की शुरुआत में मुश्किल दौर में पहुंचे संबंधों के फिर से सही दिशा की ओर बढ़ने का संकेत है।

### भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर के साथ हुई बैठक

सरकार संचालित पीएसएम मीडिया ने शुक्रवार को कहा कि मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल ने गुरुवार को मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर के साथ लामू एटोल में बारेसधू और गाधू में पर्यटन विकास के अवसरों पर चर्चा की। फैसल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह महावर के साथ लामू एटोल का एक सार्थक दौरा था, जहां दोनों ने पर्यटन निवेश और विकास के लिए रोमांचक संभावनाएं तलाशने पर विमर्श किया। महावर, फैसल और दोनों पक्षों के अन्य अधिकारियों ने सधू और गाधू का दौरा किया।

## भारतीय छात्रों से चार गुना अधिक शुल्क वसूल रहा कनाडा

### शीर्ष राजनयिक संजय वर्मा ने कहा- कनाडा में पढ़ाई के इच्छुक छात्र सोच-समझकर लें फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शीर्ष राजनयिक का कहना है कि कनाडा में अध्ययन करने की इच्छा रखने वाले भारतीयों को गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद कई छात्र घटिया कॉलेजों में दाखिला ले लेते हैं और उन्हें नौकरी का कोई मौका नहीं मिलता, जिसके परिणामस्वरूप वे अवसादग्रस्त हो जाते हैं और आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होते हैं।

भारत द्वारा कनाडा से वापस बुलाए गए, राजनयिक संजय वर्मा ने इस सप्ताह दिये साक्षात्कार में कहा मेरे कार्यकाल के दौरान एक समय ऐसा भी था जब हर सप्ताह कम से कम दो छात्रों के शव बॉडी बैग में रखकर भारत भेजे जाते थे। उन्होंने कहा, असफल



होने के बाद अपने माता-पिता का सामना करने के बजाय, वे आत्महत्या कर लेते। खालिस्तानी मुद्दे पर कनाडा के साथ बढ़ते कूटनीतिक विवाद के बीच वर्मा इस महीने की शुरुआत में भारत लौट आए थे। वर्मा ने कहा कि अगर कनाडा के साथ उनके रिश्ते अच्छे होते तब भी वह अभिभावकों को यही सलाह देते। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह अपील खुद एक पिता होने के नाते की है। उन्होंने कहा, क्योंकि सप्ताह में एक बार कक्षा होती है, इसलिए वे (सिर्फ) उतना ही पढ़ेंगे और उनका कौशल विकास भी उसी हिसाब से होगा। इसके बाद, मान लीजिए कि कोई छात्र इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा पूरी कर लेता है तो मैं ऐसा ही मानूंगा कि वह इंजीनियर के क्षेत्र में नौकरी करेगा। लेकिन आप देखेंगे कि वह कैब चला रहा है या किसी दुकान पर चाय-समोसा बेच रहा है। अगस्त की शुरुआत में भारत सरकार द्वारा संसद में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, उक्त तिथि तक 2024 में 13,35,878 भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राजनयिक ने कहा कि एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय छात्र एक कनाडाई छात्र द्वारा दिये जाने वाले शुल्क से चार गुना अधिक शुल्क अदा करता है।

### कनाडा ने आतंकवादियों के प्रत्यर्पण संबंधी केवल पांच अनुरोधों का ही किया समाधान

**नई दिल्ली।** कनाडा ने खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण के लिए भारत की ओर से भेजे गए 26 अनुरोधों में से केवल पांच का समाधान किया है और बाकी अब भी अधर में हैं। कनाडा में भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने यह जानकारी दी है। राजनयिक ने इसे निष्क्रियता का परिणाम भी बताया है। कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा ने साक्षात्कार में बताया कि पांच आतंकवादियों के प्रत्यर्पित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि वह न तो नाम का खुलासा करने के लिए अधिकृत हैं, न ही विवरण देने के लिए। वह कुछ दिन पहले ही नई दिल्ली लौटे हैं। भारत ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में हुई हत्या की कनाडाई जांच में रुचि रखने वाले व्यक्ति के तौर पर ओटावा द्वारा नामित किये जाने के बाद वर्मा एवं पांच अन्य भारतीय राजनयिकों को वापस बुला लिया है। निज्जर कनाडाई नागरिक था। कनाडा द्वारा वहां की लगभग आठ लाख की बड़ी सिख आबादी के बीच खालिस्तानी आतंकवादियों को मौन समर्थन दिए जाने के मुद्दे पर द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। भारत ने कनाडा पर खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों को रोकने के लिए कुछ भी नहीं करने का आरोप लगाया है।

# गाजा के खान यूनिस में हमला, 36 की मौत

### दक्षिणी लेबनान में तीन पत्रकार मारे गए, संघर्ष विराम के लिए अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बीच हमले जारी

बेरूत, एजेंसी

इजराइली हमलों में गाजा में 36 लोग और लेबनान में शुक्रवार को तीन पत्रकार मारे गए। गाजा में मारे गए व्यक्तियों में कई बच्चे शामिल हैं। यह हमला गाजा में जरूरी सामान की आपूर्ति की कमी को लेकर बढ़ती चिंता और संघर्षविराम के लिए अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बीच हुआ है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इन लोगों के मारे जाने की सूचना दी और ये दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस में नवीनतम हैं। खान यूनिस में ही हाल के दिनों में लोग शहर की एकमात्र बेकरी के बाहर ब्रेड के लिए पंक्ति में खड़े थे।

ये मौतें अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्वारा यह कहे जाने के एक दिन बाद हुई हैं कि इजराइल ने हमास को 'प्रभावी तरीके से तहस-नहस' करने के अपने मकसद को हासिल कर लिया है। साथ ही उन्होंने दोनों पक्षों से बातचीत फिर से शुरू करने का आग्रह किया था। वहीं दक्षिण-पूर्वी लेबनान में पत्रकारों के एक आवासीय परिसर पर हुए इजराइली हवाई हमले में तीन मीडिया कर्मियों की मौत हो गई। तस्वीरों में अब ध्वस्त इमारतें दिखीं जिन्हें मीडिया इकाइयों ने किराये पर लिया था। इन तस्वीरों में ढही हुई इमारतें और वे कारें धूल और मलबे से ढकी हुई दिखाई दीं जिन पर प्रेस लिखा हुआ था। इजराइली सेना ने हमले से पहले कोई चेतावनी जारी नहीं की थी। समाचार नेटवर्क के प्रतिनिधियों और लेबनानी नेताओं ने इजराइल पर युद्ध अपराध और जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। अल जजीरा अंग्रेजी के वरिष्ठ संवाददाता इमरान खान परिसर में मौजूद पत्रकारों में से एक थे। उन्होंने कहा ये केवल पत्रकार थे जो संघर्ष को काफी लंबे समय तक कवर करने के बाद बिस्तर पर सो रहे थे। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन्हें और उनके दल को कोई चोट नहीं आयी है। बेरूत के अल-मायादीन टीवी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह हमले में मारे गए पत्रकारों में उसके दो कर्मी कैमरा ऑपरेटर गस्सान नजर और प्रसारण तकनीशियन मोहम्मद रिदा भी शामिल हैं। लेबनान के हिजबुल्ला समूह के अल-मनार टीवी ने बताया कि हसबाया क्षेत्र में हुए हवाई हमले में उसके कैमरा ऑपरेटर विसम कासिम मारे गए।



### ईरान ने सेनाओं को इजराइल के साथ युद्ध के लिए तैयार रहने का दिया आदेश

**तेहरान।** ईरान के नेताओं ने अपने सशस्त्र बलों को संभावित इजराइली हमले की स्थिति में युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने कहा कि जवाबी कार्रवाई की सीमा काफी हद तक उन हमलों की गंभीरता और पैमाने पर निर्भर करेगी। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने चार अज्ञात ईरानी अधिकारियों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। अखबार ने गुरुवार को बताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सेना को संभावित इजराइली हमले का जवाब देने के लिए कई योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि अगर इजरायली हमलों में बड़े पैमाने पर विनाश होता है तो ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा।

### अमेरिका फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता के रूप में देगा 13 करोड़ डॉलर

**वाशिंगटन।** अमेरिका फिलिस्तीनी लोगों को 13 करोड़ 50 लाख अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त मानवीय सहायता प्रदान करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को पश्चिम एशिया के अपने दौरे के दौरान इस योजना की घोषणा की। ब्लिंकन ने सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद क्षेत्र की अपनी 11वीं यात्रा के दौरान कतर में यह घोषणा की, जिससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष छिड़ गया है। अमेरिका ने हाल ही में हमास नेता याह्या सिनवार की हत्या के बाद इजराइल से संघर्ष को कम करने का आह्वान किया है।

### संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के एक सदस्य की इजराइली सेना के हमले में गई जान

**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा में फिलिस्तीनी शरणार्थियों की मदद कर रही संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के चालक की इजराइली सेना द्वारा किए गए हमले में मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने संवाददाताओं को बताया कि इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चालक के भाई की भी मौत हो गई और वहां से गुजर रहे तीन अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इजराइल के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत डेनी डेनन ने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र बचाव एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के जिस चालक की मौत हुई है वह हमास कमांडर था।

## चीन के नेता दबंगई दिखाते हुए हैरिस के साथ बच्चे की तरह बर्ताव करेंगे : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- रेडियो मेजबान ह्यूज हेविट के कार्यक्रम में हैरिस पर साधा निशाना



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस व्हाइट हाउस के लिए चुनी जाती हैं तो चीन के नेता उनके साथ एक बच्चे की तरह बर्ताव करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगी हैरिस को निशाना बनाते हुए उन्हें लगातार बचकानी और बच्चे के समान बता रहे हैं। रेडियो मेजबान ह्यूज हेविट के एक कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा, अगर किसी तरह कमला हैरिस जीत भी जाती हैं तो उन्हें शी चिनफिंग से निपटना होगा। इस पर जब हेविट ने उनसे पूछा कि वह (शी) उनके साथ कैसा व्यवहार करेंगे? तो ट्रंप ने कहा, किसी बच्चे की तरह। ट्रंप ने कहा, वह (शी) बहुत जल्द उनसे (हैरिस से) सारी 'कैंडी' ले लेंगे। उन्हें कुछ पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ। यह ऐसा होगा जैसे कोई महान शतरंज मास्टर किसी नौसिखिये के साथ खेल रहा हो। पूर्व राष्ट्रपति का महिलाओं को नीचा दिखाने का भी लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने हैरिस को भी निशाना बनाते हुए उन पर कई व्यक्तिगत हमले किए। उन्होंने हैरिस को आलसी कहा। इस शब्द का इस्तेमाल लंबे समय से अश्वेत लोगों को नस्ली संदर्भ में नीचा दिखाने के लिए किया जाता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के सर्वेक्षण में हैरिस से ट्रंप को मामूली बढ़त

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर जारी एक सर्वेक्षण में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा किए गए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में बताया गया है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप, हैरिस से दो प्रतिशत अंक यानी 47 प्रतिशत से 45 प्रतिशत आगे हैं।

## भारतीय अभिनेता लंदन में रंगमंच अभिनय की करेंगे शुरुआत

**लंदन।** ब्रिटिश भारतीय अभिनेता धर्मेश पटेल मशहूर अमेरिकी निर्माता स्टैनली कुब्रिक की 1960 के दशक की फिल्म डॉ. स्ट्रेंजलव पर आधारित बहुप्रतीक्षित नाटक के जरिए रंगमंच अभिनय में पदार्पण कर रहे हैं। नाटक का लंदन के मशहूर थिएटर वेस्ट एंड में मंचन शुरू होगा। ब्रिटेन में रॉयल शेक्सपियर कंपनी (आरएससी) प्रोडक्शन के साथ काम कर रहे पटेल इसमें लिंकन की भूमिका निभाएंगे। नाटक का निर्देशन लोकप्रिय अभिनेता-हास्य कलाकार स्टीव कूगन कर रहे हैं। पटकथा स्कॉटलैंड के प्रख्यात राजनीतिक व्यंग्यकार अर्मांडो इन्नुची और हास्य कलाकार सीन फोली ने लिखी है।

## 150 साल पुरानी स्कूल नीति के लिए माफी मांगेंगे बाइडन

अमेरिका, एजेंसी

राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह शुक्रवार को मूल जातीय समुदायों के नेटिव अमेरिकी या अमेरिकन इंडियन बच्चों को जबरन बोर्डिंग स्कूलों में भेजने में देश की भूमिका के लिए औपचारिक रूप से माफी मांगेंगे, जहां कई बच्चों का शारीरिक, भावनात्मक और यौन शोषण किया गया और लगभग 1,000 बच्चों की मौत हो गई।

व्हाइट हाउस से एरिजोना के लिए रवाना हुए बाइडन ने कहा, मैं कुछ ऐसा कर रहा हूं जो मुझे बहुत पहले कर लेना चाहिए था। हमें अमेरिकन इंडियन समुदाय से बहुत पहले ही



औपचारिक माफी मांग लेनी चाहिए थी कि हमने इतने सालों तक उनके बच्चों के साथ कैसा व्यवहार किया। न्यू मैक्सिको में पुएब्लो ऑफ लगुना जनजाति की सदस्य गृह मंत्री डेब हालैंड ने कहा, मैंने इतने वर्षों में यह कभी नहीं सोचा था कि इस तरह का कुछ होगा। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

## मनीला में तूफान से 33 की मौत, अधिकतर लोग भूस्खलन में मारे गए

**मनीला।** फिलीपीन में मनीला के दक्षिण में स्थित एक प्रांत में ऊष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण 33 लोगों की मौत हो गई और इनमें से अधिकतर की मौत भूस्खलन के कारण हुई। फिलीपीन के एक प्रांतीय पुलिस प्रमुख ने यह जानकारी दी। बटांगस पुलिस प्रमुख कर्नल जैसिंटो मालिनाओ जूनियर ने बताया कि बटांगस प्रांत में भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुई मौतों के साथ ही 'ट्रामी' तूफान में मारे गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 65 हो गई है। 'ट्रामी' तूफान शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी फिलीपीन में आया था।

## रूस जल्द ही उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती करेगा

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने किया दावा

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने शुक्रवार को दावा किया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस इस सप्ताह के अंत में यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में तैनात करने के लिए तैयार है। पश्चिमी देशों ने चेतावनी दी है कि इस तरह के घटनाक्रम से तीन साल से जारी युद्ध को और बढ़ावा मिलेगा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र तक भू-राजनीतिक परिणाम होंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों ने पता लगाया है कि रविवार और सोमवार के बीच रूस द्वारा उत्तर कोरियाई सेना की पहली टुकड़ी का इस्तेमाल युद्ध क्षेत्रों में किया जाएगा।



उन्होंने टेलीग्राम पर कहा कि यह तैनाती रूस द्वारा स्पष्ट रूप से बढ़ाया गया कदम है। जेलेंस्की ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को कहां भेजा जा सकता है।

## पश्चिमी देशों में अशांति के पीछे रूस का हाथ होने के आरोप बेबुनियाद

**कजान।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान कहा कि रूस पर ये आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं कि कुछ पश्चिमी देशों में अशांति के पीछे उसका हाथ है। पुतिन ने कहा, आज संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पूछा गया कि क्या कुछ पश्चिमी देशों की राजधानियों में अशांति के पीछे हमारा हाथ है, जो पूरी तरह से बेबुनियाद आरोप है। उन्होंने कहा कि रूस टकराव नहीं चाहता है, बल्कि वह अपनी राह पर चल रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अक्टूबर को कजान में आयोजित किया गया।

## तूफान की वजह से अंतरिक्ष में फंसे चार यात्री धरती पर लौटे

केप कैनावेरल, एजेंसी

- पैराशूट से फ्लोरिडा के तट के पास मैक्सिको की खाड़ी में उतरे

बोइंग के कैप्सूल में खराबी आ जाने और तूफान मिल्टन की वजह से करीब आठ महीने अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताने के बाद चार अंतरिक्ष यात्री शुक्रवार को धरती पर लौट आए। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सप्ताह के मध्य में रवाना होने के बाद स्पेस एक्स के कैप्सूल में लौटे ये अंतरिक्ष यात्री पैराशूट की मदद से फ्लोरिडा के तट के पास मैक्सिको की खाड़ी में उतरे।

इन तीन अमेरिकी और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री को दो महीने पहले ही धरती पर लौटना था। लेकिन बोइंग के नए स्टारलाइनर अंतरिक्ष कैप्सूल में समस्या आ जाने के कारण उनकी वापसी में देरी हुई। सुरक्षा चिंताओं के कारण स्टारलाइनर अंतरिक्ष कैप्सूल खाली ही लौटा। इसके बाद तूफान मिल्टन की वजह से समुद्र में खराब हालात और तेज हवाओं के कारण भी उनकी वापसी में दो सप्ताह की देरी हुई। स्पेस एक्स ने मार्च में नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जीनेट एप्स और रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेंकिन को अंतरिक्ष भेजा था। बैरेट ने अपने देश में मौजूद सहायता टीम की सराहना करते हुए कहा, टीम ने हमारे साथ मिलकर पुनः योजना बनाई, पुनः उपकरण लगाए और सब कुछ फिर से किया और इन सभी चुनौतियों से निपटने में हमारी मदद की। उनकी जगह पर गए स्टारलाइन के दो अंतरिक्ष यात्री भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और टेस्ट पायलट बुच विलमोर का मिशन आठ दिनों से बढ़कर आठ महीने का हो गया है।

ज्ञान-विज्ञान

### इस वर्ष की यह तीसरी खगोलीय घटना प्रशांत महासागर के आसमान में घटी

## पृथ्वी के वायुमंडल से फिर से टकराया क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** 22 अक्टूबर को प्रशांत महासागर के ऊपर पृथ्वी के वायुमंडल से एक क्षुद्रग्रह के टकराने की घटना हुई है। इस वर्ष की यह तीसरी खगोलीय घटना है। इस आकाशीय पिंड का आकार 3 फीट माना जा रहा है, जो आसमान में ही जलकर भष्म हो गया।

नासा के सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज संस्था घटना से पूर्व इस क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की सूचना दे दी थी। इससे पहले 5 सितंबर को पहली घटना फिलीपींस के ऊपर वातावरण से टकराया था, जबकि दूसरी 21 अक्टूबर को हुई थी। नासा के अनुसार यह 10वीं बार है, जब खगोलविदों को क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने से ठीक पहले इसका पता चल गया था।



22 अक्टूबर को आसमान से गिरता आग के गोले की तस्वीर।

खगोलीय पिंडों को खोज निकालने में अब तकनीक बेहद उन्नत हो चुकी है। जिसके चलते छोटे से छोटे पिंडों की भी खोज संभव हो सकी है। 22 अक्टूबर की घटना को नासा के एटलस सर्वेक्षण ने प्रशांत महासागर के ऊपर के वातावरण को हानिरहित रूप से प्रभावित करने से पहले ट्रैक कर लिया था। पूर्व में इन छोटे पिंडों को ट्रेस नहीं किया जा सकता था। जिनके पृथ्वी के वातावरण से टकराने का पता ही नहीं चल पाता था। यह ज्ञात अभी तक की 10वीं और इस वर्ष की तीसरी घटना है। ये घटनाएं लगभग नियमित होती जा रही हैं। एटलस, कैटालिना और पैन-स्टार जैसे सर्वेक्षण इन्हें देख पाने में सक्षम हो चुके हैं।

### प्रतिदिन सौ टन धूल गिरती है ब्रह्मांड से पृथ्वी पर

**नैनीताल :** नासा के अनुसार रोजाना पृथ्वी पर 100 टन से अधिक धूल और रेत के आकार के कणों की बमबारी होती है। वर्ष में लगभग एक बार एक ऑटोमोबाइल आकार का क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, जो प्रभावशाली बढ़ा आग का गोला बनाता है, और सतह पर पहुंचने से पहले ही जलकर खाक हो जाता है।

## जयशंकर -डार के बीच कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता ने दी जानकारी

पाकिस्तान ने कहा कि पिछले सप्ताह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन से इतर विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार के बीच कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा बहुपक्षीय बैठकों के दौरान खासकर मेजबान और प्रतिभागी अतिथियों के बीच प्रतिनिधिमंडलों का एक-दूसरे का अभिवादन करना तथा दोपहर एवं रात्रि भोज के दौरान अनौपचारिक बातचीत करना आम बात है।

उन्होंने यहां अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, एससीओ सहित विदेश मंत्रियों के स्तर पर पाकिस्तान और भारत के बीच कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई है। जयशंकर पिछले सप्ताह एससीओ बैठक में भाग लेने के लिए पाकिस्तान गए थे। वह पिछले लगभग एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले भारत के पहले विदेश मंत्री हैं। सूत्रों के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर और डार के बीच दो मौकों पर अनौपचारिक बातचीत हुई, लेकिन द्विपक्षीय संबंधों पर जमी बर्फ पिघलने का किसी तरह का कोई संकेत नहीं मिला। बलोच ने कहा कि पाकिस्तान ने करतारपुर साहिब गलियारे के जरिए गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर, नरोवाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत के साथ हुए समझौते को पांच साल के लिए नवीनीकृत किया है।